राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एवं सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 31, पृष्ठ 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

हरे आम के पेड़ों पर चलाया आरा, पुलिस पहुंची तो ढूंढ में आग लगाकर भाग गया ठेकेदार...03

असम के 24 जिले में असम प्रादेशिक योगी सम्मेलन की भूख हड़ताल कार्यक्रम..12

# महाकुंभ को भव्य, दिव्य, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता, पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद के गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्था प्रमुखों के साथ कुंभ स्टेक होल्डर्स की बैठक आई ट्रिपल सी सभागार में संपन्न हुई जिसमें आगामी कुंभ के दृष्टिगत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद में कराये जा रहे स्थायी कार्यो, कुंभ मेला क्षेत्र के प्रस्तावित लेआउट एवं अस्थायी नगर को बसाने हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में सभी को अवगत कराया तथा सभी स्टेक होल्डर्स को महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु सुव्यवस्था बनाने में मदद करने की अपील की। इस दिशा में उन्होंने सभी स्टेक होल्डर्स से अधिक से अधिक आने वाले श्रद्धालुओं/उनके जानने वालों/परिजनों को जिस रास्ते से वो आ रहे हैं उस जोन पर पडने वाले घाट पर ही स्नान कर वापस जाने की अपील करने को कहा जिससे कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से संगम नोज़ पर अनावश्यक भीड़ बढ़ने से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया की झूंसी की तरफ ऐरावत घाट एवं नाग वासुकी के पास नागवासुकी घाट, जो कि दोनों ही गंगा के तट पर हैं एवं संगम क्षेत्र में आते हैं, वहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सुगम स्नान की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने ट्रैफिक एवं पार्किंग प्लान के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि वे स्नान पर्व पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से उनके रास्ते में पड़ने वाले पार्किंग में ही पार्किंग करने की अपील करें जिससे कि अनावश्यक गाड़ियों को शहर में आने से रोका जा सके। साथ ही यह भी बताया कि शहर एवं मेला क्षेत्र में ई-रिक्शा का संचालन कलर कोडिंग के हिसाब से कराया जाएगा और एक कलर कोड के ई-रिक्शा सिर्फ एक जोन में ही अनुमन्य होंगे।



महाकुंभ के दृष्टिगत इस बार 38 मार्गो का सौंदर्गीकरण कराया जा रहा है जिसमें लैंडस्केपिंग, हॉटीकल्चर, थमेटिक्स डेवलपमेंट एवं सिविल वर्स का कार्य सम्मिलित है। 40 चौराहों की री डिजाइनिंग तथा 2842 पोल एवं 67.5 किलोमीटर रोड पर थिमैटिक लाइटिंग कराई जा रही है। लगभग 15 लाख वर्ग फिट में कलाकृतियाँ एवं 20 हजार वर्ग फिट में म्यूरल विकसित करने के साथ 374 पाकों का जीर्णोद्धार, 316 किलोमीटर मार्गों का नवीनीकरण तथा हरित पट्टी विकसित करने के दृष्टिगत लगभग 2.71 लाख पौधे रोपित किए जा रहे हैं। शहर के चार प्रमुख मार्गों पर 4 थैमैटिक गेट्स, विभिन्न स्थानों पर लगभग 1470 साइनेज तथा जनपद के सौंदर्यीकरण के दृष्टिकोण से 10 मार्गों पर कॉमन फसाड डेवलपमेंट किया जा रहा है।

इस बार मेला क्षेत्र को और वृहद बनाते हुए लगभग 4000 हे0 में बसाया जा रहा है तथा 1800 हे0 में पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा तथा 30 पान्टून ब्रिज बनाए जाएंगे। फूड्ज जोन, थिमैटिक लाइटिंग, 30 अस्थाई गेट, ज्योर्तिलिंग पार्क, स्टेट पवेलियन एवं संस्कृति ग्राम, गंगा पंडाल, कन्वेंशन हॉल तथा कलाग्राम भी बनाया जाएगा।स्वच्छता के दृष्टिगत लगभग 1.5 लाख टॉयलेट्स ऐंड यूरिनल्स लगाए जाएंगे। 120 टिपर, 40 कॉम्पैक्टर्स एवं 10000 सेनिटेशन वर्कर्स की मदद से पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखा जाएगा। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आईसीटी बेस्ड मानिटरिंग की जाएगी।

शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने हेतु चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी देखते हुए नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने अवगत कराया कि "हर दुकान दस्तक अभियान" के अंतर्गत लगभग 2000 दुकानों का चिन्हांकन करते हुए 204 किलो से अधिक प्लास्टिक अब तक सीज की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त "स्वच्छता ही सेवा है" के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को अपने आसपास सफाई रखने तथा प्लास्टिक का यूज न करने हेतु किए जा रहे कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर रखी कॉइन मशीन्स, जिससे ?10 डालकर एक बैग लिया जा सकता है, विभिन्न वेडिंग जोन्स में मिट्टी के बर्तन, पत्तल एवं जूट बैग्स विकल्प के रूप में उपलब्ध कराने जैसे किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी सभी स्टेक होल्डर्स को अवगत कराया। मण्डलायुक्त ने अवगत कराया कि जनपद और मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री बनाने के दृष्टिगत स्कूलों में "प्लास्टिक फ्री अभियान" चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत 4 लाख से अधिक बच्चों को टारगेट करते हुए उन्हें प्लास्टिक मुक्त जनपद बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा एवं अपने घरों में प्लास्टिक का यूज न करने को कहा जाएगा। उन्होंने सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने में सहयोग करने की भी अपील की।

अपर पुलिस महानिदेशक ने अधिक से अधिक यूनिवर्सिटी के बच्चों को जोड़ते हुए उन्हें रोड सेफ्टी, ट्रैफिक मैनेजमेंट एंड रेलवे संबंधित बेसिक ट्रेनिंग देने की अपील की जिससे कि महाकुंभ के अवसर पर ये बच्चे ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं भीड़ प्रबंधन में सहयोग कर सकें। सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन में बांटा गया है जिसमें 56 थाना एवं 155 चौकियां बनायी जायेगी। मेला क्षेत्र के भीतर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त शहर के 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे एवं 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाएंगे।

## पटाखे,बारूद के भण्डारण से पटा मंझनपुर मुख्यालय अफसर बने अनजान

● बीते वर्ष बारूद के पटाखे के भण्डारण से हुए हादसों से अफसर नहीं ले रहे सबक

निर्धारित क्षमता से 500 गुना अधिक एक-एक दुकानदारों ने मंझनपुर मुख्यालय में भीड़ भरे क्षेत्र में कर रखा है पटाखे का भण्डारण

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में दीपावली का पर्व नजदीक आते ही कौशाम्बी की धरती बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई पड़ रही है जिधर देखो उधर बारूद के बड़े-बड़े भण्डारण हो गए हैं निर्धारित क्षमता का कहीं पालन नहीं हो रहा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बे के अन्दर एक दर्जन स्थानों पर बारूद के पटाखे का बड़ा भण्डारण किया गया है इसके साथ ही जिले के अन्य कस्बों बाजार के अन्दर भी बारूद के पटाखे का बड़ा भण्डारण है बीते वर्षो में बारूद के पटाखे में अग्निकाण्ड की घटनाओं से प्रशासन की जमकर फजीहत हुई थी भरवारी कस्बे में तो पटाखा के विस्फोट से 8-10 लोगों की मौत भी हो गई थी लेकिन बीती घटनाओं से प्रशासन सबक नहीं ले रहा है बारूद के भण्डारण की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को बखूबी है कुछ रुपए के लालच में सिपाही पटाखा बेचने वालों का साथ देने पर उतारू है बताया जाता है कि मंझनपुर मुख्यालय में बाजार के अन्दर 300 मीटर के दायरे में सात स्थानों पर बारूद के पटाखे का अलग-अलग बड़ा भण्डारण है सूत्रों की माने तो एक-एक स्थान पर 5 से 10 लाख कीमत का पटाखे का भण्डारण किया गया है जिसे बेचकर मोटी कमाई करने के लालच में पटाखा कारोबारी लगे हैं जिसमें 100 किलो से अधिक बारूद का उपयोग है और यदि दुर्भाग्य से कोई घटना हुई तो बड़ी जनधन की हानि होगी और प्रशासन को जवाब देते नहीं बनेगा समय रहते मामले को प्रशासन को संज्ञान लेना होगा।

कौशाम्बी में जनपद मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न कस्बों में पटाखे के भण्डारण के नियमों का उल्लंघन पटाखा विक्रेताओं द्वारा खुलेआम किया जा रहा है कानून-नियम की बात करें तो आबादी के बीच पटाखे का भण्डारण किसी भी कीमत पर नहीं किया जा सकता गांव के बाहर खाली स्थान पर कच्चे घर में पटाखे का एक सीमित मात्रा में स्टॉक किया जा सकता है लेकिन निर्धारित क्षमता से 500 गुना अधिक पटाखे का भण्डारण एक-एक दुकानदारों ने मंझनपुर मुख्यालय की आबादी के अन्दर भीड़ भरे क्षेत्र में कर रखा है जिले के अन्य कस्बो की भी स्थितियां भी यही है जहां पटाखा भण्डारण के निर्धारित क्षमता से 500 गुना अधिक पटाखे का भण्डार किया गया है बारूद के इस व्यवसाय पर प्रशासन की कड़ी नजर होनी चाहिए लेकिन बारूद के इस व्यवसाय पर पुलिस प्रशासन की नजर कमजोर पड़ रही है या फिर थाना पुलिस अधिकारियों को गुमराह करने पर उतारू रहती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सामुदायिक शौचालय पर लगा ताला




**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मदरहना उर्फ रामनगर टोला मटियरिया में गांव में स्वच्छता अभियान के तहत बना सामुदायिक शौचालय का बुरा हाल है। ग्रामीण शौच लिए बाहर जाने के लिए मजबूर है। जिससे गांव की सड़के गंदगी से सराबोर रहता है। सामुदायिक शौचालय पर अभी तक ग्राम पंचायत का नाम तक अंकित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से यह शौचालय बना है।तभी से ताला लगा हुआ है। शौचालय में न तो टोटी सही है। नल बंद पड़ा है। ऊपर दिखावे के लिए टंकी लगवा दिया गया है। महिला और पुरुष के लिए अलग अलग बने शौचालय में दरवाजा तक नहीं लगाया गया। ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान की मिलीभगत से कागजों में शौचालय संचालित दिखा सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे।

### जनपद न्यायालय में 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक रहेगा अवकाश

**मथुरा।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जिला न्यायालयों में 31 अक्टूबर का दीपावली अवकाश घोषित किया गया है। जबकि जनपद न्यायालय में 31 अक्टूबर का स्थानीय अवकाश पूर्व से घोषित किया गया था। इसको निरस्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर 30 अक्टूबर को छोटी दीपावली का अवकाश रहेगा। इस संबंध में जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग के आदेशानुसार पूर्व घोषित 31 अक्टूबर के अवकाश स्थानीय अवकाश को निरस्त कर इसके स्थान पर 30 नवम्बर को रूप चतुर्दशी, नरक चतुर्दशी, छोटी दीवाली का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। अब जनपद न्यायालय मथुरा में 30 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, छोटी दीपावली, 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व के अवकाश सहित एक से तीन नवम्बर तक अवकाश रहेगा।

## बेखौफ बिना लाइसेंस धड़ल्ले से बिक रही आतिशबाजी



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** शाहाबाद के मुख्य बाजार में दीपावली त्योहार की दस्तक से जहां बाजार में रौनक बढ़ी है ,वहीं बिजली की झालर लटकती दुकानों पर बिजली की बिना परवाह किए, मोमबत्ती, खिले, चिरैय्या, बताशे आदि की दुकानें सजी नजर आती है। धनतेरस की जोरों से तैयारी बर्तनों और ज्वैलरी की दुकानों की साज सज्जा से स्पष्ट होता है कि इस बार भी बाजार गुलजार होगी और विक्री का रिकार्ड बनाने में कामयाब होंगे। वही देखा यह भी जा रहा है कि नगर में आतिशबाजी की बिक्री भी शुरू है। जो नगर की सड़कों पर बिना लाइसेंस के ही लोग धड़ल्ले के साथ बेंच रहे है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। अभी से ही नगर में शाम ढलते ही चहुं ओर कान फोडू पटाखों की आवाज से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। सरकार जहां प्रदूषण संरक्षण के लिए गांवों में पराली जलाने पर सख्ती करती नजर आ रही है किंतु पटाखों का विषैला धुआं स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। जिस ओर पुलिस प्रशासन वेपरवाही के साथ संरक्षण प्रदान करता नजर आ रहा है। बाजार में बीच सड़क पर बेखौफ होकर बेचते आतिश बाजी, जिन्हें रोका जाना शायद प्रशासन के लिए असंभव ही होगा। तभी पुलिस के जवान कुर्सियों पर बैठकर मोबाइल पर व्यस्त अधिकांश समय करते नजर आते है। चाहें नगर की घासमंडी तिराहा हो, चौक सर्राफा बाजार हो या नगर के बस स्टैंड पर पुलिस बूथ के पास पड़ी कुर्सियों पर अधिकांश समय पुलिस के जवान मोबाइल में आंख गड़ाए बेखौफ नजर आते है।

## पंचायत निधि से प्रधान ने लाखों खर्चकर आवासीय योजना के लिए बना दी सरकारी पुलिया

● मुख्यमंत्री से जांच करवाकर सरकारी धन की रिकवरी की ग्रामीणों ने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी।** केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा के बाद भी राजधानी के बीकेटी विकासखंड की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर गाँव का विकास बुरी तरह से प्रभावित नजर आ रहा है। गांव में हो रहे विकास कार्यों में धांधली इस कदर हावी है,कि गांव में जहाँ जरूरत है वहाँ पर कोई निर्माण नहीं हो रहे,जबकि बहादुरपुर मजरे सुल्तानपुर गांव में पंचायत सचिव व प्रधान द्वारा निजी लाभ लेने के उद्देश्य से कई गांवों के जलनिकासी के लिए गांव से निकलकर गोमती नदी तक जाने वाले नाले पर एक अवैध आवासीय योजना को रास्ते के लिए सरकारी धन का दुरपयोग कर दो पुलिया बनवा दी है। ग्राम प्रधान द्वारा पुलिया निर्माण के नाम किए गए सरकारी लाखों रूपये के दुरपयोग की ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से जांच करवाकर सरकारी धन की रिकवरी की मांग की है।

ग्रामीणों की माने तो इससे साफ नजर आता है की ग्राम प्रधान द्वारा गांव में विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर अधिकारियों के साथ बंदरबांट कर सरकारी रुपयों को ठिकाने लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो अधिकारियों से इस बात की शिकायत करने पर भी किसी तरह की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकार द्वारा तो गांवों के विकास के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, मगर अब भी ग्राम प्रधान व सचिव की मनमानी से जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिम्मेदारों द्वारा योजनाओं के लिए मिले धन का उपयोग मनमाने तौर पर किया जा रहा है।जिसका जीता जागता उदाहरण गांव के पास चकबंदी क्रियाओं के दौरान बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के ही अवैध रूप से विकसित की जा रही आवासीय योजना में ग्राम प्रधान द्वारा आवासीय योजना को निजी लाभ पहुंचाने के लिए लाखों रूपये खर्च कर बनाई गई दो पुलिया बनवा दी गई है।ग्रामीणों के मुताबिक लाखों रूपये की लागत से आवासीय योजना को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई इस पुलिया से





ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि इस पुलिया निर्माण से सिर्फ आवासीय योजना को लाभ मिलेगा।अब देखना दिलचस्प होगा कि ऐसे प्रधान पर जो सरकारी धन का दुरुपयोग कर सरकार की छवि को धूमिल करने में लगे हैं, उन पर क्या कार्रवाई होती है।

**इनका कहना है**

किसी आवासीय योजना को निजी लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी धन का उपयोग कर पुलिया का निर्माण नहीं किया जा सकता है। अगर ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में ऐसा किया गया है, तो जांच कर तत्काल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हिमांशु शेखर सिंह
डीपीआरओ लखनऊ

## मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर, जिम्मेदार बेखबर



स्वतंत्र प्रभात

**सण्डीला (हरदोई)।** बेनीगंज थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। क्षेत्र के गांव जरौआ, बेलन्दखेड़ा, टिकुरी, मझिया, सहित कई गांवों में खनन माफिया खेतों की छाती चीरकर जेसीबी मशीन से मिट्टी निकाल कर कोथावां, शिवपुरी तिराहा, हत्याहरण, कल्याणमल चौराहा, भैनगांव चौराहे पर बन रही कामर्शियल दुकानों के निजी प्लाटो में मिट्टी डाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।मिट्टी खनन में लगी जेसीबी,ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट और बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के प्रयोग में लाई जा रही हैं। ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सड़कों पर अवैध मिट्टी से भरी ट्रॉलियां देर रात दौड़ती नजर आती हैं।

इस संबंध में खनन अधिकारी हरदोई व तहसीलदार संडीला से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इस सम्बन्ध में सण्डीला एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया मामला जानकारी में आया है, जल्द राजस्व टीम व संबन्धित अधिकारीयों को भेजकर खनन की गई जगहों को चिन्हित कर खनन कराने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### राशन डीलर की मनमानी की तत्काल करें शिकायत

**जनपद में सरकारी राशन की हैं 823 दुकान**

मथुरा। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि जनपद में 823 उचित दर दुकानें कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से प्रतिमाह कार्डधारकों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जा रहा है। यदि किसी भी उचित दर विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण के समय किसी भी प्रकार की अनियमितता की जा रही है जैसे समय से दुकान नहीं खोलना, पूरी मात्रा में खाद्यान्न न देना, घटतौली करना, खाद्यान्न देने के लिए बार बार परेशान किये जाने संबंधी आदि तो, कार्डधारक उपभोक्ता खाद्य एवं रसद विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001800150 पर इसकी शिकायत कर सकते हैं। सभी उचित दर दुकानों पर उक्त टोल फ्री नम्बर के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय, संबंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षक एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी का मोबाइल नम्बर भी प्रदर्शित है, जिन पर किसी भी प्रकार की अनियमितता के संबंध में शिकायत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नीचे दिये जा रहे विभागीय अधिकारियों के सीयूजी मोबाइल नम्बरों पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## मंडियों में लगे क्रय केंद्रों को देहात क्षेत्र में शिफ्ट कराने की तैयारी, कई बिचौलिया धान खरीद में कर रहे सेंधमारी, चपरासी भी चाट रहे मलाई

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत पूरनपुर** के अलावा जिले भर की मंडियों में लगे सरकारी क्रय केंद्रों को देहात क्षेत्र में शिफ्ट कराने की बिचौलिया योजना बना रहे हैं। मामले में प्रभावशाली लोगों के अलावा कुछ सफेद पोश लगे हुए हैं। पिछले दिनों क्रय केंद्र आवंटन करने के दौरान कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को केंद्र प्रभारी बनाया गया। इसपर चपरासी भी मलाई चाट रहे हैं। इससे ऐसे में यहां आने वाले किसानों को देख इंचार्ज पहले ही गायब हो जाते हैं। इसको लेकर धान खरीद पर सवाल उठ रहे हैं। पूरनपुर मंडी में कई केंद्रों पर इंचार्जो की जगह दलाल खरीद कराने का कार्य कर रहे हैं। धान की कटाई तेजी पकड़ने लगी है। क्रय केंद्र पर मानकों के नियम से परेशान है। राइस मिल और आढ़तों पर समर्थन मूल्य से काफी कम दामों में धान खरीदा जा रहा है। इसके अलावा राइस मिल में समर्थन मूल्य से काफी कम दाम देकर नमी और अतिरिक्त कटौती के नाम पर ठगा जा रहा है। जिम्मेदार जानबूझकगर अंजान बने हुए हैं। खुद की गर्दन बचाने के लिए




अधिकांश राइस मिलर फर्जी बिल पर धान कटौती दर्शा रहे हैं। इससे किसानों में नाराजगी देखी जा रही पूरनपुर व कलीनगर तहसील में सबसे ज्यादा ले हैं।

अधिकांश मिलर हर साल औने पौने दामों में धान खरीद कर स्टॉक लगा लेते हैं। इसके बाद त्यौहार निपटने के बाद सरकारी क्रय केंद्रों से मिलीभगत धान कर समर्थन मूल्य का लाभ लेते हैं। इसके लिए धान बेचने वाले किसानों से पहले ही लालच देकर उन्हें उनसे दस्तावेज ले लेते हैं। पीलीभीत में इस बार धान खरीद के लिए 148 केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन दिनों केंद्र पर पहुंचने वाले किसानों को धान में नमी बताकर वापस किया जा रहा है। दिवाली और आगामी फसल के लिए मजबूर किसान राइस मिलों और आढ़तों पर धान बिक्री करने को मजबूर हैं। हालत यह है कि किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर समर्थन मूल्य से काफी कम दाम देकर धान खरीद की जा रही है। इसके साथ ही कटौती के अलावा दो प्रतिशत अलग का चार्ज लिया जा रहा है। खुद को बचाने के लिए अधिकांश राइस मिलर अपने नाम के बिल की जगह कागज पर ही वजन कटौती का हिसाब लिखकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं। इस बार मिली भगत से समिति के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को क्रय केंद्र प्रभारी बना दिया गया है। मानकों का ज्ञान न होने पर प्रभारी हाजिरी लगाकर केंद्र से गायब हो जाते।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नशीला पदार्थ खिलाकर महिला संग गैंगरेप केस दर्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र की रहने वाली महिला संग गैंगरेप की घटना का मामला सामने आया है।आरोप है कि घटना के बारे में किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की विवेचना सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के स्तर से की जा रही है।इसी थानाक्षेत्र की रहने वाली एक 35 वर्षीय महिला ने तहरीर में बताया है कि बीते साल 31 नवंबर को उनके पति के दोस्त उनके घर आए। उन्हें कहीं घुमाने के बहाने अपने साथ ले गए। आरोप है कि इस दौरान उन्हें खाने-पीने के सामान में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इसका फायदा उठाकर तीनों ने दुष्कर्म किया। साथ ही अप्राकृतिक दुष्कर्म भी किया। उनका अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में किसी से घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुरानी बस्ती पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप, अप्राकृतिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में पैकोलिया थानाक्षेत्र के रहने वाले लल्लन चौहान, जिलाजीत वर्मा व चंद्रभूषण वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## एसीएमओ जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में डॉ. विमल द्विवेदी करेंगे अल्ट्रासाउंड



**बस्ती।** बस्ती जिले के एसीएमओ डॉ. एके गुप्ता को अब जिला अस्पताल में मरीजों का अल्ट्रासाउंड भी करेंगे। जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डीजी हेल्थ के आदेश में यह कहा गया था कि यदि जिले में किसी पद पर तैनात सीएमओ, एसआईसी, एसीएमओ, सीएमएस हैं और उनके पास रेडियोलॉजिस्ट की विशेष विशेषज्ञता की डिग्री है तो उन्हें अल्ट्रासाउंड कार्य में लगाया जाए। आदेश के क्रम में सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने जिला अस्पताल में रोजाना दिन में 11 बजे से दोपहर दो बजे तक डॉ. एके गुप्ता एसीएमओ अल्ट्रासाउंड कार्य करेंगे। वहीं दूसरी ओर जिला महिला अस्पताल में ट्रेनिंग के बाद रेडियोलॉजिस्ट पद पर तैनात रहे डॉ. विमल द्विवेदी को दो माह पूर्व अयोध्या स्थानांतरित कर दिया था।


## बेदखली सूचना

**बेदखल कर्ता** - रंगीलाल पुत्र भोला पता - निवासी ग्राम - हलुआ बाजार, थाना - गौर, तहसील - हरैया, जिला - बस्ती उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हु मै रंगीला अपने चल अचल सम्पत्ति से अपनेपुत्र चन्द्र शेखर पुत्र रंगीलाल सहित तथा इनके पूरे परिवार कोआज से,बेदखल करता हूं भविष्य में कोइ वास्ता नहीं रहेगा।



**बेदखल होने वाले -**

1- चन्द्र शेखर पुत्र रंगीलाल, पता - ग्राम - हलुआ बाजार, थाना - गौर, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश

2- अंजली पुत्री चन्द्र शेखर
ग्राम - हलुआ बाजार, थाना - गौर, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश

3- रानी पुत्री चन्द्र शेखर
ग्राम - हलुआ बाजार , थाना - गौर, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश

4- परी पुत्री चन्द्र शेखर
ग्राम - हलुआ बाजार, थाना - गौर, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश

5- अंकित पुत्र चन्द्र शेखर
ग्राम - हलुआ बाजार, थाना - गौर, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश


# भाजपा नेता सुदामा पाण्डेय ने उठाया एनएचआरएम घोटाले के दोषी बहराइच के पूर्व विधायक की प्रतिबन्धित फर्मों से दवा आपूर्ति का मुद्दा

**● मण्डलायुक्त को सौंपा ज्ञापनः प्रभावी कार्यवाही की मांग**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने विश्व हिन्दू महासभा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ मण्डलायुक्त को सम्बोधित ज्ञापन उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से एनएचआरएम घोटाले के दोषी बहराइच के पूर्व विधायक की प्रतिबन्धित फर्में बलिया से बस्ती तक दवा आपूर्ति कर रही है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के गोण्डा, बहराइच, अयोध्या, आजमगढ़, देवरिया, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, कौशाम्बी व बलिया सहित 30 से अधिक जनपदों के साथ साथ बस्ती मंडल में भी दवा व अन्य स्वास्थ्य संसाधनों की सप्लाई बहराइच जिले के पूर्व विधायक व सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव व उनकी पत्नी व अन्य परिजनों के नाम से संचालित फर्मों द्वारा स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों की मिली भगत से कराया जा रहा है। मंडलायुक्त बस्ती को सम्बोधित शिकायती पत्र उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने मांग किया कि तत्काल ऐसी फर्मों को प्रतिबंधित करते हुए शासन की मंशा के विरुद्ध भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित हो व अब तक नियमविरुद्ध किये गये भुगतान की रिकवरी कराया जाय।

ज्ञापन देने के बाद श्री पाण्डेय ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से मिली पुष्ट जानकारी के क्रम में कुछ अनापेक्षित व ब्लैकलिस्टेड फर्में यहां तक कि सीबीआई से चार्जशीटेड व एनएचआरएम व एनएचएम घोटाले के आरोपी सपा के पयागपुर बहराइच के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव व उनसे सम्बन्धित परिजनों की फर्में सूबे के अन्य जनपदों की भांति बस्ती मंडल के सभी जनपदों में भी दशकों से तैनात चिकित्सक व बाबू तथा मुख्यचिकित्सा अधिकारी की मदद से कार्यरत हैं। जिसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग पूर्व में मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती को पत्र के माध्यम से किया जा चुका है किन्तु कार्यवाही तो दूर आज तक कोई प्रतिउत्तर भी नहीं मिला जबकि बलिया जनपद के संदर्भ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने देवीपाटन मंडल के संदर्भ में पयागपुर बहराइच से भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने तथा अयोध्या के संदर्भ में स्टेट चेयरमैन जनार्दन पाठक ने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से किया है। जिसमें आयुक्त देवीपाटन मंडल के निर्देश में गठित जांच टीम के सदस्य मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा, सिटी मजिस्ट्रेट गोण्डा व वित्त एवं लेखाधिकारी जिलापंचायत गोण्डा ने सिर्फ गोण्डा जनपद में वर्ष 23-24 में माया इण्टर प्राइजेज व जे.एम.फार्मा को 20,65,5340रूपये का नियम विरुद्ध भुगतान का रिपोर्ट जांच कर दिया है। 6 नवम्बर 2023को सचिव उ.प्र.शासन रंजन कुमार ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया था कि प्रतिबंधित व भ्रष्टचार में लिप्त परिवार व उनके एजेंसियों को काम न दिया जाय फिर भी नियमों को ताक पर रखकर ऐसी फर्मों से काम लिए जाना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है।ऐसे में उन्होंने मंडल के तीनों जनपदों में कौन कौन सी फर्में कार्यरत हैं व उनमें कौन कौन सी फर्में प्रतिबन्धित है कि सूची मंगाते हुए अनापेक्षित फर्मों को शीघ्र प्रतिबन्धित कराने व वर्ष 2022 से अब तक इनके द्वारा की गई सप्लाई के सापेक्ष हुए भुगतान के संदर्भ में दोषियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए भुगतान राशि की रिकवरी करानें व एक जनपद में अधिकतम तीन साल के कार्य अवधि के सापेक्ष जनपद में तैनात लोगों को जनपद से बाहर तैनाती सुनिश्चित कराने की मांग किया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि आवश्यकता पडी तो भ्रष्टाचार पर अंकुश हेतु वे उच्च न्यायालय भी जायेंगे।

# बस्ती मंडल के सभी सीएचसी पर खुलेगा कॉल सेंटर-कमिश्नर अखिलेश सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती मंडल के आयुक्त कार्यालय में बृहस्पतिवार को कमिश्नर अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। कमिश्नर ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि प्रसूताओं को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करें। हर स्वास्थ्य इकाई पर ऐसी सुविधा सुनिश्चित हों जहां जाने के बाद मरीजों को बिना लाभ के ना लौटना पड़े। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए कॉल सेंटर खोला जाए। एनएचएम के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि कॉल सेंटर मंडल के सभी सीएचसी पर हो। वहां नियमित ड्यूटी लगाई जाए। प्रत्येक गर्भवती का फीडबैक लिया जाए। उन्हें सभी जांच और सरकारी संस्था में ही प्रसव के लिए प्रेरित किया जाए। टीकाकरण और प्रसव की संभावित तिथि नोट करते हुए संबंधित ब्लॉक अधिकारी को सूचित करें। कहा कि निशुल्क अल्ट्रासाउंड का लाभ प्रत्येक गर्भवती को मिले ऐसा प्रयास किया जाए।

इसके लिए टोकन सुविधा में तेजी लाएं। गैर संचारी रोग अभियान में प्रत्येक 30 वर्ष के ऊपर लोगों की जांच जरूर कराएं। बीपी से लेकर सुगर और अन्य जांच कराएं। समय से उनका उपचार कराते हुए स्वस्थ बनाएं। उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य इकाइयों में डॉक्टर नही हैं, वहा पद भरने के लिए वॉक इंटरव्यू के जरिये एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती कराएं। जेई, एईएस, डेंगू समेत अन्य जांच के लिए पैथालॉजी की व्यवस्था बेहतर हो। ढिलाई न होने पाए। शत-प्रतिशत टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सुनिश्चित किया जाए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिले। इसके लिए प्रेरित किया जाए। जेएसवाई भुगतान, आशा भुगतान समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। निर्माण कार्यों पर तेजी लाने के निर्देश दिए। टेलीकंसल्टेशन में डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहे इसके लिए सभी सीएमओ को सख्त हिदायत दी गई। संचालन एनएचएम के मंडलीय कोआर्डिनेटर अरविंद पांडेय ने किया। इस दौरान एडी हेल्थ बस्ती मंडल डॉ. विनीता राय वर्मा, सीएमओ बस्ती डॉ. आरएस दूबे, डीपीएम बस्ती राकेश पांडेय, डॉ. वीके सोनकर, डॉ. एके वर्मा, डॉ. विनोद कुमार समेत सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर के सीएमओ, यूनीसेफ समेत अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# साधु के वेश में भिक्षा मांग रहे पकड़े गए तीन मुस्लिम हुआ चालान

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थानाक्षेत्र के नरायनपुर के सिसवारी कुंवर ढरियवा गांव में भगवाधारी साधू के रूप में भीख मांगने पहुंचे शक के आधार पर गुरुवार को ग्रामीणों ने पकड़ कर डायल 112 पर काल करके नगर थाना पुलिस को सौंपा है। सभी कथित साधू गुरुवार को ग्राम ठरियवा भेलवल थाना नगर में घर-घर जाकर भीख मांग रहे थे। ग्राम निवासी सोनू सिंह ने साधू जानकर पहले उनको भिक्षा दी।जब इनसे जाति पूछा तो तीनों अपने आप को हिंदू बताने लगे, हिंदू में कौन सी जाति के हैं तो इस बात पर सकपका गए इधर उधर देखने लगे। कड़ाई करने पर तीनों ने बताया कि वह मुस्लिम जाति से जुड़े हुए हैं। इस पर सोनू ने पूर्व ग्राम प्रधान नागेन्द्र सिंह व उनके साथ आए विजयभान सिंह को लेकर नगर थाने पहुंचे। पुलिस से कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पुलिस ने तत्काल सी प्लान एप की मदद से उनके बताए गए पते की पहचान कराई तो तीनों मुस्लिम निकले।

हदीस पुत्र बगेदन निवासी सेमरी थाना गोला गोरखपुर, ललकू पुत्र बगेस निवासी महेशपुर थाना गोला जनपद गोरखपुर तथा फूल मोहम्मद पुत्र सरजान निवासी जगतमाझा थाना एकौना जनपद देवरिया के चिह्नित किए गए। इनके द्वारा ग्रामीण इलाके में भिक्षाटन कहीं कोई बड़ी साजिश तो नहीं है। इसकी भनक मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गई। थानाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत शांतिभंग की धारा 170 के तहत चालान कर मजिस्ट्रेट के पास भेज दिया। बताया कि अभी ग्रामीणों की तरफ से कोई तहरीर उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी उनका शांतिभंग के अंदेशा के तहत चालान कर उनके ऊपर नजर रखी जा रही है। इस मामले में एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि साधु वेश में पकड़े गए संदिग्ध मुस्लिमों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी कुछ बताना जल्दबाजी होगी।

# ग्रामीणों ने सड़क मार्ग निर्माण कराने की उठाई मांग

**● - दो ग्राम सभा को जोड़ने वाली कनौरा गांव की सड़क जोह रही विकास की बाट**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जिले के विकास खंड विशुनपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अहिरौली से सिसवा गोइती को जोड़ने वाली मुख्य संपर्क मार्ग कनौरा तक डेढ़ दशक पूर्व जिला पंचायत से कराई गई एक किमी इंटरलॉकिंग सड़क की तस्वीर बेहद दयनीय हो गई है। ग्राम कनौरा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को टूटी बिखरी सड़क पर खड़े होकर सड़क मार्ग निर्माण का मुद्दा उठाया इसमें शामिल आनंद मिश्र, दयाशंकर मिश्रा, राधे भारती, चेतन गुप्ता, राजकिशोर शर्मा, विद्यार्थी भारती, रामनिवास राजभर आदि द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल एवं जिलाधिकारी से एक किमी आरसीसी सड़क कार्य योजना में शामिल कर अविलंब आरसीसी सड़क निर्माण करवाने की मांग तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिक दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि करीब डेढ़ दशक पूर्व जिला पंचायत कुशीनगर द्वारा सड़क का इंटरलॉकिंग करवाया गया था जो आज टूट कर बिखर गया है, उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत अहिरौली मोड़ राजकुमार यादव के दरवाजे से राजकिशोर शर्मा कनौरा के घर तक सड़क की दशा बेहद खराब हो गई है, दिन तो दिन है रात में साइकिल मोटर साइकिल लेकर चलना बेहद मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर पर चलने वाले ग्रामीण आएदिन दुर्घटना का शिकार होते है।

# योगी सरकार की जीरो टालरेन्स वाली नीति को खुली चुनौती दे रहे डीपीआरओ व सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय

**● भ्रष्टाचारी ऋतुराज पांडे को बचाने में प्रशासन एड़ी चोटी लगा दी है देखना या है सरकार भ्रष्टाचारी सेक्रेटरी पर कब करवाई करती है**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जनपद में योगी सरकार की जीरो टालरेन्स वाली नीति की जिला पंचायत राज अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय द्वारा खुले आम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप पन्द्रह लाख रुपये के घोटाले में कार्यवाही अन्तिम चरण में नहीं पहुँच पा रही है ।जनपद के पंचायत राज विभाग में भ्रष्टाचार का आलम इस कदर बढ़ गया है कि जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने विभाग के पन्द्रह लाख रुपये के घोटाले को छिपाने व तत्कालीन बीडीओ व ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय को बचाने में पाँच साल गुजर गए । भ्रष्टाचार छिपाने में जिला पंचायत राज अधिकारी एण्ड कम्पनी सफल भी रही परन्तु समाजसेवी धर्मेन्द्र की शिकायत ने भ्रष्टाचारियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया । धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राम उजागिर निवासी पकड़ी सोयम विकास खण्ड - रुधौली ने जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती को दिनांक 29-02-2024 को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय के द्वारा की गयी वित्तीय अनियमितता की शिकायत किया था । जिला पंचायत राज अधिकारी ने मामले की जाँच करवाया तो वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई जिसमें सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय द्वारा विकास खण्ड राधौली से स्थानान्तरण के बाद ग्राम पंचायत मझौआ कला के फस्ट खाते से 595284 रुपये , ग्राम पंचायत भरौली से 389718 रुपये व ग्राम पंचायत पैंडा से 519924 रुपये कुल योग रुपये 1504922 का आहरण रुधौली विकास की ग्राम पंचायतों से किया गया है । वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने के बाद विभाग द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है यदि जाँच व कार्यवाही सही दिशा में आगे बढ़ी तो ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय की मुश्किलें बढ़ना तय हैं । फिरहाल जिन भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे होना चाहिए वह जिला पंचायत राज अधिकारी से दुरभि संधि करके खुलेआम अपने रसूख की बदौलत घूम रहे हैं ।

# हुनर हाट मेले का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**जलालपुर अंबेडकर नगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम अम्बेडकरनगर में मिशन शक्ति और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, बाबा बरुआदास और पं. राधे मोहन द्विवेदी जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक श्री राम सहाय ने कहा कि मां व्यक्ति के विकास का आधार होती है और कला व्यक्ति की पहचान ।कला व्यक्ति के जीवन में और जीवन के बाद भी उसे जीवंत रखती है। उन्होंने व्यक्ति एवं समाज के विकास में महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डाला । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर की प्राचार्य प्रो. शुचिता पाण्डेय,बी.बी.डी पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस. बी. सिंह, डॉ. मोतीलाल वर्मा, डॉ देवमणि पाण्डेय, बी एच यू के प्रोफेसर एवं महाविद्यालय के पुरा छात्र प्रोफेसर फतेह बहादुर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने किया। विशिष्ट वक्ता प्रो.शुचिता पाण्डेय ने हुनर हाट को एन.ई.पी के तहत आयोजित होने वाला पहला कार्यक्रम बताया और इस नवाचार के लिए प्रचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय को असीम बधाई। हुनर हाट में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा लिप्पन आर्ट, रेसीन आर्ट, पॉट डेकोरेशन एवं ज्वेलरी आर्ट के अंतर्गत तैयार वस्तुओं की दुकानें लगाई गई। साथ ही विभिन्न पकवानों की दुकानें भी लगीं। इस अवसर पर साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या , बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर, के एन आई सुल्तानपुर के प्राध्यापकों, बाबा बरुआदास इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ.अरविंद यादव, नरेन्द्रदेव इंटर कालेज जलालपुर के प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मीचंद एवं अध्यापकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अंजू तेवतिया , प्रतिमा मौर्य, डॉ. अराधिका, अपूर्वा चतुर्वेदी, गुंजन सिंह, डा.शाजेदा सिद्दीकी आदि ने किया।कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ. अनिल मिश्रा, अखिलेश यादव, डॉ. राजेश उपाध्याय , सुशील त्रिपाठी डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय, डॉ. अमरनाथ, डॉ. पवन दुबे डॉ.कुलदीप सिंह डॉ.चंद्रकेश, डॉ रमेश कुमार, आलोक यादव , विवेक शुक्ल आदि का रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय ने किया।सूचना एवं फोटो संकलन आशीष शर्मा ने किया। उपप्राचार्य प्रोफेसर पवन कुमार गुप्त ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मेले में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र -छात्राओं ने उल्लासपूर्वक प्रतिभाग किया।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सकुशल संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर।** न्यायपंचायत जैतूपुर में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आरम्भ ग्राम प्रधान रामनगर करीं गोविन्द सोनी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ब्लाक व्यायाम शिक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। 100 एवं 200 मी दौड़ में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर गिरण्ट की अंजू यादव तथा गोसाई का पूरा की रिया बालिका वर्ग वहीं रेवली के आदित्य तथा चपरा से शनि ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर संवर्ग में यूपीएस बेला की प्रिंसी, मानिकपुर की आरती बालिका वर्ग तथा प्रियांशू एवं शुभम बालक वर्ग में विजयी रहे। बालिका वर्ग जूनियर खो प्रतियोगिता में कम्पोजिट रामपुर गिरण्ट विजयी रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर बालक में रेवली तथा बालिका वर्ग में गोसाई का पूरा की टीम विजयी रही। जूनियर स्तर पर रामपुर गिरण्ट बालिका तथा बालक वर्ग दोनों में विजेता रही। लम्बी कूद में आदित्य, सचिन प्राथमिक संवर्ग बालक तथा जूनियर संवर्ग बालक में प्रियांशू एवं बालिका में प्रिंसी विजेता बनी। ग्राम प्रधान रेवली अभिषेक सिंह सिंटू ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उदयभान वर्मा द्वारा किया गया। अवनीश सिंह द्वारा खेलों का संचालन किया गया। वरिष्ठ अध्यापक दिनेश सिंह, संजीव कुमार सिंह एवं मनोज कुमार दुबे द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नरेंद्र प्रताप सिंह, संजय वर्मा, पंकज चौधरी, प्रभात चौधरी, सचिन वर्मा, देवदत्त, देवांश प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, अभिनव सिंह, अखिलेश मौर्य, अरूण कुमार पांडेय, अभिषेक वर्मा, मयाराम वर्मा, अवधेश मौर्य, उमाकांत मौर्य आदि अध्यापकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# ग्रामसभा कजपुरा में दो नाम से एक ही व्यक्ति ले रहा हैं बेसकीमती जमीन का लाभ

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के तहसील जलालपुर अंतर्गत ग्राम सभा कजपुरा मे विगत कई वर्षो से एक ही व्यक्ति दो नाम से फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर अपनी हिस्सेदारी दिखा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण वर्ष 2011 में उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में ग्राम सभा अमरतल स्थित गाटा संख्या 400 के विक्रय में दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा के हिस्से की कीमती भूमि का बैनामा जिसकी पहचान शिवपूजन पुत्र बखेडू राम निवासी ग्राम अमरतल ने की है जिसका लाभ दूधनाथ के नाम के व्यक्ति ने लिया और दूसरी तरफ वही व्यक्ति ग्रामसभा कजपुरा में सभापति पुत्र दीनदयाल बनकर स्व दीनदयाल की संपत्ति में जालालपुर तहसील व जिला न्यायालय अम्बेडकर नगर में वाद योजित कर वरासत करवाने हेतु पैरवी कर रहा है जिससे यह स्पष्ट है कि एक ही व्यक्ति दो नामो से दस्तावेज में फर्जी अभिलेख लगाकर लाभ ले रहा है यदि दिनांक 25 फरवरी 2011 को उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में ग्रामसभा अमरतल स्थित गाटा संख्या 400 के बैनामा दस्तावेज में लगे विक्रेता दूधनाथ पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम कजपुरा के फोटो व पहचान पत्र तथा सभापति पुत्र स्व दीनदयाल निवासी ग्राम कजपुरा के फोटो व पहचान पत्र की जांच व मिलान की जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# कृषि विभाग की तरफ से किसानों को मिलेगा उन्नत किस्म के बीज

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर अयोध्या।** कृषि विभाग किसानों को करीब 65 सौ कुंतल गेहूं का बीज वितरित करेगा, किसानों को वितरित होने वाला गेहूं गोदाम पर पहुंच गया है, दीपावली बाद उन्नत प्रजाति का गेहूं का बीज किसानों को पंजीकृत करने के बाद सब्सिडी पर वितरित किया जाएगा। इस बार कृषि विभाग ने गेहूं की बुवाई का लक्ष्य 96 हजार 83 हेक्टेयर रखा है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 1 हजार 917 हेक्टेयर कम है। कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराना है ताकि वे उचित समय पर गेहूं की बुवाई कर सकें और अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। विभाग ने जिन प्रजातियों के बीज की मांग की है, उनमें HD-2967, DBW-187, PBW-154, DBW 222, DBW 303 शामिल हैं। कृषि विभाग का मानना है कि यहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार इन बीजों की बोआई से अच्छे उत्पादन की उम्मीद है।

इस वर्ष जिले में गेहूं की बुवाई का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में 1917 हेक्टेयर कम है पिछले वर्ष 98 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गई थी, जबकि इस बार यह लक्ष्य 96 हजार 83 हेक्टेयर रखा गया है।उपनिदेशक कृषि अयोध्या पी के कनौजिया ने बताया कि करीब 32 सौ कुंतल गेहूं का बीज गोदाम पर पहुंच गया है। जिले के हर गोदाम पर भिजवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष करीब 1917 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहू बुवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि करीब 1000 हेक्टेयर में तिलहन फसल सरसों, चना, मसूर ,मटर की बुवाई कराई जाएगी जिसकी तैयारी चल रही है। इसके साथी करीब 100 हेक्टेयर में मक्के की खेती कराई जाएगी। सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जल्द ही किसानों का रजिस्ट्रेशन करने के बाद बीज वितरित किया जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हरदोई के अनुज ने स्टेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जीता सिल्वर



**हरदोई।** भरावन क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी अनुज कुमार ने स्टेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कोच पंकज कुमार ने बताया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अनुज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अनुज ने कहा कि वह और मेहनत कर अगली बार गोल्ड जीतकर माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहा है। अनुज के माता-पिता ने कहा कि यह सिल्वर उसकी मेहनत का नतीजा है। गांव वालों ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत



**सण्डीला।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के कोथावां-अतरौली मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने वृद्ध महिला के टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अतरौली थाना क्षेत्र के महगवां निवासी माइकिन पत्नी गंगू उम्र 70 वर्ष अपने घर से आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए पैदल गोड़वा जा रही थी।तभी अचानक कोथावां-अतरौली मार्ग पर गढ़ी नेवादा के पास लगे इंटरलॉकिंग प्लांट के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई मौका पाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी कोथावां ले गए जहां डाक्टर ने मृत उसे घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे कल्यानमल चौकी इंचार्ज रितेश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए हरदोई भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में कोतवाल बृजेश कुमार राय ने बताया मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर के आधार वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### वृन्दावन में आज आयोजित होगा 15 वां भव्य विशाल मां भगवती जागरण

**वृन्दावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के आह्वान पर आज आयोजित होगा विशाल मां भगवती जागरण**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में वृन्दावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के तत्वावधान में आयोजित 15 वे विशाल मां भगवती का जागरण शनिवार को 10सी बड़ा पार्क वृन्दावन में आयोजित होगा। वृन्दावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को मां भगवती के विशाल जागरण में गायक आशीष अलबेला , जया शुक्ला एवं वर्तिका तिवारी द्वारा जागरण में भक्तिमयी गीतों की भव्य प्रस्तुति की जाएगी एवं रविवार को समिति के तत्वावधान में विशाल भण्डारा आयोजित होगा।

### मिशनशक्ति को लेकर के लखनऊ पुलिस हुई सजग



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज नेशनल पी जी कॉलेज में बच्चो के माध्यम से जागरूकता अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के पुलिस अपराध और अपराधियों पर जिस तरह से लगाम लगाने पर अपनी तरफ से लोगों को जागरुक कर रही है इस कार्य में मिशन शक्ति को लेकर के अभियान के तहत नेशनल पीजी कॉलेज के बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090,1076,181,112,1098,1930, के बारे में जानकारी दी गई कौन सा नंबर किस सेवा के लिए है डी सी पी श्रीमती रवीना त्यागी मध्य जोन, एडीसीपी मनीषा सिंह, और थाना हजरतगंज की पुलिस मौजूद रही।

## मोहनलालगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बलसिंह खेड़ा में गुणवत्ता के साथ हो रहा इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण

**● - ब्लॉक प्रमुख और पंचायत सदस्य के निरंतर जारी हैं विकास कार्य**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** मोहनलालगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बलसिंह खेड़ा में क्षेत्र पंचायत द्वारा युद्धस्तर पर चल रहे सड़क निर्माण का कार्य काफी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गाँव में जो इन्टरलाकिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है वो काफी बेहतर तरीके व मजबूती के साथ हो रहा है और सामग्री भी मानक के अनुसार लग रही है। सड़क काफी मजबूत तरीके से बन रही है। क्षेत्र पंचायत की निधि से लगभग 150 मी0 नाली व इन्टरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य बुद्धू के घर से सुन्दर लाल के घर तक कराया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा चुनाव में किये गये वायदे के अनुसार विकास कार्य कराने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा प्राथमिक विद्यालय बलसिंह खेड़ा में बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था का भी इंतजाम अपनी निधि से विद्यालय में टंकी लगवा कर कराया जा चुका है। क्षेत्र



पंचायत द्वारा लगातार मोहनलालगंज ब्लॉक क्षेत्र लगातार विकास कार्य निरंतर जारी है।

## वलियों की दरगाहें अमन मोहब्बत का पैग़ाम देती हैं- नूरुल शाह

स्वतंत्र प्रभात

**सण्डीला(हरदोई)।** हिन्दुतान के महान सूफ़ी सन्त हज़रत ख़्वाजा सय्यद निज़ामुद्दीन औलिया महबूबे इलाही देहलवी रह0 के 721वें उर्स मुबारक के अवसर पर नगर के मोहल्ला मंगल बाज़ार में स्थित ख़ानक़ाहे साग़रया चिश्तिया निज़ामिया में अज़मते औलिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।जिसमें क़स्बा की दरगाहों के सज्जादा नाशीनो ने शिरकत की।कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए ख़ानक़ाहे रज़ा के सज्जादा नशीन पीर नूरुल हसन शाह चिश्ती साबरी ने कहा ये वलियों की दरगाहें अमन मोहब्बत का पैग़ाम देती हैं औलियाए कराम की शिक्षा तमाम लोगो के लिए सही रास्ता दिखाने वाली शिक्षा है। उन्होंने कहा की पीरों और सूफ़ियों ने हमेशा सभी धर्मों के सम्मान व सबसे प्रेम की शिक्षा दी है। नायब शहर क़ाज़ी हकीम सय्यद असद ने कहा औलिया अम्बिया के वारिस हैं।क़ुरआन में अल्लाह ने वलियों को अपना दोस्त कहा है। क्योंकि उन्होने अपने अमल से अल्लाह को राज़ी किया।ख़ानक़ाहे मतलूबिया महेतवाना के नायब सज्जादानशीन नूरूल हक़ सफ़वी चिश्ती ने कहा औलियाए कराम की तालीम और पैग़ामें इंसानियत ने हिन्दुस्तान के अवाम पर एक खास असर छोड़ा है।

दरगाह हज़रत साग़र मियां के सज्जादानशीन मुईज़ उद्दीन साग़री चिश्ती निज़ामी ने कहा कि औलिया कराम के ये आस्ताने इल्म और अमल की दुनिया से रोशन हैं। यहां हर धर्म समुदाय के लोगों को फैज़ मिलता है। इसके अलावा फ़रीद उद्दीन अहमद,दरगाह, शफ़ी अहमद साबरी, मुन्ना साबरी,दरगाह दादा मियां के सज्जादानशीन इस्हाक़ अली बाबा खान साबरी, फरहान साबरी,मसूदूल हसन,अनवारुल हक़ ने कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया।चौधरी नदीम साग़री,हाफ़िज़ फ़रहानुल हक़,हाफ़िज़ शाह आलम ने अपना कलाम पढ़ा।संचालन सूफ़ी इक़बाल ने किया आख़िर में हज़रत महबूबे इलाही नज़र ख़्वानी के बाद देश में अमन व शान्ति की दुआ के साथ कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ।

## बज़्म सलाम संदीलवी का 10 वां सालाना आल इंडिया मुशायरा आज

स्वतंत्र प्रभात

**संडीला(हरदोई)।** बज़्म सलाम संदीलवी का 10वां सालाना आल इंडिया मुशायरा आज रात गदौरा रोड स्थित करैरा मार्केट एच0के0 डिवाइन बैंक्वेट्स एंड लॉन्स में आयोजित किया जाएगा। आयोजक डॉ0 जुबैर सिद्दीकी एवं संयोजक दावर रज़ा ने बताया कि जलसा का संचालन आसिम ककोरवी करेंगे व अध्यक्षता प्रोफेसर उमर कमालुद्दीन करेंगे व मुख्य अतिथि प्रोफेसर मुशीर हुसैन सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि वाजिद अली खां (पूर्व चेयरमैन नगर पालिका संडीला) होंगे। मुशायरा में वासिफ फारूकी, सुश्री तरन्नुम कानपुरी, डॉ0 मखमूर ककोरवी, खलील फरीद रायबरेलवी, इरशाद कानपुरी, मुईद रहबर लखनवी, जलाल लखनवी, पपलू लखनवी, आसिम ककोरवी, खलील अख्तर लखनवी, असगर बिलग्रामी, रुस्तम इलाहाबादी, आजम गोंडवी, फारूक आदिल, हुनर रसूलपुरी, वफ़ा बनारसी, अमीर फैसल, मसूद अहमद फहमी, उमर हनीफ लखीम पुरी, कादिर लखीम पुरी, दर्द फैज खान, आरिफ अल्वी, सिराज खान लखनवी, रहबर एज़ाज़ मल्लावां के अलावा स्थानीय कवियों में दुर्वेश संदीलवी, सुहेल संदीलवी, फरीद संदीलवी, दावर रज़ा संदीलवी, हसनैन संदीलवी, शादाब संदीलवी आदि शायरों अपना कलाम सुनाएंगे।

## श्याम बंशी बजाते हो.....या मुझे बुलाते हो...।

**● - माता के जगराते में रातभर झूमे भक्त।**

**हुआ सुन्दर झांकियों का प्रदर्शन, खेली गई फूलों की होली।**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)।** कस्बे के निकट कहारनपुरवा गांव में वृहस्पतिवार को कमलेश कुमार के परिवार के सदस्यों अनिल, संदीप, लकी व रोहित आदि द्वारा आयोजित मातारानी के जगराते में रमा जागरण परिवार लखनऊ के दर्जनों कलाकारों ने सुन्दर सुन्दर भजनों एवं मनमोहक , सुन्दर सजीव झांकियों की प्रस्तुति एवं प्रदर्शन कर श्रोता भक्तों का मन मोह लिया। कलाकारों ने मातारानी के जागरण में अपने सुन्दर भजनों द्वारा जोश भर दिया। पूरी रात भक्त मीठी मीठी तालियां बजाकर, नाचकर, गाकर मातारानी को मनाते रहे।इस बीच विविध प्रकार की मनमोहक, सुन्दर झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। सुबह तारारानी की कथा, आरती व प्रसाद वितरण के साथ जागरण सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में रमा जागरण परिवार लखनऊ द्वारा बहुत ही भव्य एवं सुन्दर माता का दरबार सजाया गया था। आयोजक कमलेश कुमार का पूरा कुटुम्ब बड़ी तन्मयता के साथ पीत वस्त्रों में इस जागरण में मौजूद रहा।पंडित उमेश कुमार गौड़ ने दरबार में माता की ज्योति जगाकर, मातारानी का आवाहन किया तथा विधिवत पूजन अर्चन के बाद मां का जगराता शुरू हुआ।इस मौके पर अनिल कुमार सपत्नीक व पुत्र मुख्य यजमान के रूप में माता रानी की



ज्योति के पास मौजूद रहे। पूरी रात सुन्दर भजनों के साथ कलाकारों ने भगवान गणेश, श्रीराम परिवार, राधा कृष्ण,भगवान शिव ताण्डव सहित विविध झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर फूलों की होली भी खेली गई जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा। मां भगवती जागरण में स्थापित मां के दरबार में भक्त गुरुवार पूरी रात माता रानी के सुन्दर सुन्दर भजनों में मंत्र मुग्ध हो तालियां बजाकर, नाचते गाते मां को मनाते रहे।

## जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2024-25 का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** हरियावाँ,डी सी एम श्रीराम लि0, शुगर यूनिट हरियावां चीनी मिल में पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डोगे में गन्ना डालकर शुभारम्भ किया गया। सबसे पहले गन्ना लेकर आने वाली ट्राली की तौल कराई गई इसके बाद अधिकारियो द्वारा डोगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया गया।इस मौके पर डी.सी.एम. श्रीराम शुगर बिजनेश ग्रुप के कार्यकारी निदेशक श्री रोशन लाल टामक व आशुतोष त्रिपाठी सी.ओ.ओ. व चीनी मिल के इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी ने गन्ना किसानों से चीनी मिल के साथ सहयोग करने की अपील की।

हरियावों चीनी मिल के अन्तर्गत 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती होती है। चीनी मिल के इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी ने बताया कि इस वर्ष 215 लाख कु0 गन्ने की



पेराई का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए उनके द्वारा अप्रैल माह के अंत तक चीनी मिल चलाने का आश्वासन दिया गया है। जिले के वरिष्ट गन्ना अधिकारी संजय कुमार व लोनी चीनी मिल के यूनिट हेड श राजा श्रीवास्तव, व रूपापुर चीनी मिल के यूनिट हेड संजीव कुमार तोमर व नवीन बंसल, डिप्टी यूनिट हेड हरियावा, संजीव वर्मा डिस्टलरी हेड, आलोक मिश्रा महाप्रबन्धक (मा0सं0), अरूण गुप्ता हेड (एकाउण्ट) चीनी मिल के अधिकारी, कर्मचारी व कृषकगण भी उपस्थित रहे व जिला अधिकारी ने उत्तर प्रदेश में गन्ना पैदावार में प्रथम स्थान लाने वाले कृषक नागेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पाटकुँआ व तृत्तीय स्थान लाने वाले कृषक श्याम बहादुर निवासी ग्राम उतरा जिला हरदोई को बधाई दी व कृषकों को तकनीकी विधि से गन्ना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यकारी निदेशक रोशन लाल टामक ने किसानों को तकनीकी विधि से ज्यादा से ज्यादा गन्ना पैदावार करने के लिए विस्तार से बताया व किसानों से चीनी मिल का पेराई लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करने की भी अपील की।

## बेनीगंज पुलिस को बड़ी सफलताहाथ लगी- हत्यारा अभियुक्त गिरफ्तार

**● - कई दिनों से पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी बड़ी सफलता लगी हाथ।।**

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** बेनीगंज थाना क्षेत्र के भगवंतपुर निवासी रामविलास पुत्र पुत्तू लाल अपने खेत को जानवरों का चारा लेने गए हुए थे। इसी समय अज्ञात कर्म के चलते हत्या कर दी गई थी। इस घटना से क्षेत्र में एकदम सनसनी फैल गई थी और दिन की घटना होने के कारण जहां क्षेत्रीय पुलिस की बड़ी चुनौती थी। वहीं पर क्षेत्राधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादोन ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया था। साथ ही बेनीगंज पुलिस को शीघ्र खुलासा



कर अभ्युक्तों की गिरफ्तारी किए जाने के आदेश दिए थे।

जिसके चलते मृतक के भाई ने परिवार के ही दो लोगों पर हत्या करने की नाम पर एफ आई आर दर्ज कराई थी। जिसमें विवेचना के उपरांत कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार राय क्राइम ब्रांच प्रभारी प्रमोद कुमार द्विवेदी नए संयुक्त टीम के साथ छानबीन शुरू की और पता चला कि गांव के ही आशुतोष उर्फ कांत पुत्र हेमंत ने रामविलास की हत्या की है। जिसको पुलिस टीम ने आलकत्ल समेत गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। और पूछताछ में उसने हत्या करने का जुल्म स्वीकार किया है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार राय ने बताया जांच में पता चला की उक्त अभियुक्त इसकी हत्या की है और दूसरों को फसाने की साजिश रची गई थी। जिसको गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।

## हरे आम के पेड़ों पर चलाया आरा, पुलिस पहुंची तो ठूंठ में आग लगाकर भाग गया ठेकेदार

**● - खेत मालिक से पंद्रह हजार में खरीदे दो आम के पेंड़, बिना परमिट के काट कर लाद ले गए**

स्वतंत्र प्रभात



मौके पर छानबीन करते अतरौली पुलिस के कॉन्स्टेबल।


**अतरौली (हरदोई)।** अतरौली थानाक्षेत्र के ग्राम मवई मजरा बहुती में एक आम की बाग में ठेकेदार ने बिना परमिट आम के हरे पेड़ों पर आरा चला दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक ठेकेदार ठूंठ में आग लगाकर लकड़ी लादकर भाग गए। मवई गांव निवासी अशोक ने बताया कि उसके परिवार के ध्रुव से उनका जमीन का बटवारा हुआ था। ध्रुव की जमीन में उसके दो आम के पेंड़ खड़े थे। करीब छः माह पहले उसने दोनों पेंड़ खैरातीखेड़ा निवासी सुरेंद्र पाल ठेकेदार को पंद्रह हजार रुपये में बेंच दिए थे। ठेकेदार सुरेंद्र ने कहा था कि परमिट लेने के बाद वह पेंड़ कटवा लेगा। शुक्रवार को वह सुबह 5 बजे पेंड़ कटवाने लगा तो पूछने पर बताया कि उसने परमिट ले लिया था। इसके बाद किसी ने पुलिस को सूचना कर दी। कॉन्स्टेबल मोहम्मद इरफान और जेसी यादव ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि कार्यवाही की जा रही है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## विधायक ने किया आवासीय बालिका विद्यालय का शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात

**सण्डीला (हरदोई)।** तहसील संडीला के कोथावां विकास खण्ड के झरोइया गांव में आवासीय बालिका विद्यालय का शिलान्यस विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आवासीय बालिका विद्यालय क्षेत्र के लिए विकास की नई किरण साबित होगा। उन्होंने इसका निर्माण कर रहे ठेकेदार से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराया जाए क्योंकि यह लड़कियों के लिए स्कूल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह विद्यालय 1 वर्ष में बनकर तैयार होगा। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि विद्यालय के निर्माण से दूर-दूर की लड़कियां इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेंगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता इंजिनियर प्रदीप कुमार पाल, सहायक अभियंता संजीव कुमार दीक्षित,अवर अभियंता विवेक पांडेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवशेन अवस्थी,भाजपा नेता नरेंद्र



सिंह, अरविंद शुक्ला, अरविंद सिंह उमेश कुमार, गणेश मिश्रा,सोनू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय विधायक ने किया आवासीय बालिका विद्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/ हरदोई-** विधानसभा क्षेत्र बालामऊ के विकास खण्ड कोथावां के अंतर्गत झरोइया गांव में शुक्रवार ग्रामीण कार्य दाईसस्था गामीणअभियंत्रण विभाग द्वारा आवासीय बालिका विद्यालय का बालामऊ विधानसभा क्षेत्र से जनप्रिय वरिष्ठ विधायक उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रामपाल वर्मा के कर कमलोद्वारा किया गया। कार्यक्रम पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा यह संस्था के द्वारा बनवाया जा रहा आवासीय बालिका विद्यालय एक क्षेत्र के लिए नई विकास की किरण साबित होगा। उन्होंने इसका निर्माण कर रहे ठेकेदार से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराया जाए। क्योंकि यह लड़कियों के लिए स्कूल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर ठेकेदार ने अस्वस्थ किया कि गुणवत्ता कार्य पूर्ण तरीके से होगा। इस



स्कूल की लागत लगभग 3 करोड़ 48 लाख होगी। एक वर्ष में ठेकेदार के द्वारा कार्य पूर्ण किया जाएगा। सभा स्थल पर पहुंचने के पूर्व क्षेत्रीय विधायक का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा यह एक सौभाग्य की बात है कि इस गांव में यह कार्यकारी संस्था के द्वारा इसका निर्माण कराया जा रहा है। जिससे दूर-दूर की लड़कियां इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेंगी। यहां पर ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप कुमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश चंद बेनीगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजना भाजपा मंडल बेनीगंज के अध्यक्ष देवसेन अवस्थी, इस मौके पर अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू,भाजपा नेता अरविंद शुक्ला,सत्य प्रकाश शुक्ला,पूर्व प्रधान विनोद वर्मा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार राय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## बीआरसी पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ किया गया संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी की उपस्थित रही। कार्यक्रम के शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई। बैठक का संचालन विशेष अध्यापक विजय कुमार ने किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड लखनऊ से आये अवध किशोर भी मौजूद रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से कहा कि दिव्यांग बच्चों के अंदर किसी भी प्रकार की हीन भावना न आने दे। उन्होंने कहा - दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें। जब यह बच्चे प्रतिदिन स्कूल जाएंगे और प्रतिदिन पढ़ेंगे तभी आगे चलकर अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। जिससे समाज और उनके अभिभावक एवं गुरुजनों को गर्व की अनुभूति होगी। तो वही कोठवा से स्पेशल एजुकेटर संजय मिश्रा ने दिव्यांगता के प्रकारो पर प्रकाश डाला।

वही दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए लखनऊ गवर्नमेंट ब्लाइंड इंटर कॉलेज से बुलाये गये सोनू गुप्ता ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के अधिकारों पर प्रकाश डाला। इसी बीच अभिभावक नादिर अली ने भी दिव्यांगता के प्रति अन्य अभिभावकों को जागरूक किया। विशेष अध्यापक विजय ने जिला पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम



का आयोजन विजय कुमार द्वारा किया गया। जिसमे ब्लॉक कछौना के विभिन्न ग्रामों से दिव्यांग बच्चों सहित उनके अभिभावक शामिल हुये।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं को एसडीएम ने दिये सफलता के टिप्स

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद/हरदोई** शासन के निर्देश पर छात्राओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे कन्या शक्ति समूह के एक्सपोजर विजित कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिलहरी की छात्राएं अपनी वार्डन के साथ और उमरौली के संविलियन विद्यालय की छात्राओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम से तहसील सभागार में मुलाकात की और उनसे सफलता के टिप्स हासिल किये। शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिलहरी और संविलियन विद्यालय उमरौली टोडरपुर की छात्राएं एक्ससपोजर विजिट के अंतर्गत एसडीएम दीक्षा जोशी से मिलने के लिए



शाहाबाद तहसील मुख्यालय पहुंची। यहां पर तहसील सभागार में एसडीएम दीक्षा जोशी ने बालिका विद्यालय की छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें सफलता के टिप्स दिए। इस मौके पर एसडीएम दीक्षा जोशी ने कहा सफलता के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए, निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है। एक बार, दो बार में सफलता नहीं मिलती है लेकिन प्रयास करते रहे। लगातार प्रयास करने से सफलता हासिल जरूर होती है। इसलिए निराशा को अपने पास न आने दें और प्रयास करते रहे। एक न एक दिन आप जरुर सफल होंगे। इस मौके पर बालिका विद्यालय की वार्डन सहित अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**सांडी/हरदोई** ब्लाक परिसर मे किसान मेला एव गोष्ठी प्रदर्शनी और वीज वितरण का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने किसानों से जैविक खाद के प्रयोग पर बल देते हुए केन्द्र सरकार द्वारा किसानो के हितों की योजनाओं को बताया।मुख्य अतिथि अनिल राजपूत ने कहा सरकार द्वारा किसानों के हित में तमाम कल्याण कारी योजनाएं चलाई जा रही है। निशुल्क बीज वितरण से लेकर कृषि में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण पर सब्सिडी दी जाती है।किसानों की आयत दोगुनी करने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। द्वकृषि निदेशक डा0 नन्द किशोर ने किसानो को खेती करने केलिए उपयोगी,जानकारी दी।बीडीओ उदयवीर दुबे ने वर्मी कम्पोजिस्ट की उपयोगिता से कृषि भूमि उपजाऊ बताया।राजकीय बीज भण्डार प्रभारी अशोक कुमार ने किसानो को बीज की उपलब्ध कराया। इस मौके पर ओम ओमर, अशिवनी कुमार, मनोज दीक्षित, रामशंकर कश्यप, अशोक कुमार, श्याम जी शर्मा,आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पाली में रावण दहन के साथ राम लीला का समापन



**हरदोई** पाली कस्बे में आयोजित राम लीला में शुक्रवार को रावण दहन के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने रावण दहन की आतिशबाजी का आनंद लिया। राम लीला के आयोजकों ने बताया कि यह पारंपरिक आयोजन वर्षों से किया जा रहा है, जिसमें रामायण के पात्रों का अभिनय किया जाता है। रावण दहन के साथ इस आयोजन का समापन होता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि राम लीला और रावण दहन से लोगों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा मिलती है और समाज में एकता और सद्भावना का संदेश दिया जाता है।राम लीला के महत्व के बारे में बात करते हुए, आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन लोगों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बी-पैक्स समितियों पर उर्वरकों की उपलब्धता व वितरण को लेकर अधिकारियों के द्वारा किया गया निरीक्षण



**अमेठी।** बी-पैक्स अलाईपुर एवं सेम्बसी समितियों का औचक निरीक्षण सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी तिलोई के साथ संयुक्त रूप से किया गया। बी-पैक्स अलाईपुर में आज प्रेषित किए गये 300 बोरी डीएपी में से निरीक्षण के समय तक 232 बोरी डीएपी का वितरित किया जाना एवं 68 बोरी डीएपी समिति पर अवशेष पायी गयी। बी-पैक्स सेम्बसी में आज उपलब्ध 404 बोरी डीएपी में से निरीक्षण के समय तक 161 बोरी डीएपी का वितरित किया जाना एवं 243 बोरी डीएपी समिति पर अवशेष पायी गयी। उक्त समिति में खतौनी एवं आधार लेकर उर्वरक का वितरण किया जाना पाया गया तथा सम्बन्धित सचिवों को समिति में कृषकों के बैठने की व्यवस्था करने एवं टोकन देकर खतौनी एवं आधार कार्ड के आधार पर संस्तुत मात्रा में दिये गये निर्देशानुसार उर्वरक वितरित करने के निर्देश दिये गये।

## "मिशन शक्ति "के विशेष अभियान- फेज-05 के तहत किया जा रहा कार्यक्रमों का आयोजन



**महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण**

**अमेठी –** पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति" अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद अमेठी के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया ।

## मुसाफिरखाना पुलिस द्वाराअवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**02 जेसीबी एवं 04 ट्रैक्टर को किया गया सीज**

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक सौरभ सिंह यादव थाना मुसाफिरखाना मय हमराही को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मठा भुसुण्डा में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई । पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त के संबन्ध में खनन टीम अमेठी को सूचित किया गया जिसके उपरान्त खान निरीक्षक दुष्यन्त कुमार मय टीम के मौके पर आ गये एवं अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे 02 अदद जेसीबी सं0 क्रमश- P36T9024 व P78G N3504 एवं 04 अदद ट्रैक्टर मय ट्राली मिट्टी लदी हुई क्रमश- 1.आयशर टैक्टर नं0 UP36D7365, 2.महिन्द्रा टैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन नं0 तथा 3.02 पावरट्रक टैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन नं0 को ग्राम मठा भुसुण्डा के पास पकड़ा गया । उक्त वाहन चालकों से खनन की अनुमति व वाहन के कागजात मांगने पर दिखा नहीं सके । थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त वाहनों को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई।

# अरमान, बजरंग, अभिषेक, सुमित, दीपिका, दुलारी, काजल और विशाखा सबसे तेज दौड़ीं

**● परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के चचिया गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अरमान, बजरंग, अभिषेक, सुमित, दीपिका, दुलारी, काजल और विशाखा ने सबसे तेज दौड़ लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान अमरनाथ यादव ने फीता काटकर किया। बीईओ राजीव कुमार ओझा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि खेल आज को बेहतर बनाता है और भविष्य का निर्माण करता है। प्राथमिक स्तर में 50 मीटर बालक वर्ग में दौड़ में अरमान प्रथम, गौरव द्वितीय, आनन्द सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक दौड़ में बजरंग प्रथम, आनन्द द्वितीय, आदर्श ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में अभिषेक प्रथम और आनन्द ने द्वितीय तो रजनीश को तृतीय स्थान मिला। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में सुमित ने प्रथम, रविंद्र द्वितीय और अबसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 50 मीटर की दौड़ में दीपिका ने प्रथम, दुलारी ने द्वितीय विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में दुलारी ने प्रथम आरती ने द्वितीय और श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में काजल ने प्रथम दुलारी ने द्वितीय विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में काजल ने प्रथम, आरती साहू ने द्वितीय व नर्गिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में आशीष ने प्रथम, अंश ने द्वितीय और अनश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में आशीष ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय और नेनशू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में नितेश ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय और शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर की दौड़ में प्रियांशु ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय और दिलीप तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर स्तर बालिका में 100 मीटर की दौड़ चांदनी ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में रोशनी ने प्रथम, शिल्पी ने द्वितीय और पीहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में कौशिन ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय और चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर की दौड़ में शिफा ने प्रथम, आंशिका ने द्वितीय, सानिया और निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर बालक में कबड्डी में प्रथम स्थान कम्पोजिट विद्यालय उगाभद और द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय कुम्हड़ौरा को प्राप्त हुआ। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कबड्डी में प्रथम स्थान कुम्हड़ौरा तो द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय का खजूरगांव को मिला। बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अमिता श्रीवास्तव ने विजेता बच्चों को पुरष्कृत किया। कार्यक्रम में कबड्डी में जूनियर स्तर बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय गौरा रुपई को प्रथम यूपीएस चचिहा को द्वितीय स्थान बालिका वर्ग में प्रथम स्थान, पर चचिहा व द्वितीय स्थान पर लोहारमऊ कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप सिंह व संतलाल ने किया। आभार ज्ञापन प्रवीन कुमार एआरपी द्वारा किया। कार्यक्रम में सुचारू रूप से संपन्न कराने में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार की अहम भूमिका रही। निर्णायक के रूप में मुन्नालाल, राजेश कुमार, राकेश कुमार, धर्मेश कुमार, राजनारायण, श्रीमती अनुराधा, शिव देवी, विनीता, ज्योति बाजपेई, रेनू, सुशीला मिश्रा, उदय राज सिंह, बालगोविंद रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप अजय बाबू पांडे ,उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, पंकज कुमार सिंह, पन्नालाल, संदीप यादव, विजय कुमार शशि सिंह, वंदना शुक्ला, पूनम श्रीवास्तव, राजबहादुर, विश्वास बहादुर सिंह, अंजली सिंह, सुमन, मधु सिंह, रंजना सिंह, सरफराज, अंकित सिंह, राकेश सिंह, सौरभ तिवारी मौजूद रहे।

# धान की सीधी बुआई के प्रक्षेत्र पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**●आईसीएआर के डायरेक्टर, केवीके विशेषज्ञ रहे मौजूद**

**बायर क्रॉप साइंस की तरफ से किसान हुए सम्मानित**

**स्वतंत्र प्रभात**

**डलमऊ/रायबरेली –** किसानों की धान रोपाई पर आने वाली लागत व भूगर्भ जल दोहन की बढ़ती समस्या के कारण बायर क्रॉप साइंस की तरफ से कराई जा रही धान की सीधी बुआई के संदर्भ में आयोजित एक संगोष्ठी में क्षेत्र के हजारों किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में किसानों को सम्मानित करने के साथ ही किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। दीनशाह गौरा विकास खण्ड के थुलरई गांव में आयोजित किसान संगोष्ठी में कानपुर से आये कृषि विभाग के आईसीएआर के डायरेक्टर डाक्टर शांतनु ने कहा कि किसान से बड़ा कृषि वैज्ञानिक नही है , डाक्टर शांतनु ने कहा कि आज देश मे जल संरक्षण में बड़े पैमाने कार्य करने की आवश्यकता है, अगर समय रहते हम सभी जल संरक्षण पर ध्यान नही देंगे तो स्थितियां गम्भीर हो जाएंगी, उन्होंने कहा कि धान की सीधी बिजाई में अगर किसानों ने सहयोग दिया तो इस थुलरई गांव को डीएसआर पद्धति के आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर आर के कनौजिया ने कहा कि जनपद में किसानो की सीधी बिजाई के प्रति रूचि बढ़ रही है, इसके लिए केवीके दरियापुर की पूरी टीम हमेशा प्रयासरत रहती है, किसानों के लिए केवीके दरियापुर की पूरी टीम चौबीस घण्टे उपलब्ध है। उपनिदेशक (मृदा) ने कहा कि जिले में गोरा बाजार स्थित कृषि उपनिदेशक कार्यालय स्थित लैब व अन्य सरकारी लैब में मृदा परीक्षण की व्यवस्था की गई है, किसानों को मिट्टी परीक्षण करवाकर जितनी आवश्यकता है उतने ही उर्वरक डाले जाएं। बायर क्रॉप साइंस के अधिकारियों ने किसानों को डीएसआर पद्धति व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों बदलू प्रसाद, रामसुमेर, रामकुमार, आदर्श कुमार, रामपियारे, कल्लो प्रसाद, नरेंद्र, सहित दर्जनों किसानों का सम्मान भी किया।

इस दौरान संगीता देवंकर बायर क्रॉप साइंस से प्रवीण सिंह, भानु प्रताप सिंह, सतीश सिंह, निखिल सिंह, मनीष सिंह, विनय सिंह, अतुल पांडेय, पंकज तिवारी, मुकेश यादव, जीत सिंह, आदर्श सिंह , प्रेम शंकर, शिवम सिंह सहित किसान रामसजीवन तिवारी , सधोले मिश्र,अनिल मिश्र, रामसजीवन यादव, मनोज कुमार, नरेंद्र, बबलू यादव, रामबरन लोधी, टिंकू सिंह, गोवर्धन सिंह, हरिकेश सिंह सहित बड़ी संख्या किसान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार गुरमा का औचक निरीक्षण किये

**●- बन्दियों को दी जा रही सुविधाओं का लिये जायजा - निरीक्षण के दौरान बन्दियों के सामग्री की ली गयी संघन तलाशी**




**स्वतंत्र प्रभात**

**सोनभद्र /** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने जिला कारागार गुरमा का औचक निरीक्षण किये औचक निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों में जाकर बन्दियों के सामग्री की संघन तलाशी भी ली गयी तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कारागार के बन्दियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी बारी से जानकारी प्राप्त की इस दौरान उन्होंने बन्दियों से सरलता व सुगमता पूर्वक वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी आदि की गहनता पूर्वक जायजा लिया इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा महिला कैदियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी। उन्होंने जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी-बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मिलने-जूलने में हो रही दिक्कतों के बारे में पूछा तो कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों के शिक्षा हेतु बने शिशु गृह के स्थिति का जायजा लिया कारागार में बने अस्पताल बैरक को भी देखा जहां चिकित्सक उपस्थित मिले जिस पर जिलाधिकारी ने चिकित्सकों से बन्दियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए रोजाना बैरक अस्पताल में चिकित्सकों के आने जाने की स्थिति का जायजा लिये। इसी प्रकार से बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन के किचन का निरीक्षण किया गया जहां बन्दियों हेतु बनाये जा रहे रोटी, सब्जी, चावल व दाल केगुणवत्ता को देखा गया और निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर जे0पी0 दूबे, डिप्टी लेजर शशांक सिद्धार्थ, सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# गोविंद पहुँचे न्याय की आस में एसपी दरबार

**●बगैर हस्ताक्षर खाते से दो लाख पंचानबे हजार रुपये गायब।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**सोनभद्र–** घोरावल यूको बैंक से बगैर अंगूठे/हस्ताक्षर से रुपये गायब हो जाने के बाद गोविंद प्रसाद कड़िया निवासी थाना घोरावल पहुंचे न्याय की आस में एसपी दरबार।प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद पुत्र सूर्यजीत निवासी कड़िया कोतवाली घोरावल का यूको बैंक से बगैर हस्ताक्षर के केसीसी ऋण खाते से दो लाख पंचानबे हजार रुपए गायब हो जाने की सूचना पर लिखित शिकायत दर्ज कराने पहुँचे एसपी दरबार।गोविंद प्रसाद ने लिखित शिकायत अनुसार बताया कि गतवर्ष 2023 माह अक्टूबर में 8 लाख केसीसी ऋण यूको बैंक घोरावल से लिया था। जिसमें से वह उसी माह में खेती करने के लिए 5लाख निकाल कर अपने खेती में लगा लिया ।जब प्रार्थी पुनः 23-10-2024 को अपने ऋण का पैसा जमा करने पहुचा तो बैंक प्रबंधक नितेश मित्तल ने बताया कि आप के द्वारा रुपये दो लाख पंचानबे हजार रुपये निकासी की गई है।इतना सुन मेरे पैरों से जमीन खिसक गई।मैं कहने लगा कि मैंने कोई पैसा नही निकाला है।कोई प्रूफ दीजिए।इतना सुन बैंक कर्मियों ने डराना धमकाना शुरू कर दिया।प्रार्थी डर के मारे बैंक से घर आया और आप बीती बताया।फिर प्रार्थी गुरुवार को लिखित शिकायत दर्ज कराने के लिए एसपी दरबार पहुंचा।पुलिस अधीक्षक ने सात्वना देते हुए कहा कि इसकी जाँच की जायेगी।दोषी को बक्सा नही जाएगा।

# खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर खनन कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

**● खनन में नियम के विरुद्ध चल रही मशीनों पर रोक लगाने के साथ खनन में मजदूरों को रोजगार के लिए खान अधिकारी कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सवालों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय समक्ष यूनियन कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन।**




**स्वतंत्र प्रभात**

**सोनभद्र।** शुक्रवार को उ. प्र. खेत मजदूर यूनियन के राज्यव्यापी आवाहन पर यूनियन की जिला कमेटी सोनभद्र ने कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में खनन मजदूरों के साथ जूलुस निकाल कर नारेबाजी करते हुए जिला खनन कार्यालय पर घंटे भर जोरदार प्रदर्शन किया, जहां यूनियन के कार्यकर्ताओं ने खनन क्षेत्र में चल रही मशीनों को बंद कर मजदूरों को रोजगार दिए जाने की मांग की, मौके पर खान अधिकारी उपस्थित हो कर यूनियन के नेतृत्व से मशीनों को बंद करके मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। वहीं यूनियन द्वारा कहा गया है जल्द ही मशीनों को जब्त कर मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को तैयार हैं।

खनन कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद यूनियन का जत्था जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय पंहुचा जहां यूनियन द्वारा कहा कि जाति जनगणना कराने, मनरेगा को इमानदारी से लागू करने, दलित अत्याचारों पर रोक लगाने, खेत मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी आदि मांगों को लेकर आज का आंदोलन है आगे वक्ताओं ने कहा कि आज हमारी मांगे हैं कि पूरे देश में इमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ जाति जनगणना करा कर सदियों से उपेक्षित और बंचित लोगों को उनकी हिस्सेदारी के हिसाब से उनको हक प्रदान किया जाये। विद्युत संशोधन कानून 2022 को तत्काल वापस लिया जाये, इसके साथ ही स्मार्ट मीटर व्यवस्था को हटा कर विद्युत उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए बैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। बटाई पर लेकर दूसरे के खेतों पर खेती करने वाले खेत मजदूरों को भी फसल बीमा का लाभ दिया जाये, इसके साथ ही फसल का नुकसान होने की स्थिति में उचित मुआवजा दिया जाये। मनरेगा के तहत काम करने वाली महिला खेत मजदूरों के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। खेत मजदूरों को 55 वर्ष की उम्र के बाद 5000 रुपये पृति माह पेंशन दिया जाये। सभी खेत मजदूरों को मनरेगा के तहत वर्ष में 200 दिन का काम एवं 700 रुपये पृतिदिन न्यूनतम मजदूरी दिया जाये। मनरेगा में कार्यरत सभी खेत मजदूरों को कार्य स्थल पर शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था करने के साथ ही खेलने व शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। मनरेगा में कार्यरत खेत मजदूरों को कार्य स्थल पर किसी भी खेत मजदूर के निधन पर उसके उपर आश्रित परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता शासन द्वारा पृदान करने की व्यवस्था किया जाये। दलितों, आदिवासियों पर सुनियोजित तरीके से किये जा रहे अंधाधुंध अत्याचार की घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए "दलित अत्याचार अधिनियम " को कड़ाई के साथ लागू किया जाये। सम्प्रदाय एवं जाति विशेष को चिन्हित करके माब लिंचिंग और हत्या की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ ही नफरती तत्वों पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये। बेतहाशा बढ़ती हुई महगाई पर अविलम्ब रोक लगाई जाये। आदिवासी अधिकार मान्यता कानून को कड़ाई के साथ लागू किया जाये। उपेक्षितों और बंचितों पर लगातार पेशाब करने की घटनाओं को अंजाम देकर मानवता को शर्मसार किया जा रहा है ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चला कर शिघ्रातिशीघ्र कड़ी सजा दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये।खेत मजदूरों को पक्का आवास के लिए 15 डिसमिल भूमि देने के साथ ही आवास के लिए 5 लाख रुपये देने व्यवस्था भी किया जाये।किसानों के लिए एम.एस.पी. की गारण्टी सुनिश्चित किया जाये। दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सामाजिक सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित किया जाये।वनाधिकार कानून का सख्ती से पालन कराया जाए और दलितों, आदिवासियों व भूमिहीनों का पट्टा दिलाया जाए।दलितों, गरीबों,आदिवासियों पर वनविभाग द्वारा किए जा रहे शोषण उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए।जनपद सोनभद्र में उच्च शिक्षा के लिए एक अदद कैमूर विश्वविद्यालय और लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए एम्स जैसे संस्थान की स्थापना हो तथा जनपद के बभनी क्षेत्र में छात्राओं के लिए महिला महाविद्यालय स्थापित कराया जाए ।

जनपद सोनभद्र के खनन क्षेत्रों में और नदियों की जलधारा को रोककर नियम के विरुद्ध किए जा रहे जेसीबी , पोकलेन जैसी मशीनों से बालू खनन व मशीनों से ही किए जा ट्रकों पर लोडिंग को तत्काल प्रभाव रोका जाए और स्थानीय मजदूरों को खनन में रोजगार दिलाया जाए ।

उपरोक्त मांगों को लेकर राष्ट्रपति महोदय को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से आर के शर्मा,देव कुमार विश्वकर्मा, अमर नाथ सूर्य, हृदय नारायण गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, बसावन गुप्ता, राम सुरत बैगा, शिव नारायण, अयोध्या प्रसाद खरवार, बीरबल खरवार, जगरनाथ बैगा, बुद्धि राम बैगा, बाबूलाल चेरो, सूरज धरकार, योगेन्द्र कुमार, राम लखन, शिव चरण सिंह खरवार, सितवंती देवी, कलावती देवी, मालती, मान कुंवर, फुलपतिया देवी, कला कुमारी, पुष्पा, रामधनी, मुन्ना धरकार, जगरनाथ गोंड, देव नारायण व विजय कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अडानी फाउंडेशन, ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा द्वारा सलाईबनवा (पनारी) गाँव में हेल्थ कैंप का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**




**सोनभद्र –**सलाईबनवा ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड श्री नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के सलाईबनवा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, और कुल 104 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया, इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है।इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, डाक्टर अरुण चौबे, आंगनबाड़ी नयनतारा देवी, आशा मुन्नी माथुर, चन्द्रभान यादव, ग्राम पंचायत सदस्य भगत देबी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने वर्षों से रुके निविदा की भुगतान के लिए सीडीओ से की शिकायत

**स्वतंत्र प्रभात**



**दुद्धी सोनभद्र।** दुद्धी ब्लाक में तैनात ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा प्रत्येक वर्ष सभी 58 गांव के विकास कार्यों के लिए निविदा का प्रकाशन कराया जाता है, लेकिन जिन समाचारपत्रों में निविदा का प्रकाशन होता है उनसे जुड़े प्रतिनिधियों को भुगतान कराने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते है। अभी कई समाचार पत्रों का भुगतान कई वर्षों से नहीं हो पाया जबकि निविदा का लाभ उठा कर संबंधित सप्लायर अपना कमीशन ले कर मस्त हो गए। 2021 में कोन ब्लाक के बोधाडीह, करहिया आदि गांव में हुए निविदा का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया, निविदा छपवाने वाले सेक्रेट्री का अब ट्रांसफर भी हो चुका है, दूसरे कहते है शीघ्र होगा लेकिन वर्षों बीत गए। उक्त शिकायत उपमुख्यमंत्री के दौरे के दौरान दुद्धी आयी सीडीओ सोनभद्र जागृति अवस्थी से वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय पत्रकारों ने किया। इस दौरान राकेश गुप्ता रमेश यादव रवि सिंह भीम जायसवाल, श्याम अग्रहरि आदि उपस्थित थे।

# सीएचसी शिवगढ़ में शिक्षकों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**शिवगढ़,रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के प्रथम बैच का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। गौरतलब हो कि सरकारी विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित कर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारी दी जानी है। विद्यालय स्तर पर हेल्थ एंड वेलनेस अम्बेसडर बनाया जाना है। एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका को इसके लिए विशेष तौर से प्रशिक्षित कर इसकी जवाबदेही सौंपी जाएगी। प्रत्येक कक्षा से दो-दो छात्र छात्राओं को हेल्थ एण्ड वेलनेस मैनेजर बनाया जाना है। उन्हें भी प्रशिक्षित कर स्वास्थ्य सम्बंधी विशेष जानकारी दी जाएगी। बच्चों में जेंडर, किशोर और किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कुपोषण एवं कुपोषण से होने वाली बीमारियां एवं उससे बचने के उपाय की पूर्ण जानकारी दी जाएगी और इस संदर्भ में जागरूक किया जाना है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षको को खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल मिश्र, सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रेम शरण व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जय राम यादव द्वारा संयुक रूप से प्रमाण पत्र दिए गए, पहले बैच में कुल 40 शिक्षको ने प्रतिभाग किया है।

# बाइक सवार को पीटने के आरोप में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा के निकट तीन युवकों ने एक बाइक सवार युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर तीन युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पूरे दौलत सिंह का पुरवा गांव निवासी रामसजीवन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत 21 अक्टूबर को वह अपनी बाइक से सरेनी की ओर जा रहा था। तभी बेहटा चौराहा के निकट नोखेराय का पुरवा गांव निवासी आशू पंडित, गौरव व नेता ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई की गई।

# कबाब पराठे के दुकान पर मुस्लिम युवक द्वारा भगवा रंग की टी-शर्ट पहनने को लेकर बजरंग दल ने काटा हंगामा

**● -श्यामू की कबाब पराठे की दुकान पर मुस्लिम युवक भगवा रंग पहन कर रहा था काम**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना गुजैनी क्षेत्र के अंतर्गत रामगोपाल चौराहे पर आज एक कबाब पराठे की दुकान पर मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा भगवा रंग की टी- शर्ट पहन कर काम करते पाये जाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर विरोध प्रकट करते हुए हंगामा काटा। इस मामले में विस्तृत जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता ने बताया कि आज सुबह करीब 8.30 पर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग राम गोपाल चौराहे पर एक बउआ कबाब पराठे की दुकान पर मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा भगवा रंग की टी-शर्ट पहन कर काम करने का विरोध कर हंगामा काट रहे हैं। इस



सूचना पर थाना प्रभारी गुजैनी तथा चौकी प्रभारी गुजैनी तुरंत वहां पहुंचे। और वहां लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत किया गया। मामला दरअसल यह हुआ कि श्यामू नाम के एक व्यक्ति की कबाब पराठे की दुकान रामगोपाल चौराहे पर है जहां उसने कल्लू नाम के लड़के को अपनी दुकान पर काम करने के लिए लगा लिया था जो कि मुस्लिम समुदाय से हैं। कल्लू भगवा रंग की टी-शर्ट पहन कर काम कर रहा था। यह




मामला जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मालूम पड़ा तो वह वहां जाकर हंगामा काटने लगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का साफ आदेश है कि कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर दुकान पर काम नहीं करेगा। तो फिर ये किस तरह इस रंग की टी-शर्ट पहन कर काम कर रहा है। पुलिस ने बताया कि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लिखित शिकायत की है और उसपर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सीसामऊ से भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने किया नामांकन

**● -भाजपा ने एक बार फिर से सुरेश अवस्थी पर भरोसा किया है, 2017 में भी पार्टी ने सुरेश अवस्थी को उतारा था।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट के उपचुनाव में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने अपना नामांकन कर दिया। सुरेश अवस्थी के साथ नामांकन जुलूस में सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, सांसद विधायक, मेयर, एमएलसी, पूर्व विधायक आदि मौजूद थे। सुरेश अवस्थी को कल पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया था। जब से ही कानपुर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक नई उर्जा भर गई है। सुरेश अवस्थी को भारतीय जनता पार्टी ने 2017 में भी प्रत्याशी बनाया था। लेकिन उस बार उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इस बार भी सुरेश अवस्थी का नाम आगे चल रहा था। लेकिन



दलित प्रत्याशी को लेकर पार्टी में कुछ असमंजस था और बीच में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पार्टी यहां से दलित वोट के लिहाज से दलित प्रत्याशी दे सकती है।

आज सुबह बड़े लाव-लश्कर के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कानपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन जुलूस में सुरेश अवस्थी के साथ कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी, विधायक अभिजीत सांगा, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, मेयर प्रमिला पांडेय, विधायक सरोज कुरील आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। अब यह निश्चित हो गया है कि सीसामऊ विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी का



मुकाबला सीधे समाजवादी पार्टी से ही होगा। क्योंकि बसपा ने ऐसा कोई उम्मीदवार नहीं दिया है जिसकी चर्चा विधानसभा क्षेत्र में हो रही हो।

# स्टेट बैंक फ्राड में चार और पकड़े गए बैंक मैनेजर ने किया था फ्राड

**● -पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव ने किया था एक करोड़ 78 लाख से अधिक रुपयों का फ्राड**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना सीसामऊ के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक की जीटी रोड शाखा में पूर्व बैंक मैनेजर द्वारा किए गए फ्राड में संलिप्त चार अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्टेट बैंक की पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव और उसके पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आज 25 अक्टूबर को अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र राम सनेही नि. लक्ष्मीपुरवा थाना रायपुरवा कानपुर नगर उम्र 36 वर्ष (सह / उप संचालक), धीरेन्द्र उमराव पुत्र राम सनेही नि. लक्ष्मीपुरवा थाना रायपुरवा कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष - सीएसपी




संचालक, विनोद कुमार पुत्र स्व. छन्नू नि शिवराजपुर थाना जाफरगंज फतेहपुर हाल पता लक्ष्मीपुरवा थाना रायपुरवा कानपुर नगर उम्र 54 वर्ष, अजय कुमार पुत्र स्व. राजाराम नि. शिवकटरा थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 37 वर्ष को आज टेनरी तिराहे के पास पकड़ के पेड़ के नीचे चाय की दुकान के सामने से गिरफ्तार किया गया।

घटनाक्रम के अनुसार एसबीआई बैक प्रबन्धक प्रवीण शाखा जीटी रोड द्वारा दिनांक 06 जनवरी को पूर्व शाखा प्रबन्धक ज्योति यादव व अन्य के विरूद्ध फ्राड का मुकदमा थाना सीसामऊ पर पंजीकृत कराया गया था । जिसमें पूर्व शाखा प्रबन्धक द्वारा खाता धारको के पीपीएफ एकाउंट में छेड़छाड़, कूट रचना करते हुए अपने कुछ सहयोगियों के नाम पर उक्त खातों को मर्ज करके खाता धारकों की धनराशि करीब 1, 01, 78, 080 रुपए को अपने सहयोगियों तथा अन्य ग्राहकों के खातों को प्रयोग करते हुए स्थानांतरित कर अपने पति के खाते में भेजकर गबन किया गया है । विवेचना से अभियुक्ता उपरोक्त पर लगाये गये आरोप के क्रम में साक्ष्य संकलन से अभियुक्त द्वारा किए गए अपराध पूर्णतया सत्य पाया गया है ।

# भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के नामांकन मे उमड़ी भारी भीड़

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनका नामांकन जुलूस सरसैया घाट से उठाया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद और विधायक शामिल हुए। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुरेश अवस्थी का स्वागत किया। इसके बाद जुलूस विभिन्न रास्तों से होकर गुजरा, जहां लोगों ने सुरेश अवस्थी का समर्थन किया। जुलूस में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, जिनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, वित मंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल शामिल थे।

भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि वह सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सुरेश अवस्थी को जीत के लिए आश्वस्त किया और कहा कि वह सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के कई



कार्यक्रम चलाए हैं और सुरेश अवस्थी इन्हें आगे बढ़ाएंगे। नामांकन जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुरेश अवस्थी का समर्थन करने के लिए नारे लगाए और उनके लिए वोट मांगे। जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि वे सुरेश अवस्थी को जीत दिलाने के लिए काम करेंगे और सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के विकास में उनका साथ देंगे। सीसामऊ उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा और परिणाम 20 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।भाजपा को उम्मीद है कि अबकी बार डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की बदौलत भाजपा का परचम इस उपचुनाव में फहरेगा।

नामांकन जुलूस में जिलाध्यक्ष उत्तर, दक्षिण दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, एमएलसी सलिल विश्नोई, एमएलसी मानवेन्द्र सिंह, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, विधायक निलीमा



कटियार, विधायक महेश त्रिवेदी, प्रकाश वीर आर्य, नवीन पंडित, दिलीप सिंह, मुरली आहुजा, सुनील बजाज,अरूण पाठक, सुरेन्द्र गेरा, भूपेश अवस्थी,डा.सन्तोष अरोडा, प्रबोध मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, अनूप अवस्थी आदि रहे।

# आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से अभियुक्त को घर व दुकान से चोरी गये माल के साथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना हनुमंत बिहार के अंतर्गत नकबजनी कर एक दुकान व घर से चोरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने माल समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए हर घर कैमरा के कारण थाना हनुमंत विहार पुलिस द्वारा कैमरों की सीसीटीवी फुटेज को चैक कर घटना का सफल अनावरण किया गया। थाना हनुमंत बिहार में धारा 305/331(4) के तहत एक अज्ञात अभियुक्त के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज किया गया था। तलाश के क्रम थाना हनुमंत विहार पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से दिनांक 24 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर सचान इन्टरप्राइजेज



के पास बाबा जोगेश्वर धाम मंदिर के समीप से उपरोक्त मुकदमे से संबन्धित चोरी गये माल 16150 रूपये नगद व वर्तन साफ करने वाले 12 अदद जूने व 87 अदद बजाज आलमाण्ड ड्राप्स हेयर आयल की पाउच व एक आधार कार्ड को बरामद किया। अभियुक्त उदित शर्मा पुत्र ओमकार नाथ शर्मा निवासी हनुमंत बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# आईजीआरएस को प्राथमिकता से लें - पुलिस उपायुक्त पूर्वी

**● -आईजीआरएस के आवेदकों को भली-भांति संतुष्ट करें**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 25.10.2024 पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा आईजीआरएस का कार्य थाने, जोन स्तर पर देख रहे अधिकारियों, कर्मचारीयों की पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यलय पर मीटिंग ली गई जिनको शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के संबंध मे अवगत कराया गया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण हेतु जो अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त है उनको भली प्रकार से ब्रीफ़ किया गया। निस्तारण के संबंध मे बताया गया कि प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करे। आवेदक को भली





प्रकार से संतुष्ट किया जाये। सुधारात्मक कदम हेतु बार बार आने वाली शिकायतों की मूल कारणों की पहचान कर उनके समाधान के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाए।

# बालिका की मृत्यु की जांच में होगी मजिस्ट्रियल जांच

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अपर नगर मजिस्ट्रेट (षष्टम) कानपुर नगर विवेक कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी, कानपुर नगर की आख्या दिनांक 04.जुलाई, 2024 के सन्दर्भ में, जिसके द्वारा संस्था राजकीय (बालिका) यूनिट -2 ख्योरा, नवाबगंज कानपुर नगर में आवासित निराश्रित बालिका काजल उर्फ जलाधरी पुत्री हेमचन्द्र, उम्र 17 वर्ष, निव-अज्ञात क्षय रोग से पीड़ित थी, जिसका मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय से निरन्तर उपचार चल रहा था, बालिका काजल की तबीयत अचानक बिगड़ने पर मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय कानपुर नगर में भर्ती कराया गया, जहाँ उपचार के दौरान दिनांक- 27 जून, 2024 को अपरान्ह लगभग- 03:00 बजे बालिका को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया। संस्था में आवासित बालिका काजल की मृत्यु की मजिस्ट्रेटियल जांच कराया जाना अति आवश्यक उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर के पृष्ठांकन दिनांक-08 जुलाई, 2024 के द्वारा प्रकरण की जाँच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु अपर नगर मजिस्ट्रेट (षष्टम) कानपुर नगर को जांच अधिकारी नामित किया गया है । यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में अपना साक्ष्य अथवा बयान देने हो तो वह कार्यालय में 15 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस में समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उपस्थित होकर अपने साक्ष्य/ बयान प्रस्तुत कर सकता है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुआ। उन्होने निर्देश दिया कि राजकीय प्रसव ईकाइयों पर संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा हेतु प्रत्येक ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एक काल सेण्टर स्थापित किया जाय। काल सेण्टर पर रोस्टर के आधार पर एक-एक स्टाफ नर्स/एएनएम की ड्यिूटी लगायी जाय। उन्होने यह भी कहा कि आरसीएच पोर्टल से साप्ताहिक आधार पर गर्भवती महिलाओं की सूची ब्लाक डीईओ द्वारा काल सेण्टर के संबंधित स्टाफ नर्स/एएनएम को उपलब्ध कराया जाय। प्रत्येक दिन काल सेण्टर पर तैनात स्टाफ द्वारा प्राप्त सूची में दर्ज गर्भवती महिलाओं से कम से कम 25 महिलाओं से प्रतिदिन सम्पर्क किया जाय। उन्होने यह भी कहा कि सीएमओ स्तर से एवं जिला स्वास्थ्य



समिति की बैठक में प्रत्येक माह ईकाइवार काल सेण्टर की प्रगति की समीक्षा की जाय। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, मेटर्नल डेथ रिब्यू रिपोर्ट, फैमली प्लानिंग की समीक्षा करते हुए समस्त एमओआईसी को निर्देशित किया कि डाटा को पोर्टल पर अद्यतन रखा जाय। बैठक का संचालन डीपीएम राकेश पाण्डेय ने किया। इसमें सीएमओ आर.एस. दुबे, पीडी राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, बेसिक शिक्षाधिकारी अनूप तिवारी, समस्त बीडीओ व सीडीपीओ तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त ख़बरें

## हनुमंत बिहार पुलिस ने बाइक समेत दो चोरों को भेजा जेल



**कानपुर।** हर घर कैमरा,आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से हनुमंत विहार पुलिस ने एक बाइक समेत दो चोरों को गिरफ्तार किया है। 24 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर थाना हनुमंत विहार पुलिस ने उपरोक्त मुकदमे से संबन्धित अपाचे मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर UP78G K2575 रंग सफेद को परिसर गल्ला मण्डी गेट नं. 01 की दाहिनी तरफ गोदाम के पास थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर से बरामद किया। अभियुक्तों निखिल पुत्र संजय नि. ग्राम झझरी, थाना- दही जनपद उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष, युवराज गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी मण्डी गेट नम्बर 01 दूसरे चौराहे के पास थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर उम्र लगभग 21 वर्ष के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## नसीम सोलंकी ने द्वितीय सैट नामांकन हसन रुमी के साथ किया



**कानपुर।** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने परसों नामांकन किया था। उस नामांकन में सपा जिलाध्यक्ष फ़ज़ल महमूद और विधायक अमिताभ बाजपेई साथ थे लेकिन अमिताभ बाजपेई खुश नहीं थे। और विधायक हसन रुमी उपस्थित नहीं थे। बीते दिनों सपा के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में कानपुर में एक बैठक में फ़ज़ल महमूद और विधायक हसन रुमी के बीच काफी तकरार हुई थी। और अब वह खुल कर सामने आ चुकी है।

## वांछित चल रहे अभियुक्त को दबिश देकर पकड़ा




**कानपुर।** थाना कल्याणपुर पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने एक मामले में वांछित चल रहे अपराधी को दबिश देकर पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक कल्याणपुर द्वारा गठित टीम ने दबिश देकर थाना पर पंजीकृत मुकदमे में धारा 109(1)/352 / 351 (3) बीएनएस में वांछित चल रहे अभियुक्तों अमर सिंह उर्फ अमरपाल पुत्र स्व. मनफूल उम्र करीब 55 वर्ष, विपिन पाल पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी नया शिवली रोड कल्याणपुर खुर्द थाना कल्याणपुर कानपुर नगर को आज 25 अक्टूबर को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मीरजापुर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज न्यायालय अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 में 397-मझवां विधानसभा उप निर्वाचन-2024 हेतु दिनांक 18 अक्टूबर 2024 से चले रहे नामांकक्ष के बारे में जानकारी लेते हुए सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित मजिस्ट्रेट व अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह उपस्थित रहें।

## प्रेक्षकगणों को आम जन मानस दे सकते हैं अपने शिकायत व सुझाव

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल मण्डल 25 अक्टूबर 2024- 397-मझवां विधानसभा उप निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 प्रेक्षक महोदय का जनपद आगमन हो गया हैं। मा0 प्रेक्षक महोदयगण अष्टभुजा गेष्ट हाउस मीरजापुर में जन सामान्य हेतु उपस्थित रहेंगे। श्री श्रवण कुमार जाटवथ मा0 सामान्य प्रेक्षक 05442-297620 मोबाइल नम्बर-7755803507 एवं श्री राम चन्द्र मराण्डी मा0 व्यय प्रेक्षक 05442-297820 मोबाइल नम्बर-7521811827 हैं। मा0 प्रेक्षकगणों द्वारा अष्टभुजा निरीक्षण गृह विन्ध्याचल मीरजापुर में प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक आम जन मानस/ राजनैतिक दलों के पदाधिकारी गण निर्वाचन से सम्बंधित अपने शिकायतों व सुझाव दे सकते हैं।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु प्रतिबद्ध है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-निवेदिता अस्थाना

**बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण से ही होगा समग्र भारत का विकास-सचिव निवेदिता अस्थाना**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही सचिव निवेदिता अस्थाना के नेतृत्व में संचालित महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान के पाँचवे चरण के अन्तर्गत इन्द्रावती देवी इण्टर कालेज ज्ञानपुर भदोही में दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण संवधि अधिनियम, गर्भ चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम प्रसवपूर्व और पूर्वगर्भाधान निदान तकनीक अधिनियम



1994 आदि के अन्तर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही सुश्री निवेदिता अस्थाना, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुधन कन्नौजिया, रागिनी तिवारी एडवोकेट एवं अभिषेक दूबे प्रबन्धक एवं समस्त अध्यापक इन्द्रावती देवी इण्टर कालेज एवं संदीप दूबे एलएडीसीएस भदोही के साथ-साथ अन्य प्रतिभागीगण उपस्थित रहे। उक्त जागरूकता शिविर में उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य विशेषज्ञों के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान के पॉचवे चरण के संचालन के संबंध में जानकारी/जागरूकता प्रदान की गयी।

# सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी का नामांकन सेटों के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष आदर्श चुनाव आचार संहिता के साथ दाखिल

**● -इंडिया गठबंधन के साथ पीडीए मिशन की युवा टीम के साथ अधिवक्ता उपस्थित रहेअन्याय का जवाब सीसामऊ के मतदाता देंगे, प्रभारी पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार यूनिट आईडीवीवी पैठ की सूची पीड़ीए टीम बूथों पर प्रशिक्षण देगी - हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** शुक्रवार 213 सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी श्रीमती नसीम सोलंकी ने तीन सेटों के साथ नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष चुनाव आदर्श आचार संहिता के साथ दाखिल किया नामांकन दाखिल करने के प्रस्थान के समय सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने इंडिया गठबंधन व कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम का स्वागत कर एकता का संदेश देकर पीडीए मिशन की तैयारी की प्रशंसा की। प्रदेश प्रभारी राजेंद्र कुमार विधायक जी ने कार्यालय में संबोधन में कहा कि अन्यान्य का जवाब सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता देंगे क्योंकि जिस अन्याय के साथ केडीए नोटिस भिजवा रही है बिजली के बिल बढ़ाकर भेजे जा रहे हैं इस तरह का जो उत्पीड़न भाजपा कर रही है उसका जवाब मतदाता अपने मतों से देंगे सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन ने कहा कि इंडिया गठबंधन के साथ पीड़ीए मिशन की युवा टीम के साथ अधिवक्तागणो से कहा कि बीजेपी इंडिया गठबंधन से घबराकर जनता के साथ अन्याय कर रही है जनता को सुविधा देने के बजाय उपेक्षा तथा मलिन बस्तियों में बढ़ते बुखार से पीड़ित लोगों को राहत देने के बजाय बढ़ती गंदगी से आंखें मूंदे है जिसकी वजह से शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है

सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पीड़ीए मिशन की चुनाव की तैयारी के लिए यूनिट की आईडीवीवी पैठ सूची सौप दी है जो ई वी एम का प्रशिक्षण कराकर मिशन को तैयार करेंगे जिन्हें 275 बूथों में सक्रिय किया जाएगा । प्रमुख रूप से कांगेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सह प्रभारी सुनील सिंह साजन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक सजीव दरियाबादी, सह प्रभारी गजाला लारी, सांसद राजा रामपाल,पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रुमी, पूर्व विधायक सतीश निगम, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, अवनीश सलूजा,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन, नीतेंद्र यादव, ओमप्रकाश मिश्रा, अर्पित यादव, नंदलाल जयसवाल, आंनद शुक्ला, महेन्द्र सिह,सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, राहुल यादव, दीपक खोटे, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, मुमताज मंसूरी, सुलेखा यादव, सिंपल सिंह, पूजा यादव, दीपा यादव, दीपिका मिश्रा, दीप शिखा सिंह, मनोरमा त्रिवेदी, महिमा शर्मा, वरुण जयसवाल, वरुण यादव, उदय द्विवेदी, शरद पांडेय आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक का आयोजन किया गया




**मितौली खीरी।** विकासखंड मितौली स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में कस्ता विधानसभा भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक का आयोजन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर व जिला अध्यक्ष सुनील सिंह विधायक सौरभ सिंह सोनू के मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने सदस्यता अभियान को लेकर आए हुए सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी लोग भाजपा सदस्यता अभियान के तहत जो लक्ष दिया गया है भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह किया ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर भाजपा से जोड़ने का कार्य करें ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, से सहयोग की अपेक्षा की गई है। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, मैगलगंज श्याम किशोर और पग्गू तिवारी , मंडल अध्यक्ष कस्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमशाद अली, डायरेक्टर अमित सिंह, मास्टर दिनेश कुमार, प्रदीप शुक्ला, खिवराज, विपिन, बलवीर यादव, भरत सक्सेना, रामगोपाल अर्कवंशी, मनोज मिश्रा, राजीव दीक्षित, नवनीत कुमार मिश्रा, रामदास, सुनीत माथुर, मनोज कुमार सहित काफी संख्या में भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ता सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### सवालों के घेरे में स्वच्छ भारत अभियान, कूड़ादान खुद बया कर रहा है अपना काम।

**बेहजम खीरी–** जिले के अंतर्गत ब्लॉक बेहजम के ग्राम पंचायत नीमगांव में ग्राम पंचायत में सड़कों और रास्तों पर लगे गंदगी के अंबार स्वच्छता अभियान की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। नीमगांव में गांव की सड़कों एवं मुख्य चौराहों पर गंदगी के बड़े बड़े ढेर दिखाई देते हैं। खास बात यह कि विकास के नाम पर लाखों खर्च करने के बावजूद भी गंदगी और परेशानी दूर नहीं हुई। वहीं जब इस मामले पर यहां के स्थानीय लोगों से बात की तो ग्रामीणजनो ,महिला ,पुरुष , सभी ने अपनी अपनी परेशानी बताई और प्रशासन पर आरोप लगाए कि वह गंदगी के बीच रह रहे हैं। उनकी समस्या सुनने के लिए कोई भी अधिकारी आज तक नहीं पहुंचा। जनपद से लेकर जिला के अधिकारियों तक उन्होंने आवेदन प्रस्तुत किए लेकिन आज तक ना कोई सुनवाई और ना कोई कार्रवाई की गई।सचिव को सवालों के घेरे में खड़ा करते हुए स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार इस ओर ध्यान देते तो शायद इस कीचड़ और गंदगी से जूझ रहे ग्रामीण जनों को यह मुसीबत ना आती। वायरल बुखार,सर्दी ,जुखाम ,खांसी बुखार ऊपर से गंभीर बीमारियों के बीच भी अगर इस तरह की गंदगी से ग्रामीण रोजाना आना जाना करेंगे तो फिर आम बात है कि उनका बीमार होना तय है।

### कंटेनर से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत



**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर संसारपुर में शिव मंदिर के पास एक कंटेनर के टक्कर मार देने से बाइक सवार युवक की जान चली गई। यह घटना शुक्रवार को दोपहर में हुई। बाइक सवार 25 वर्षीय सुमित उर्फ अभिषेक शुक्ला पुत्र भानु शुक्ला निवासी लिधौरा थाना गोला को रौंद दिया। जिससे अभिषेक शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें संसारपुर चौकी प्रभारी ने अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया।मृतक युवक के पिता भानु शुक्ला ने बताया कि उनका पुत्र अभिषेक शुक्ला शुक्रवार की सुबह खुटार किसी काम से जा रहा था, अचानक संसारपुर कस्बे के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर रौंद कर फरार हो गया। युवक की मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया और लोगों का हुजूम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकट्ठा होने लगा। सूचना पर पहुंचे नानक चौकी इंचार्ज ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक युवक के पिता भानु शुक्ला गोला कोतवाली में होमगार्ड के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

# गायिका संजोली पांडे के लोकगीतों पर थिरके लोग


स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर –** शहर के एतिहासिक दशहरा मेंला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बृहस्पतिवार को भारतीय अवधी समाज व नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में अवध संध्या का कार्यक्रम यादगार रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने नगर पालिका परिषद व भारतीय अवधी समाज की अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव तथा ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह व पीके गुप्ता के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उद्घाटन सत्र में मेला अध्यक्ष श्वेता शर्मा व बजरंग शर्मा नें पर्यावरण मित्र समूह के सदस्यों व भारत विकास परिषद की अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय अवधी समाज के जिला महासचिव प्रदीप कुमार गुप्ता के साथ संयोजक मंडल के सदस्य भी मौजूद रहे, इसी दौरान संजोली पाण्डेय को भारतीय अवधी समाज लखीमपुर की ओर से अवध रत्न सम्मान दिया गया। ये सम्मान नगर पालिका व भारतीय अवधी समाज की अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तस्व व महासचिव डा.प्रदीप कुमार गुप्ता व अन्य सदस्यों ने दिया। कई अन्य सदस्यों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद शुरू हुए अवधी गीतों के कार्यक्रम में, सुप्रसिद्ध अवधी लोक गायिका संजोली पाण्डेय ने लोकगीतों के माध्यम से समां बांधा . . तो श्रोता झूम उठे , रेलिया बैरन पिया को लिए जाय रे.... व सइंया मिले लरिकइयां मैं का करूं . . .जैसे कई गीत प्रस्तुत किए।श्रोताओं ने भी खूब तालियां बजाकर कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया।भारतीय अवधी समाज के पदाधिकारी व सदस्यों में डॉक्टर पीके गुप्ता, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेलाध्यक्ष मनोज राज, सहयोगी मेलाध्यक्ष श्वेता शर्मा, पिंकी देवी, मेलाधिकारी इंजीनियर अमरदीप मौर्या, सहायक मेलाधिकारी मुरारी लाल सूर्यवंशी, रवींद्र रावत, सभासद बजरंग शर्मा, दीपक रस्तोगी, अनूप कुमार शुक्ला, शिव किशोर अवस्थी, विनोद गौतम, अनूप श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बेलरायां तकिया पुरवा निवासी युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी–** जनपद के कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के बेलरायां तकिया पुरवा के निवासी राजा पुत्र जाहिर मिस्त्री जोकि घर से 23/10/2024 को सिंगाही थाना क्षेत्र बेलरायां में स्थित जिम सेंटर जाने के लिए अपनी मोटर साइकिल से बुधवार की शाम करीब आठ बजे निकला था काफी समय बीत जाने के बाद राजा पुत्र जाहिर जब घर नही पहुंचा तो परिजनों ने फोन किया तो मोबाइल बंद बताने लगा। तब परिजनों ने राजा की तलाश आस पास सहित रिश्तेदारी में भी की काफी तलाश किया लेकिन कही जब पता नहीं चला तो परिजनों ने सिंगाही थाना में प्रार्थना पत्र देकर गुमसुदगी दर्ज कर युवक को बरामद करने की मांग की है। राजा के बड़े भाई चांद ने बताया कि 23/10/2024 शाम को मेरा भाई राजा ने बेलरायां में स्थित जिम जाने के लिए अपनी मोटर साइकिल से गया था जब काफी देर हो गई वापस नहीं लौटा तो राजा को काल किया तो मोबाइल फोन बंद जा रहा था हम सभी लोग काफी जगह तलाश भी किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला तो सिंगाही थाना में प्रार्थना पत्र दिया था जहा गुमसुदगी दर्ज कर ली गई हैं। । तीन दिनों से लापता चल रहे राजा के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सिंगाही पुलिस का इस मामले में कहना है कि राजा की गुमसुदगी दर्ज कर पुलिस टीम ने तलाश शुरू कर दी है हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सभी संभावित पहलुओं की जांच भी कि जा रही है। जल्द ही युवक को बरामद किया जाएगा।

# एसडीएम ने दीवार पर लगाया हाथ तो उखड़ने लगीं ईंटें, कान्हा गोशाला में हो रहा था घटिया निर्माण

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी–** की नगर पंचायत निघासन में कान्हा गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है। गुरुवार रात एसडीएम ने गोशाला का निरीक्षण किया तो जांच में घटिया निर्माण की पोल खुल गई। निर्माण कार्य में कितनी अनियमितता हुई है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब एसडीएम व जेई ने नई बनी दीवार पर अपने हाथों से जरा सा ही जोर लगाया तो ईंटें उखड़ने लगीं। निर्माण में मानकों से अधिक बालू का प्रयोग किया जा रहा था। निर्माण सामग्री और ईंटों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है।एसडीएम राजीव निगम, पीडब्ल्यूडी के जेई पीके सरोज, जेई अरविंद यादव गुरुवार रात गोशाला पहुंचे। वहां पर उन्हें बीम के नीचे पीली ईंट लगी मिलीं। दीवार निर्माण में सीमेंट और मोरंग के स्थान पर बालू का अधिक प्रयोग किया गया था। बालू के कई ढेर लगे हुए थे। एसडीएम ने अपने हाथ से दीवार को तोड़कर गिरा दिया। सभासद प्रतिनिधि अमित का आरोप है कि गोशाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसकी गहनता से जांच की जाए तो सच्चाई सामने आएगी। एसडीएम को जांच के दौरान अव्वल ईंट का ढेर तो मिला, लेकिन उस ईंट का प्रयोग न होने के कारण उस पर घास जम गई है। खराब ईंट को मंगवाकर निर्माण कार्य किया जा रहा था। निर्माण सरिया, टीन का तख्ता, उसमें प्रयोग होने वाले लोहे के एंगिल आदि भी मानक विहीन थे। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि जेई के साथ कान्हा गोशाला की जांच की गई। जांच के दौरान कई कमियां मिली हैं। मसला और ईंट का सैंपल लेकर भेजा गया है।

# धन्यौरा में ग्राम चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकासखंड ददरौल के ग्राम धन्योरा में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर ग्राम चौपाल का आयोजन किया जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों के उपस्थिति तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रसोई घर में जाकर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को देखा। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में खाली पड़ी जगह पर समतल कराकर खेल मैदान बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय, अध्यापकों की उपस्थिति, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने अवश्य भेजें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं उन्हें स्कूल लाने में सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि स्कूल ना आने वाले बच्चों के घर जाकर कारण अवश्य पता करें। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से कहा कि स्कूल में स्वयं भ्रमण कर मध्याह्न भोजन आदि की देखभाल करते रहे। सभी अभिभावक स्कूल आने वाले बच्चों का पढ़ाई के संबंध में पूछे तथा उनकी कॉपियों को भी देखें क्या पढ़ाया गया है। अभिभावक घर पर ध्यान देंगे तभी बच्चों की पढ़ाई में सुधार आएगा। सभी लोग जागरुक होकर अपने-अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं जिससे वह पढ़ लिखकर देश के अच्छे नागरिक बने।

जिलाधिकारी ने जन चौपाल के दौरान खतौनी में हिस्सेदारी की समस्या आने पर उन्होंने लेखपाल को आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए तथा उप जिला अधिकारी से कहा कि कैंप लगाकर लोगों की समस्या का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। ग्रामीणों द्वारा गांव के तालाब में बरसात का पानी भर जाने से आने जाने की समस्या पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की मौके पर जाकर समस्या का समाधान निकाले। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जेपीएस राठौर ने कहा कि सभी लोगों को गांव में शिक्षा का माहौल बनाना है यह सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा गांव के बच्चे पढ़ लिखकर आगे बड़े-बड़े पदों पर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपकी समस्याओं के लिए तात्पर्य है आप सभी लोग सहयोग करें आपकी समस्या का अवश्य निदान होगा। उन्होंने कहा कि गलत भावनाओं से विकास नहीं होगा इसलिए सबको सकारात्मक सोच रखनी होगी।

# मनरेगा कार्य में गड़बड़ी मिलने पर दर्ज हुई रिपोर्ट विरोध में धरना प्रदर्शन

**● मुकदमे की वापसी को लेकर जोर कार्य बहिष्कार**

स्वतंत्र प्रभात







**बरेली/**आलमपुर जाफराबाद मनरेगा कार्यो में गड़बड़ी पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट को लेकर भदपुरा विकासखंड कार्यालय पर ग्राम प्रधान रोजगार सेवक अन्य कर्मचारियों सहित धरना प्रदर्शन कर प्रभारी खंड विकास अधिकारी रणजीत सिंह को डीएम के संबोधित ज्ञापन सोपा साथ ही उन्होंने मांग की है दर्ज की गई रिपोर्ट को वापस लिया जाए यह कार्यक्रम प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार के नेतृत्व में ब्लॉक पर कार्यालय पर ताला डालकर कार्य बहिष्कार किया गया। और आलमपुर जाफराबाद विकासखंड में वहां के खंड विकास अधिकारी भगवान दास द्वारा दर्ज कराई गई भमोरा थाने की रिपोर्ट का विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में दर्ज हुई रिपोर्ट वापस लेने का मांग पत्र प्रभारी वीडियो रणजीत सिंह के द्वारा की गई है दर्ज हुई रिपोर्ट वापस न होने की स्थिति में ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवकों ने आर पार की लड़ाई करने का ऐलान करते हुए अनिश्चितकालीन धरना की घोषणा की है आज पहले दिन जनपद के कई ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया ।

रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार ने बताया जिला अध्यक्ष गंगादीन कश्यप से वार्ता हो चुकी है 26 अक्टूबर से जनपद के समस्त विकास मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा और यह जब तक जारी रहेगा जब तक दर्ज हुई रिपोर्ट वापस नहीं हो जाती । इस धरना प्रदर्शन में सम्मिलित रोजगार सेवक संघ ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार शैलेंद्र गंगवार अनीश खान सुधीर कुमार जितेंद्र सिंह पूरनलाल गंगवार ममता देवी राजपाल लीलावती उमेश चंद राजेंद्र कुमार भानु प्रताप सिंह कोमल प्रसाद काशीराम हर प्रसाद कन्हैयालाल धर्मेंद्र कुमार प्रवीण कुमार डालचंद समेत भारी संख्या में रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे समाचार लिखे जाने तक ब्लॉक मुख्यालय पर धरना जारी था।

# खोया फैक्ट्री पर पुलिस का छापा, ढाई कुंतल नकली खोया बरामद

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे अभियुक्तो के सत्यापन व अवैध हथियार के दुरूपयोग व बिक्री को रोकने हेतु सघन अभियान के क्रम मे थाना पुवायाँ पुलिस व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर द्वारा नकली खोया( मावा ) की फैक्ट्री पर छापेमारी कर करीब 250 किलो नकली खोया( मावा ) बरामद कर नष्ट कराया गया मुखविर सूचना के अनुसार जंगवीर कुमार पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम बिरसिंगपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद अपने कुछ साथियो के साथ मिलकर मो0 कसभरा मठिया कस्वा व थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर पर अवनीश शुक्ला के किराये के मकान मे नकली खोया ( मावा ) बना रहा है इस सूचना पर तत्काल ही पुलिस बल सहित अवनीश शुक्ला के मकान पर पहुँचे तो करीब 250 किलोग्राम नकली खोया( मावा ) व नकली खोया ( मावा ) बनाने के उपकरणो सहित कारिगर अजीत सक्सेना पुत्र ब्रजेश सक्सेना निवासी ग्राम सुजातपुर थाना सेरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर, आयुष पुत्र पवन कुमार निवासी मो0 काशीराम नगर कस्वा व थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर, हेमा पत्नी जंगवीर कुमार निवासी ग्राम बिरसिंगपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद हाल अवनीश शुक्ला का किराये का मकान मो0 कसभरा मठिया कस्वा व थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर को मौके पर नकली खोया( मावा ) बनाते हुए पाया गया। इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारियो को दी गयी सूचना पर बागीश मनी त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर, अनिल प्रताप सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी, मनोज कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौके पर उपस्थितथे तथा नकली खोया के दो सैम्पल, स्किम्ड मिल्क पाउडर एक सैम्पल, वनस्पति एक सैम्पल लिया गया तथा मौके पर मिला युज्ड व अनयूज्ड माल सील सर्वमोहर कर जंगवीर कुमार उपरोक्त के मकान पर जंगवीर कुमार की पत्नी हेमा के सुपुर्द कर सुरक्षित रखवाया गया तथा बरामद करीब 250 किलोग्राम नकली खोया ( मावा ) को नष्ट कराया गया। मौके से लिए गये सैम्पल को परीक्षण हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा जा रहा हैं। परीणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

# जमीन पर कब्जे के प्रयास से असफल नटवरलाल ने मारपीट के बाद की लूटपाट

स्वतंत्र प्रभात




**पीलीभीत।** गांव का रहने वाले नटवरलाल ने धोखाधड़ी कर कागजों में नाम बदलवाकर उसकी जमीन हथियाने का प्रयास किया। मामला परगना अधिकारी न्यायालय पंहुचा तो फैसला उसके पक्ष में आया। इसके बाद आरोपी साथियों की मदद से जबरन जमीन पर कब्जा करने पहुंचा। विरोध पर मारपीट कर पांच हज़ार रुपये छीन लिए। यही नहीं जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसको लेकर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना हजारा क्षेत्र के गांव चंद्रनगर निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि गांव के रहने वाली उमेश कुमार धोखेबाज किस्म का व्यक्ति है। कई व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी नाम कागजों में डलवाकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर चुका है। आरोपी ने युवक के पिता राम सनेही के स्थान पर जमीन के कागजों में रामवृक्ष करवा दिया। जबकि आधार कार्ड, वोटर लिस्ट, राशन कार्ड व किसान भाई में असली नाम रामसनेही लिखा हुआ है। जमीन पर कब्जा करने के लिए आरोपी ने पूरनपुर परगना अधिकारी न्यायालय में मुकदमा दाखिल कर दिया। 6 मार्च को दिनेश के पक्ष में आदेश हो गया था। इसके बावजूद आरोपी जमीन हड़पने का प्रयास करता रहा। 8 मई 2024 अपनी पत्नी के साथ जमीन जोतने गांव आए हुए थ। तभा उमेश अपने साथी महेश कुमार, परमेश और पुत्री ज्योति के साथ पहुंचकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट पर आमदा हो गए।। बचाने आई पा को भी जमकर पीटा था। परमेश हाथ में बांका लिए खड़ा रहा। आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर ग्रामीण की पत्नी के गले में सोने की चैन और ग्रामीण की जेब में रखे 5 हजार रुपए छीन लिए थे। शोर मचाने पर पड़ोस के कई लोग पहुंच गए थे। तभी आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी लेकर चले गए। कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डीएम ने किया पांच परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

**● शिक्षक बनीं डीएम - बच्चों से हल करवाएं गणित के सवाल, परखी शिक्षा की गुणवत्ता**

**नौनिहालों को नहीं बटा दूध, डीएम खफा, सप्लायर एनजीओ पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए**

**यूपीएस राजापुर में विद्युत कनेक्शन न होने पर भड़की डीएम, बाधाओं को दूर कराकर कराए कनेक्शन**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी ।** शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर क्षेत्र अंतर्गत संविलियन विद्यालय सदर, पीएस नौरंगाबाद, यूपीएस खीरी टाऊन और विकास खंड सदर के अंतर्गत पीएस राजपुर, यूपीएस राजापुर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, बीईओ देवेश राय, सुभाष वर्मा मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर पहुंची, जहां उन्होंने मौजूद अफसरों को परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं घास कटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान मिड डे मील रोस्टरनुसार तहरी परोसी जा रही थी। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता परखी और दिवाली से पूर्व सभी बच्चों को भोजन की थाली प्रदान किए जाने के लिए बीईओ को निर्देशित किया। बर्तन की गुणवत्ता व स्वयं परखने की बात कही। *बच्चों से संवाद के दौरान जाना फल और दूध मिलता है। बच्चों ने फल तो मिलने की पुष्टि की पर दूध न दिए जाने की बात बताई। दूध न मिलने की बात सुनकर डीएम काफी नाराज हुई। सप्लायर एनजीओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।* विद्यालय परिसर में लगे झूले को ठीक करने के लिए भी निर्देशित किया। नगरीय क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु बेसिक महकमे के अफसरों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नौनिहालों को शैक्षिक स्तर जांचा और दुलारते हुए चॉकलेट का वितरण भी किया।

इसके बाद डीएम पीएस नौरंगाबाद पहुंची, जहां उन्होंने परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका को बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के साथ ही नियमित उनके अभिभावकों से संपर्क कर उनकी उपस्थिति बढ़ाने को कहा। जिससे अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा का लाभ मिल सके। विद्यालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने निपुण तालिका के अनुसार बच्चों के शिक्षण स्तर की जांच की और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण में विद्यालय का बरामदा उबड-खाबड़ मिला। डीएम ने उपलब्ध कंपोजिट ग्रांट से उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बच्चों से भोजन की गुणवत्ता की जानकारी भी ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। यहां भी दूध वितरण न किए जाने की बात सामने आई।

डीएम ने ब्लॉक सदर क्षेत्र अंतर्गत पीएस और यूपीएस राजापुर का निरीक्षण किया। पीएस राजापुर में मोटर खराब होने से पानी सप्लाई बाधित मिली। पूछने पर पता चला कि आज ही मोटर खराब हुई है। डीएम ने बीडीओ ( सदर ) भी को निर्देशित किया कि तत्काल मोटर सही कर कर पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू किया जाए। डीएम ने पीएस राजापुर की प्रधानाध्यापिका से विद्यालय निपुण ग्रेडिंग पूछी। बताया कि वर्तमान में विद्यालय ग्रेड-बी में है। निर्देशित किया कि इसे ए ग्रेड में लाने हेतु संकल्पित होकर काम करें। शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका व शिक्षक डायरी का अनिवार्यता से दैनिक प्रयोग करने और बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के शिक्षकों को निर्देश दिए। नन्हे मुन्हे बच्चों से स्नेहिल संवाद करते हुए उन्हें चॉकलेट्स का वितरण किया। यूपीएस राजापुर में विद्युत कनेक्शन न होने पर नाराजगी जाहिर की। बीईओ ने बताया कि झटपट पोर्टल पर कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है। पोल की दूरी अधिक होने के कारण कनेक्शन करने में बाधा आ रही है। कनेक्शन के लिए किए गए प्रयासों को भी बताया। इस पर उन्होंने शाम को विद्युत विभाग, बीएसए एवं बीडीओ को विद्युत कनेक्शन करने के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम यूपीएस खीरी टाउन पहुंची, जहां उन्होंने क्लास में पहुंचकर बच्चों से गणित के जोड़, घटाना, गुणा और भाग के सवाल हल कराकर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा। डीएम ने बच्चों से जाना कि भोजन में आज क्या मिला है? जवाब आया तहरी ! सोयाबड़ी के महत्व को बताते हुए इसे खाने की सलाह दी। यहां भी दूध का वितरण न किए जाने की बात सामने आई। डीएम ने उपस्थिति पंजिका से बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। बच्चों को हाथ साफ कर भोजन करने, उठने के बाद और सोने से पहले ब्रश करने के फायदे बताकर इसे दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। डीएम ने गणित की शिक्षिका को 10 दिन का समय देते हुए निर्देशित किया कि बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाएं। वह पुनः बच्चों का शैक्षिक स्तर को जांचेगी।

# पीलीभीत के उपाधि महाविद्यालय में नागेश को मिला राष्ट्र गौरव सम्मान

स्वतंत्र प्रभात




**शाहजहांपुर।** पीलीभीत के उपाधि महाविद्यालय में आयोजित अंतर राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. नागेश पांडेय 'संजय को पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. रवींद्र शुक्ल ने राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्तिपत्र, स्मृतिचिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किया गया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल और नोबेल अकादमी, नेपाल से आए विश्वेशर आचार्य विशेष अभ्यागत थे। उल्लेखनीय है कि डॉ. नागेश पिछले 38 वर्षों से बाल साहित्य लिख रहे हैं। उनकी पचास किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। इससे पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ , नेपाल बाल साहित्य समाज, काठमांडू,चिल्ड्रंस बुक ट्रस्ट, दिल्ली, साहित्य वेदिके, कर्नाटक, शिशु साहित्य गवेषण परिषद, उड़ीसा, काव्य वीणा, कोलकाता, स्पेनिन सम्मान, रांची, बालकन जी बारी इंटरनेशनल, दिल्ली, देवपुत्र गौरव सम्मान, इंदौर इत्यादि सौ के लगभग संस्थाओं से सम्मानित किया गया है। डॉ. नागेश को सम्मान मिलने पर कवि अजय गुप्त, शिक्षाविद प्रो. अवनीश मिश्र, प्रो. राकेश आजाद, प्रो. आलोक मिश्र, प्रो. प्रभात शुक्ल, प्रो. अनुराग अग्रवाल, केशव चंद्र मिश्र, प्रो. मीना शर्मा, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, अमितेश अमित, डॉ. हरिओम त्रिपाठी, डॉ. आदर्श पांडे, डॉ. राजीव पांडेय, डॉ. श्रीकांत मिश्र आदि ने हार्दिक बधाई दी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चार संयुक्त बीडीओ का हुआ प्रमोशन, सीडीओ ने दी शुभकामनाएं



**भदोही।** जनपद के चार संयुक्त बीडीओ आलोक पांडेय ज्ञानपुर, इरफान मिर्जा बेग अभोली, विनोद मौर्या भदोही, धनराज कौटार्य औराई का गुरुवार को शासन द्वारा प्रमोशन किया गया।प्रमोशन होने पर शुक्रवार की शाम विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ .शिवाकांत द्विवेदी ने सभी चारो ज्वाइंट बीडीओ का मार्ल्यापण किया व सभी खण्ड विकास अधिकारी बनने की शुभकामनाएं दी।सभी बीडीओ ने मुख्य विकास अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। सीडीओ ने कहा कि ब्लॉक में संयुक्त खंड विकास अधिकारी अभी तक बीडीओ के साथ शिकायतों की जांच पड़ताल सहित अन्य प्रशासनिक कार्य करते थे। अब खंड विकास अधिकारी पद पर तरक्की हो गयी हैं।इन लोगो को अब प्रशासनिक कार्यो के साथ साथ वित्तीय अधिकार भी प्राप्त होंगे। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी ,ज्ञान प्रकाश,डीसी मनरेगा राजाराम ,जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार मिश्रा,समाज कल्याण अधिकारी ऐश्वर्य राज लक्ष्मी,खण्ड विकास अधिकारी सुरियावां सुधाकर दुबे,बीडीओ ज्ञानपुर बृजेश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहें।

### कई वर्षो की पुरानी सड़क अभी तक पी डबलु डी से नहीं बन सकी काली सड़क

**2000 के पहले की योजना में बनाई गई थी कच्ची सड़क सड़क पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है**

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के खुटहा गांव के काली सड़क से गलरिया संपर्क मार्ग व खुटहा गांव से देवरी संपर्क मार्ग पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है राहगिरो को आने जाने में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई एक बार सड़क के संबंध में शिकायत किया गया लेकिन अभी तक नहीं हो सकी काली सड़क ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि हर गांव के गली मोहल्ले में काली सड़क देखने को मिलता है एक गांव से दूसरे गांव में जोड़ने वाली सड़क का यह हाल है इस सड़क से तमाम नेता आते जाते हैं लेकिन किसी भी नेताओं का ध्यान सड़क पर नहीं है जबकि इसी गांव में तमाम गलियों में काली सड़क बना दिया गया लेकिन ए सड़क जैसे का वैसे ही रह गया 1997 में मिट्टी का काम हुआ था और आज तक उतने पर रह ही गया ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि ऐसी सड़क की दुर्दशा से ग्रामीणों को मुक्त किया जाए।

### एस डी क्रिकेट अकादमी व कालीचरण क्रिकेट अकादमी ने जीते अपने अपने मैच

**चुनार, मीरजापुर ।** पुर्वाचल क्रिकेट एसोसिएशन मिर्जापुर के तत्वाधान में सोबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया चुनार मिर्जापुर के ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा हैं प्रतियोगिता में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच एस डी क्रिकेट अकादमी वाराणसी और बी एस क्रिकेट एकेडमी वाराणसी के बीच खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एस डी क्रिकेट अकादमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 192 रन बनाए जनाब में 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एस बी एस क्रिकेट अकादमी की टीम 145 रन ही बना पाई मैच एस डी क्रिकेट अकादमी ने 47 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नमन पाण्डेय रहे। वही दूसरा मैच कालीचरण क्रिकेट अकादमी पड़ाव वाराणसी और जी वी पंत भदोही के बीच खेला गया।कालीचरण क्रिकेट अकादमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 131 रन बनाए।132 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जी वी पंत की टीम 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कालीचरण क्रिकेट अकादमी की टीम 16 रनो से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच ओम प्रकाश बिंद रहे इस दौरान प्रवीन सिंह "किट्टू"भईया, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।वही अंपायर छोटू यादव, अंशु यादव स्कोरर सौर्य सिंह, उपमा सिंह रहे।

**सूचना**

**श्याम होम्यो क्लीनिक**

पथरी बवासीर पेट की समस्या गठिया व जोड़ों का दर्द बच्चेदानी की गांठ अनियमित माहवारी लिकोरिया कमर का दर्द साइटिका दमा स्वप्नदोष दाद खाज खुजली सफेद दाग पैरालिसिस इत्यादि जटिल एव पुराने रोगों का होम्योपैथिक से सफल इलाज के लिए संपर्क करें पता। जी,आई,सी हॉस्टल के पिछे महुअरिया मिर्जापुर। संपर्क का नंबर 8299 3450 29

# मत्स्य विभाग शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं में मछुआ समुदाय को करें आच्छादित-अपर जिलाधिकारी

**● तहसील ज्ञानपुर में विज्ञापित 54 के सापेक्ष जॉचोंपरान्त 32 को मत्स्य तालाब पट्टा आवंटन का अपर जिलाधिकारी ने दी स्वीकृति**

**अभियान चलाकर मत्स्य तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराये सभी तहसील प्रशासन-अपर जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-**अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में तहसील ज्ञानपुर की मत्स्य पालन आवंटन सहित मत्स्य विभाग की लाभकारी योजनाओं से आच्छादित करने विषयक बैठक कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी द्वारा तहसील ज्ञानपुर के मछुआ समुदाय के उपस्थिति में विगत दिनों तहसील ज्ञानपुर में प्राप्त मत्स्य तालाब पट्टा आवंटन के 54 आवेदनों में से जॉचोंपरान्त 32 आवेदकों को मत्स्य तालाब पट्टा की स्वीकृति अपर जिलाधिकारी द्वारा देते हुए शेष आवेदकों भी जॉचोंपरान्त पट्टा स्वीकृति हेतु उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने मुख्य मत्स्य निरीक्षक प्रमोद आदर्श को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदकों की फाईलों का राजस्व टीम के साथ स्थलीय मुआयना कर शासनादेश के मुताबिक प्राथमिकता पर वंचितों को तालाब पट्टा देना सुनिश्चित कराये।

अपर जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित मत्स्य समुदाय हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया कि तालाब पट्टा आवंटन पर केसीसी की सुविधा, 5 लाख की दुर्घटना बीमा, मछली सीड पर सब्सिडी, तालाब में जलकुम्भी हटाने व साफ करने पर सब्सिडी आदि की सुविधा प्रदान की जाती है। मछुआ समुदाय में जिनको मत्स्य तालाब पट्टा नही आवंटित हुआ है, उन्हें भी मछुआ दुर्घटना बीमा का



लाभ मिलेगा। उसके लिए वे एप्प डाउनलोड कर रजिस्टेऊशन करें, या मत्स्य विभाग से सम्पर्क कर ऑनलाईन पंजीकरण कराये।

मछुआ समुदाय के लोगों द्वारा बताया गया कि मत्स्य पालन के कुछ तालाबो पर अतिक्रमण है, उनके द्वारा लागान पूरा दिया जाता है लेकिन तालाब का कुछ ही भाग मत्स्य पालन का प्रयोग कर पाते है। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर तालाबों को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि खतौनी में तालाब का रकबा चेककर ले व तालाब का नवैयत आदि कराते हुए अतिक्रमण मुक्त कराये। समस्त तहसीलदार नीलामी के पहले कागजात जमा कराकर चेककर ले। तालाब आवंटन के समय मछुआ समाज के प्रतिनिधि की उपस्थिति को भी सुनिश्चित कराये। बैठक में तहसीलदार ज्ञानपुर अजय सिंह, मत्स्य निरीक्षक अमित सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, मत्स्य समुदाय के पदाधिकारी व सदस्यगण, तहसील ज्ञानपुर कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी तुम देखी सीता मृगनयनी

**●माता सीता के वियोग में वन वन भटके प्रभु श्री राम**

**श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति का भव्य आयोजन**

**रामलीला के छठे दिन लीला देखने उमड़े नर नारी बच्चे**



स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल ।** मोती झील मार्ग स्थित लीला स्थल पर रामलीला का भव्य मंचन देखने के लिए वृहस्पतिवार की रात में नर नारी और बच्चों का हुजूम उमड़ पड़ा लीला के छठवें दिन भव्य मंच पर माता सीता की खोज के साथ ही जटायु का अंतिम संस्कार प्रभु से सबरी का मिलन सुग्रीव मित्रता बाली वध का जीवंत मंचन किया गया जिसे देख पंडाल में मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

विंध्याचल के मोती झील मार्ग स्थित लीला स्थल पर चल रहे दस दिवसीय रामलीला के छठवें दिन का मंचन देख दर्शक विभोर हो उठे मानस की चौपाइयां जहां वातावरण को भक्तिमय बना रही थी वहीं कलाकारों के अभिनय को देख दर्शक प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते रहे भव्य मंच पर लीला मंचन की क्रम में प्रभु श्री राम और लक्ष्मण सीता की तलाश में वन वन भटक रहे हैं तभी दोनों भाई मरण अवस्था में पड़े जटायु के पास पहुंचे और पूछते हैं हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी तुम देखी सीता मृगनयनी... जटायु श्री राम को रावण के साथ हुए युद्ध का वृत्तांत सुनकर मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं श्री राम एक पुत्र की तरह जटायु का अंतिम संस्कार करते हैं तथा सीता की खोज में दक्षिण की दिशा की तरफ प्रस्थान कर देते हैं लीला के अगले दृश्य में जंगल में भटकते हुए रास्ते में श्री राम भ्राता लक्ष्मण को एक वृद्ध भीलनी मिलती है जो कि रास्ते पर फूल बिछा रही होती है वह महिला परम तपस्विनी माता सबरी थी जो भगवान श्री राम की आने के लिए कुटिया के रास्ते पर हर दिन फुल बिछाती थी ताकि जब श्री राम आए तो उनके पैर में कांटा न लगे श्रीराम और लक्ष्मण कुटिया में पहुंचते हैं तो उनका परिचय पाकर शबरी माता खुशी से रोने लगती है तथा राम लक्ष्मण का स्वागत करते हुए उन्हें भोजन के रूप में अपने द्वारा लाए बेर देती है शबरी द्वारा चखकर इकट्ठे किए गए बेर भी प्रभु राम बड़े आदर के साथ खाते हैं सबरी उन्हें बताती है कि उनके गुरु मतंग मुनि जी अब नहीं रहे लेकिन उन्होंने मुझे बताया था कि भविष्य में श्री राम अपनी पत्नी सीता को खोजते हुए हमारे आश्रम में आएंगे और तुम उन्हें सुग्रीव तक जाने का मार्ग बता देना जिनकी सहायता से वह रावण पर विजय प्राप्त करके अपनी पत्नी सीता को पा सकेंगे माता शबरी बताती है कि दक्षिण तट की तरफ ऋषि मुख पर्वत के शिखर पर वानर राज सुग्रीव वास करते हैं और वहीं आपको अपनी परम भक्त हनुमान से भी भेंट होगी भव्य रामलीला मंचन में श्री राम की भूमिका में कमल मिश्रा लक्ष्मण का किरदार देवी दीक्षित सीता की भूमिका अंजू प्रभा हनुमान के रूप में विक्रम मिश्रा और निशु सुग्रीव का किरदार मुन्ना बाबू मिश्रा बाली की भूमिका में प्रिंस मिश्रा रहे जटायु का किरदार आयुष गोस्वामी शबरी की भूमिका में मनोज शर्मा तथा व्यास की भूमिका में गोपीनाथ मिश्रा रहे मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक आदर्श उपाध्याय ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संरक्षक प्रकाश चंद्र अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी मंत्री कमल मिश्रा निर्देशक राज गिरी उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा एवं रामेश्वर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष विक्रम मिश्रा एवं रवि प्रकाश मिश्रा उपाध्यक्ष लव दुबे, व्यवस्थापक शिखर गिरी,मीडिया प्रभारी संतोष कुमार समिति के त्रिलोकी उपाध्याय सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## भदोही में उड़ रही स्वच्छता मिशन की धज्जिया, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** जहां सरकार स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए तमाम योजनाओं का संचालन कर रही है। जिसको मूर्त रूप देने के लिए शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका, नगर पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को भारी धनराशि देकर स्वच्छ और साफ सुथरा बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है जिससे सरकार के इस मिशन का सही से क्रियांवयन हो सके लेकिन सरकार के स्वचछता मिशन की धज्जियां जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से हकीकत मे कम कागजों पर ज्यादा देखने को मिलता है। जिला तथा ब्लाक स्तर के जिम्मेदार किसी शिकायत के इंतजार में अपने कार्यालयों में ही बैठे रहते है यदि कोई कार्यवाही भी होगी तो अपने मातहतों के रिपोर्ट को ही ब्रहमलेख मानकर इति श्री कर लेते है। और न केवल स्वच्छता मिशन बल्कि तमाम योजनाओं का यही हाल है। चाहे नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह पर कागज पर हुए काम की अपेक्षा हकीकत में हुए में भारी अंतर है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और मिलीभगत से सरकार की तमाम योजनाओं में पलीता लग रहा है। एक ऐसा ही नजारा



भदोही जनपद के गोपीगंज नगर पालिका के तमाम वार्डो में देखने को मिल सकता है जहां स्वच्छता मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। स्थानीय लोगों की समस्याओं से जिम्मेदारों से जैसे कोई सरोकार नही है। लोग गंदगी और बदबू भरे माहौल में रहने पर विवश है। गोपीगंज नगर पालिका के पूरेगुलाब वार्ड नंबर 12 के मुजाहिद नगर में जिस तरह स्वच्छता मिशन की धज्जियां उड़ रही है वह जिम्मैदार लोगों को समझने में काफी है। जहां देखा जा सकता है कि सड़क के किनारे जमीन के नीचे बनी नाली का पानी आये दिन बाहर बहने लगता है। वार्ड नंबर 12 में बनी पानी के टंकी के पास रोड के किनारे बने शौचालय का हाल स्वच्छता मिशन को चिढ़ाने में काफ़ी है। इसी तरह वार्ड में बिजली के खम्भा में लगे तारों के जंजाल से देखने वाले का माथा ठनक जायेगा। इसी तरह की तमाम समस्याओ से स्थानीय लोग परेशान है लेकिन जिम्मेदार लोग कागजी खानापूर्ति में हो व्यस्त है। हालांकि यह तो केवल गोपीगंज नगर पालिका के एक वार्ड का नजारा है। ऐसा हो नजारा जनपद के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम जगह देखने को मिल सकता है। अब यहां सवाल पैदा होता है कि यदि जिम्मेदार लोग ऐसे ही अपने कार्य को करेंगे तो सरकार क़ी मंशा में किस तरह धार लग पायेगी। जहां साफ सफाई को लेकर किये जा रहे सभी दावे फैल होते नजर आ रहे है। भदोही में तमाम कार्यालयों में भी स्वच्छता मिशन क़ी पोल खुलते हुए देखी जा सकती है जो कही ना कही चिंताजनक है।

### आगामी त्यौहारों को लेकर घाटों पर हटाई जा रही सिल्ट

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी एवं अधिशासी अधिकारी जी लाल के निर्देश पर आगामी त्यौहारों छठ ,दीपावली आदि के मद्देनजर घाटों पर जमी शिल्ट की सफाई की जा रही है।जिसमे पालिका के कर्मचारियों द्वारा मैन्युअल और पंप मशीन लगाकर सीढ़ियों पर जमी शिल्ट को हटाया जा रहा है।अधिशासी अधिकारी ने इस मौके पर कहा की गंगा के घटते जलस्तर और आगामी त्यौहारों को देखते हुये नगर के सभी घाटो को क्रमवार शिल्ट हटाने के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है।नगर के फतहा घाट, नारघाट, सुन्दरघाट, संकठाघाट सहित अन्य घाटो पर सफाई करने के निर्देश दिए गए है।

## नैक पीयर टीम का मूल्यांकन एवं एग्जिट मीटिंग संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर ।** स्वतंत्रता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय पी जी कॉलेज चुनार मिर्जापुर में शुक्रवार को प्रोफेसर जगदीश कुमार जोशी, डॉ इलेनबाम नेक्सन सिंह, डॉ जेनेट ऑगस्टीन सहित नैक पीयर टीम का स्वागत प्राचार्य डॉ राम निहोर के नेतृत्व में समस्त स्टॉफ तथा रोवर्स /रेंजर एवं एनएसएस के स्वयंसेवक नें मार्च पास्ट एवं अभिवादन करके किया। तीन सदस्यों की टीम ने विजिट के दूसरे दिन विभिन्न अकादमिक कौंसिल जैसे इनोवोशन कौंसिल, प्लेसमेंट सेल, मिशन शक्ति, भारतीय ज्ञान परम्परा, एनएसएस, रोड सेफ्टी क्लब, हरितिमा क्लब, प्रतियगी सेल, कौशल विकास का प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। तत्पश्चात रिपोर्टिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ करके प्राचार्य डॉ राम निहोर एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर माधवी शुक्ला के साथ रिपोर्ट की चर्चा किया। इसी क्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारियों के साथ एग्जिट मीटिंग करके रिपोर्ट शेयर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ



राजेंद्र कुमार, स्वागत प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिखा तिवारी ने किया। इस दौरान डॉ सूबेदार यादव, डॉ कुसुम लता, डॉ चन्दन साहू, डॉ देव कुमार, डॉ रजनीश, डॉ दीप नारायण, डॉ राजेश कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ राजेश कुमार दूबे, डॉ अवधेश सिंह यादव, मो वकार रजा, डॉ अरुणेश कुमार,डॉ मनोज कुमार प्रजापति, डॉ संकटा प्रसाद सोनकर, डॉ अरविन्द कुमार डॉ शेफालिका राय, डॉ नलिनी सिंह,डॉ गुरु प्रसाद सिंह,डॉ दीपक कुमार सिंह,डॉ अदिति सिंह, डॉ शैलेन्द्र कुमार,डॉ शिखा तिवारी, डॉ रीता मिश्रा, डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ चन्दन द्विवेदी,डॉ विद्या सिंह, डॉ शिव कुमार ,डीके सिंह ,धर्म चंद, रितेश केशरी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ए0एच0टी0/एस0जे0पी0यू0 एंव श्रम विभाग की सयुक्त टीमों द्वारा 04 नाबालिग बच्चों को बालश्रम से अवमुक्त कराया गया

**मीरजापुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा बाल श्रम मुक्त और किशोर श्रम मुक्त समाज के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अखिल बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन"के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मीरजापुर-ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिगं (ए0एच0टी0) व श्रम विभाग की सयुक्त टीम द्वारा होटल, ढ़ाबा, कार गैराज एंव ऑटो रिपेयर सेन्टरों पर सघन चैकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 04 नाबालिग बच्चों को बालश्रम करते हुए पाया गया । जिनका रेस्क्यू कराते हुए सेवायोजको के विरूद्ध चालान की कार्यवाही अमल में लायी गयी । इस दौरान ज्ञानेंद्र ,श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीरजापुर मय टीम तथा शिवशंकर सिंह प्रभारी एएचटी मीरजापुर सहित उ0नि0 रामपाल मिश्रा, हे0का0 उपेन्द्र सिंह कुशवाहा, अनुज कुमार व कमलेश कुमार मिश्रा मौजूद रहें ।

## साइबर क्राइम पुलिस थाना भदोही द्वारा दो पीड़ितों के बैंक खाते से फ्रॉड कर स्थानान्तरित कुल-1,71,839/-(01 लाख 71 हजार 839 रुपये) धनराशि कराया गया वापस

स्वतंत्र प्रभात

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को निर्देशित किया गया है कि किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक संतलाल ग्राम प्रधान ग्राम पुरवां विकासखंड डीघ व मनोज कुमार श्रीवास्तव ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 28.08.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुए ?91,000/-( 91 हजार रुपए) सरकारी धन दुसरे व्यक्ति के बैंक खाता में स्थानान्तरित कर लिया गया है। एक अन्य प्रकरण के आवेदिका द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 19.09.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके बैंक खाते से ?80,839/-( 80 हजार 839 रुपए) की धनराशि फ्रॉड कर लिया गया है। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त प्रार्थना पत्रों का



अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए, बैंको के उच्चाधिकारियों तथा एनपीसीआई से सम्पर्क कर सम्बन्धित बैंक खाता में निकासी पर रोक लगवाते हुए खाता धारक व स्थानीय पुलिस से सम्पर्क स्थापित कर उक्त धनराशि पीड़ितों के बैंक खाते में क्रमशः 91,000/- रुपये व 80,839/- रुपये कुल-1,71,839/- रुपये वापस कराया गया । पीड़ितों द्वारा अपने खाते से गयी धनऱाशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**साइबर फ्रॉड के बचने के लिए**



**सावधानियां-**

साइबर फ्राड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

किसी अंजान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें।

वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

कृपया किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये । अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

## थाना सुरियावां एंटी रोमियो टीम व यूपी 112 लखनऊ टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया जागरुकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक 25.10.2024 को थाना सुरियावां एंटी रोमियो टीम व यूपी 112 लखनऊ टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं और बालिकाओं को जानकारी दी गई। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/ कस्बों/ स्कूलों/ कॉलेजों/ मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर,



जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें



जागरूक किया गया।

### भाजपा से मझवाँ। विधानसभा से उप चुनाव के लिए सुचिस्मिता मौर्या ने किया नामांकन



**मीरजापुर।** मझवा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सुचिस्मिता मौर्या ने भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी के रुप में नामांकन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल, सांसद डॉ. विनोद बिंद, एमएलसी विनीत सिंह, पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।सुचिस्मिता ने जनता और पार्टी का आभार जताया। कहा सबके भरोसे से भारी अंतर से जीत होगी। सिविल लाइन में आयोजित नामांकन सभा को तमाम नेताओं ने संबोधित किया। राष्ट्र और समाज के विकास के लिए भाजपा को जनता की पहली पसंद बताया। सिविल लाइन स्थित बंगले से कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और आशीष पटेल तथा संगठन के पदाधिकारियों के साथ नामांकन करने पहुंची। उपचुनाव में नामांकन के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया । मीडिया से बात करते हुए कहा कि रिकॉर्ड मतों से दर्ज करूंगी जीत । किससे लड़ाई है पर कहा कि किसी से मेरी लड़ाई नहीं है । बीजेपी सरकार के विकास कार्यो से प्रदेश की जनता खुश है, हमारी जीत होगी ।

## संजय निषाद की पार्टी से दावेदारी कर रहे हैं प्रत्याशी ने लगाया बड़ा आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद पर लगा गंभीर आरोप, टिकट के दावेदार पुष्पलता बिंद के पति हरिशंकर बिंद ने लगाया गंभीर आरोप । मझवां विधानसभा उपचुनाव में टिकट के नाम पर डॉ संजय निषाद ने किया शोषण, लाखों रुपए चुनाव की तैयारी में खर्च करवाने का आरोप । 15 लाख रुपये नगद देने का लगाया आरोप, टिकट देने के बदले में 2 करोड़ रुपये का किया गया था मांग, जिले में कार्यक्रम होने पर का खर्च, गाड़ी का खर्च और जाते जाते 20 से 50 विदाई तक लेकर जाते रहे निषाद पार्टी के लोग, अब तक 50 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर चुकी है निषाद पार्टी से दावेदारी कर रह प्रत्याशी पुष्प लता बिंद । निषाद पार्टी से उपचुनाव में टिकट को लेकर लाखों रुपए खर्च करने के बाद टिकट नहीं मिलने पर नाराज पुष्प लता बिन्द के पति ने मीडिया से कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हमारा समाज करेगा विरोध, हम भी घर घर जाकर कहेंगे धोखा हुआ है आप भी इन्हें धोखा दीजिए। पुष्पलता बिंद निषाद पार्टी से टिकट की दावेदार थी, बीजेपी ने इस सीट पर पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्य मौर्या को टिकट दिया है जबकि 2022 में यह सीट एनडीए के सहयोगी निषाद पार्टी के पास थी ।

उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है आज विधानसभा उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन था । मिर्जापुर के मझवां विधानसभा सीट पर भी उप चुनाव हो रहा है, निषाद पार्टी इस सीट पर अपनी दावेदारी कर रही थी पर भारतीय जनता पार्टी ने यहां पर अपने पार्टी के पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्य को टिकट दे दिया है । सुचिस्मिता मौर्य को टिकट मिलने और नामांकन करने से निषाद पार्टी से टिकट के दावेदारी कर रही पुष्पा लता ने बगावत शुरू कर दी है । पुष्प लता बिंद के पति हरिशंकर बिंद ने निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि संजय निषाद टिकट देने के नाम पर मिर्जापुर से लेकर लखनऊ दिल्ली तक बुलाकर शोषण किया है । 10 लाख रुपये दिल्ली में बुलाकर नगद लिया इसके साथ ही आवेदन शुल्क के नाम पर पांच लाख रुपये नगद लेने का आरोप लगाया है । यही नहीं आगे बताया कि जो भी मिर्जापुर में कार्यक्रम होते थे उसके और गाड़ियों खाने पीने तक का उठना पड़ता था । इसके साथ ही जो भी निषाद पार्टी पदाधिकारी आते थे 20000 से लेकर 50000 तक का विदाई लेकर जाते थे। 6 महीने के अंदर 50 लाख रुपए से ज्यादा कार्यक्रम और विदाई के नाम पर खर्च कर दिया गया है। टिकट फाइनल होने पर 2 करोड रुपए की डिमांड थी। 6 महीने से बेवकूफ बना कर जो धोखा दिया है हमारा समाज इस चुनाव में धोखा देगा। हम भी घर-घर जाकर अपने समाज से अपील करेंगे इनको धोखा दीजिए । निषाद पार्टी के लोग नामांकन के आखिरी दिन तक आश्वासन देने का काम करते रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव पार्टी से निष्कासित।

**पार्टी के निर्देश की अवहेलना करते हुऐ नामांकन किया।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश मैं हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा समाजवादी पार्टी को सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने और और समर्थन देने के फैसले के विरुद्ध कांग्रेस के जिला अधक्ष गंगा पार सुरेश यादव द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से आज नामांकन करने के बाद प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष में उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक पत्र जारी करते हुए यादव को पार्टी के आदेशों की अवहेलना के आरोप में उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया।श्री रय ने कहा है कि यह इंडिया गठबंधन के मजबूती के लिए कदम उठाया गया है।

## नामांकन के अंतिमदिन भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने नामांकन दाखिल किया।

**उपमुख्यमंत्री सहित दो मंत्री भी नामांकन रहे मौजूद।**



**प्रयागराज।** प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के नमांकन के अंतिम दिन आज फूलपुरविधान सभा छेत्र से बीजेपी के दीपक पटेल ने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन



के समय प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राकेश सचान तथा दया शंकर सिंह उपस्थित थे। इसके पूर्व समाजवादी पार्टीसे मुज्तबा सिद्दीकी तथा बहुजन समाज पार्टी से जितेंद्र सिंह ने पर्चा दाखिल कर चुके है।

## समस्त आहरण वितरण अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित वेतन देयक 28 अक्टूबर तक कोषागार में करायें उपलब्ध

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा माह अक्टूबर 2024 का वेतन भुगतान 30 अक्टूबर 2024 को किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि अपने विभाग से सम्बन्धित वेतन देयक दिनांक 28 अक्टूबर 2024 तक कोषागार में उपलब्ध करायें, जिससे 30 अक्टूबर 2024 तक बिल पारण किया जा सके।

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में परेड की सलामी ली गई एवं बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया

**कौशाम्बी।** आज दिनांक 25.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोलीवार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गई तथा जवानों से ऑप्टिकल्स (दीवार कूदना, मंकी रोप, रस्सा चढ़ना, फायर मैन लिफ्ट इत्यादि) का अभ्यास कराया गया साथ ही जोनल दंगा नियन्त्रण टीम सहित परेड में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन्स के ग्राउण्ड में बलवा ड्रिल का डिमांस्ट्रेशन कराया गया तथा दंगा नियन्त्रण उपकरणों जैसे टियर गैस गन, एंटी राइट गन, चिली बम आदि के प्रयोग करने का भी प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया। परेड के उपरान्त महोदय द्वारा बैरक, मेस, टायलेट/शौचालय एवं पुलिस लाइन्स परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कौशाम्बी अभिषेक सिंह व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय में करेंगे जनसुनवाई - निवर्तमान सांसद

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान सांसद विनोद सोनकर कल 26/10/24 चौथे (चतुर्थ) शनिवार को 12 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंझनपुर में कार्यकर्ताओं एवं जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी पूर्व सांसद के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।

# एसडीएम के पहुंचते ही ताला बंद कर भाग निकला कोटेदार

**● - गौशाला का किया निरीक्षण गंदगी पर जताई नाराजगी।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**कोरांव प्रयागराज।** उप जिलाधिकारी कोराव आकांक्षा सिंह ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में दुरदराज से आए लोगों की शिकायतें सुनी इस दौरान शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया जनता दर्शन के बाद उप जिला अधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपालों कानूनगो और अमीनो के साथ बैठक की साथी सभी को क्षेत्र में समय देने के साथ लंबित मामलों के कार्य के लिए निर्देशित किया।

जनता दर्शन और मीटिंग से बरी होने के बाद उप जिलाधिकारी में तहसील क्षेत्र के देवरी गांव में सस्ते गल्ले की दुकान का औचक निरीक्षण किया। बताते चलें कि कोरांव तहसील क्षेत्र के देवरी गांव के कोटेदार की शिकायत तहसील समाधान दिवस मे भारी संख्या मे कार्ड धारको ने की थी, जिसकी जांच आपूर्ति निरीक्षक कोरांव सुनील सिंह द्वारा किया जा रही है।

आज जब उपजिलाधिकारी कोरांव आकाक्षा सिंह, नायब तहसीलदार डैया राम मुरत व स्थानीय पुलिस व नीरज यादव सप्लाई आफिस बाबू के साथ कोटेदार का स्टॉक सत्यापन चेक करने पहुंची तो मौके पर कोटेदार नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि कोटेदार अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित गायब हो गया है इसके उपरांत उप जिलाधिकारी के निर्देश पर गोदाम को सील कर दिया गया।

**कुछ पशुओं के कान में नहीं मिला टैग**

कोट की दुकान का निरीक्षण करने के बाद उप जिलाधिकारी में पथरपुर गांव मे बनी गौशाला चेक की। मौके पर कुछ पशुओ को टैग नहीं मिला। साफ सफाई समुचित ब्यवस्था न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और तत्काल सभी ब्यवस्थाओ को सही करने का निर्देश दिया।

# आखिरकार फिर तीसरी बार निलम्बित हुए ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी

**● - निलम्बित के बाद मामले में जेल जा चुके हैं लेकिन भ्रष्टाचार की रकम की अभी तक नहीं हुई वसूली**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी।** जनपद में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में धांधली करके मालामाल होने वाले ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी का भ्रष्टाचार से बहुत ही पुराना गहरा नाता है वह दो बार पहले भी निलम्बित हो चुके हैं और एक बार यह जेल भी जा चुके हैं और जमानत पर बाहर आ गए हैं लेकिन गुड़ा गणित करके इन्होंने ग्राम पंचायत का चार्ज फिर ले लिया लेकिन उसके बाद भ्रष्टाचार की रकम की वसूली से नहीं हुई है अधिकारियों का कहना है कि वसूली पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है मामला धीरे-धीरे 11 वर्ष बीत गए लेकिन भ्रष्टाचार के रकम की वसूली अधिकारियों ने नहीं किया है जिससे ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी के हौसले काफी बुलन्द हैं और फिर भ्रष्टाचार करने पर यह उतारू है तीसरी बार उनके द्वारा भ्रष्टाचार का फिर कारनामा उजागर हुआ है और जिसमें अधिकारियों ने जांच के दौरान इन्हें फिर भ्रष्टाचार का दोषी माना है और इसी आरोप में तीन दिन पहले ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी को लगातार तीसरी बार फिर से निलम्बित कर दिया गया है लेकिन मुकदमा नहीं लिखाया गया है गिरफ्तारी नहीं कराई गई है और इन्हें जेल नहीं भेजा गया है फिर तीसरी बार निलम्बित किए जाने के बाद इन्हें बचाने की कवायद विभाग में शुरू हो गई है चर्चाओं पर जाएं तो इन्हें बचाने के लिए अफसर के नाम पर विभाग के लोगों द्वारा ठेका लिया जाने लगा है और तीसरी बार फिर बहाल करने की कवायद शुरू हो गई है। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में सतीश चौधरी ग्राम विकास अधिकारी पर 13 लाख रुपए गबन का आरोप लगा जांच में पुष्टि हुई जिस पर इन्हें निलम्बित किया गया मुकदमा लिखाया गया जेल भेजा गया जमानत में बाहर आए फिर चार्ज दे दिया गया और फिर वर्ष 2015 में 16 लाख गबन का आरोप लगा जांच में गबन प्रमाणित हुआ जिस पर फिर निलम्बित कर दिया गया लेकिन मुकदमा नहीं लिखाया गया है और दोबारा जेल नहीं भेजा गया और कुछ दिन बाद अधिकारियों ने फिर बहाल कर दिया निलम्बन से बहाल होते ही फिर ग्राम पंचायतों का चार्ज दे दिया गया और फिर ग्राम पंचायतो में भ्रष्टाचार शुरू हुआ चर्चाओं पर जाए तो निलम्बन और बहाली के इस खेल में भ्रष्टाचार की रकम से अधिकारी भी मालामाल होते रहे लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगता है लेकिन भाजपा की सरकार में तत्कालीन एक विधायक के दबाव में इनके ऊपर कार्यवाही करने का साहस अधिकारी नहीं कर सके वर्ष 2024 में इन पर बड़ा भ्रष्टाचार का आरोप लगा मामले की शिकायत जिला अधिकारी से हुई ईमानदार जिला अधिकारी ने मामले को गम्भीरतापूर्वक लिया और ईमानदार जिला अधिकारी के आगे विभागीय अधिकारियों की दाल नहीं गल सकी और अधिकारियों ने जांच की जांच के दौरान फिर




15 लाख रुपए घोटाले की पुष्टि हुई जिस पर 3 दिन पहले इन्हें फिरसे एक बार निलम्बित करके खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध करने का आदेश दे दिया गया है लेकिन सवाल यह उठता है कि जो बार-बार भ्रष्टाचार कर सरकारी खजाने को चपत लगा रहा है ग्राम पंचायत के विकास में वह बाधक है उसे बर्खास्त कर भ्रष्टाचार की रकम की वसूली भू राजस्व की भांति उससे क्यों नहीं कराई जाती है यह तमाम सवाल योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार पर खड़े हो गए हैं यदि सतीश चौधरी के सम्पूर्ण कार्यकाल की फिर से जांच कराई गई तो ग्राम विकास अधिकारी के साथ-साथ इन्हें संरक्षण देने वाले तत्कालीन अधिकारियों के बड़े कारनामे भी उजागर होंगे और ग्राम विकास अधिकारी के साथ-साथ तत्कालीन अधिकारियों पर भी मुकदमा दर्ज होगा और उनकी गिरफ्तारी भी होगी लेकिन क्या भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाली योगी सरकार में गुनहगारों के कारनामे उजागर हो पाएंगे या फिर एक पूर्व विधायक के दबाव में सरकारी खजाने को ग्राम विकास अधिकारी भ्रष्टाचार की चपत लगाकर इसी प्रकार बार-बार खेल खेलता रहेगा।

# प्रतिबन्धित पॉलिथीन जप्त करने पर नगर पंचायत टीम से उलझे व्यापारी, जमकर हुआ हंगामा

**स्वतंत्र प्रभात**

**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद की आदर्श नगर पंचायत अझुवा कार्यालय टीम और तहसील प्रशासन नगर पंचायत अझुवा किराना गली मण्डी में प्रतिबन्धित पॉलिथीन जप्त करने पहुंचे और जुर्माना करना शुरू किया इस दौरान व्यापारियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया जिससे पालीथीन जब्त करने पहुंची अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह और उनकी टीम को पीछे हटना पड़ा व्यापारियों और पालीथीन जब्त करने पहुंची टीम से जमकर गरमा-गर्म बहस हुई।सैकड़ों की संख्या में व्यापारी विरोध करते हुए नगर पंचायत अझुवा कार्यालय पहुंच गए और जमकर हंगामा किया व्यापारियों ने कहा दिन भर में उतनी बिक्री नहीं होती जितना एक बार में जुर्माना कर दिया जाता है आप लोग बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों में पालीथीन क्यों बनने दे रहे हैं, वहां जब्ती करण की कार्रवाई क्यों नहीं की जाती छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों का कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है जब प्रतिबन्धित पालीथीन नहीं मिलेगी तो हम व्यापारी पालीथीन नहीं बेचेंगे। अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह ने बताया शासनादेश के मुताबिक प्रतिबन्धित पालीथीन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया लेकिन दुकानदार ,व्यापारी प्रतिबन्धित पालीथीन का खुला प्रयोग कर रहे हैं सरकारी आदेशों के तहत प्रतिबन्धित पालीथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो निरन्तर चलाया जाएगा आज गुरुवार नगर पंचायत कार्यालय टीम और तहसील प्रशाशन के साथ पालीथीन जब्त करने पहुंचे। इस दौरान कुल 15 किलो प्रतिबन्धित पालीथीन 6 दुकानदारों से जब्त कर 43 हजार का जुर्माना किया गया इस अभियान में नायब तहसीलदार अतुल वर्मा, साकेत कुमार श्रीवास्तव व नगर पंचायत कार्यालय कर्मी मौजूद रहे हैं।

# डीएम कार्यालय का हिन्दू संगठनों ने घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**● - गैर कानूनी तरीके से हिन्दुओं को निशाना बना रहे लोगों के खिलाफ तेज होगी लड़ाई - वेद प्रकाश सत्यार्थी**

**हजारों की संख्या में उतरे हिन्दूवादी कार्यकर्ताओं किया प्रदर्शन**

**स्वतंत्र प्रभात**



**कौशाम्बी।** जनपद में बड़ी संख्या में हिन्दू धर्म के मानने वालों के खिलाफ जो साजिश चल रही है वह किसी भी स्तर में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चायल नगर में गोहत्या के मामले में अभी तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। बलीपुर नारा गांव में दुर्गा विसर्जन के समय पर चलाए गए पत्थर के मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इसके साथ सैयद शर्मा के मदरसे से चल रहे जिहाद धर्मांतरण पर कार्रवाई नहीं होना जिले के प्रशासनिक विफलता का द्योतक है। आज जिले में जिस तरीके से वर्ग विशेष के लोग धर्म के चलते हमलावर है वह चिंता का विषय है उक्त बातें कार्यक्रम संयोजन कर रहे हिन्दू नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कही। इस मौके को बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरीके से जिला प्रशासन इन सभी मामलों में अनदेखी कर रहा है। वह जिले में सनातन धर्म को मानने वाले में आक्रोश का कारण बन गया है। आज जिस तरीके से हजारों लोगों ने उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया है वह दिखा रहा है कि लोगों में बड़ी नाराजगी है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने अपर जिला अधिकारी प्रबुद्ध सिंह को देश के गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चायल नगर पंचायत के सरकारी कान्हा गौशाला में कई गोहत्या हुई थी क्षत विक्षत शव मिले थे। इस मामले में नगर पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों का नाम आया था ऊंची पहुंच के चलते इन पर कार्रवाई नहीं की गई सभी आरोपियों षड्यन्त्रकरियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई जाए। दूसरी मांग मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव में दुर्गा पूजन के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के दौरान वर्ग विशेष के द्वारा हिंसा में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी। चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा गांव स्थित मदरसे से विदेशी फण्डिंग के दम पर चल रहे जिले भर में धर्मान्तरण लैण्ड जिहाद लव जिहाद के साथ विदेशी शिक्षण तथा छात्रों की जांच कर अवैध कार्यों में में कार्यवाही। जिले में पुनः ईसाई मिशनरियों तथा संस्था वर्ल्ड विजन के द्वारा धर्मान्तरण चंगाई सभाओं का आयोजन कराया जा रहा है। इन पर आर्थिक लेनदेन की गतिविधियों को साथियों के साथ कार्रवाई हो जिससे इनकार पुजारी के शीर्ष पर बैठे लोगों के खिलाफ कार्रवाई। जिले भर में वर्ग विशेष के द्वारा सरकारी जमीनों तालाबों चरागाहों तथा ऊसर बंजर जमीनों पर अवैध रूप से एक षड्यन्त्र के तहत अवैध धार्मिक और व्यक्तिगत निर्माण कराया जा रहे हैं इन पर कठोर कार्रवाई किया जाय। इस मौके बोलते हुए नेता शिवम पाण्डेय ने कहा कि यदि अभी कार्रवाई नहीं होती तो 15 दिन बाद हजारों की संख्या में अनिश्चितकाल के लिए हिन्दू धरने में बैठने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से दीपक, शिवम, मुकुल, अंकित, प्रिंस, महेन्द्र, तारीफ यादव, वीरेन्द्र दिवाकर, सर्वेश पटेल, संजय पटेल, आशीष द्विवेदी, कामता प्रसाद, अर्जुन, अमर सिंह, कृष्ण, विक्रम , राजाराम, युवराज ठाकुर, नीरज, प्रीतम मौर्य,, अभिषेक राजपूत अजय राजपूत, मनदीप दिवाकर, कृष्णदत्त ओझा, मूलचन्द , राम सिंह, संदीप शुक्ला, संजय, रोहन, बबलू अजीत, टीकम, समीर चौधरी, श्यामू लोधी, नीरज मोदनवाल, विकास अग्रहरी, निहाल पाण्डेय, आकाश सोनी, वीरेन्द्र सोनी, विनोद केशरवानी, ऋषि मोदनवाल, जितेन्द्र गुप्ता, लाला पाण्डेय सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम, कौशाम्बी

**मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वत्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

**1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है-**

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0 एस0 ट 10 रहित) लाख रू0 में | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कौशाम्बी | नगर पंचायत सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानो पर नालियो को ढकने हेतु आर0सी0सी चटिया का निर्माण कार्य। | 2.98 | 29789.00 | 352.00 | 1 माह |
| 2 | | वार्ड नं0 01 तिलक नगर में श्यामलाल के घर के पीछे से सलीम के घर तक आर0सी0सी नाली का निर्माण कार्य। | 2.08 | 20787.00 | 245.00 | 1 माह |
| 3 | | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 01 से 05 तक विभिन्न स्थानो पर इण्टरलॉकिंग रोड व नाली की मरम्मत का कार्य। | 5.80 | 58002.00 | 684.00 | 2 माह |
| 4 | | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 06 से 10 तक विभिन्न स्थानो पर इण्टरलॉकिंग रोड व नाली की मरम्मत का कार्य। | 5.80 | 58002.00 | 684.00 | 2 माह |
| 5 | | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 11 से 15 तक विभिन्न स्थानो पर इण्टरलॉकिंग रोड व नाली की मरम्मत का कार्य। | 5.80 | 58002.00 | 684.00 | 2 माह |
| 6 | | वार्ड नं0 13 माता शीतला नगर में पटेल धर्मशाला से शौचालय तक इण्टरलॉकिंग व पुलिया का निर्माण कार्य। | 8.45 | 84453.00 | 997.00 | 1 माह |
| 7 | | वार्ड नं0 07 अम्बेडकर नगर में अवधेश यादव के घर से श्यामलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 8.34 | 83477.00 | 985.00 | 1 माह |
| 8 | | नगर पंचायत सीमान्तर्गत नव निर्मित कान्हा गौशाला के बाहर इण्टरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 6.31 | 63145.00 | 745.00 | 1 माह |
| 9 | | वार्ड नं0 02 सरदार बल्लभभाई पटेल नगर में आशीष साहू के घर से मंशाराम पटेल के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 2.98 | 29764.00 | 351.00 | 1 माह |
| 10 | | वार्ड नं0 09 राधाकृष्ण नगर में लालचन्द्र के घर से मिट्ठु लाल के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.72 | 37205.00 | 439.00 | 1 माह |
| 11 | | वार्ड नं0 12 डॉ अब्दुल कलाम नगर में छविनाथ गुप्ता के घर से नन्दलाल गुप्ता के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 2.78 | 27795.00 | 328.00 | 1 माह |
| 12 | | वार्ड नं0 13 माता शीतला नगर के शीतला माता मन्दिर के पास पुलिस चौकी के पास महिला शौचालय का मरम्मत कार्य। | 4.66 | 46616.00 | 550.00 | 1 माह |
| 13 | | वार्ड नं0 08 सुभाषचन्द्र बोस नगर के कमालपुर टिकरी में पंचम सरोज के घर से घनश्याम के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 6.54 | 65389.00 | 772.00 | 1 माह |
| 14 | | वार्ड नं0 07 अम्बेडकर नगर में शैलेश पाल के घर से देशराज पाल के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 2.10 | 21018.00 | 248.00 | 1 माह |
| 15 | | वार्ड नं0 04 लाल बहादुर शास्त्री नगर में भैरोबाबा मोड से तालाब तक आर0 सी0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य | 4.93 | 49317.00 | 582.00 | 1 माह |
| 16 | | वार्ड नं0 11 सन्त मलूक दास नगर में लाल मोहम्मद के घर से फारूक के घर तक दोनों तरफ आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 0.95 | 9490.00 | 112.00 | 1 माह |
| 17 | | वार्ड नं0 15 भैरोनाथ नगर में मूलचन्द्र विश्वकर्मा के घर से गोपाल के घर तक सी0सी रोड एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 6.51 | 65072.00 | 768.00 | 2 माह |

1. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि, समय व स्थान 26/10/2024, 10:00 बजे अपरान्ह से नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी में।
2. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान 16/11/2024 12:00 बजे अपरान्ह तक नगर पंचायत दारानगर कडाधाम जनपद कौशाम्बी
3. निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान 16/11/2024, 2:00 बजे सांय नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी

**नियम एवं शर्तेः-**

1. निविदा/टेण्डर के साथ उपरोक्त अंकित धरोहर धनराशि के रूप में आर0टी0जी0एस0/एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/ बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दारानगर-कडाधाम के पक्ष में बंधक हो पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा अथवा आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खाता स0-13080100021115 बैंक ऑफ बडौदा दारानगर कौशाम्बी IFSC CODE-BARBODARANA डिमाण्ड / बैंक ड्राफ्ट जो निविदा प्रपत्र के साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दारानगर-कडाधाम के पक्ष में बंधक हो, प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा/ टेण्डर पर विचार नही किया जायेग।
2. निविदादाता को निविदा प्रपत्र के धनराशि की मूल रशीद आवश्यक संलग्न करना होगा। अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. निविदादाता के फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड होने का प्रमाण पत्र की फोटो की प्रति निविदा/टेण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। हैसियत प्रमाण पत्र का सत्यापन शासनादेश सं0-तक0सेल/07/ निदे0/2019 दिनांक 29 जून, 2019 के अनुसार किया जायेगा।
5. निविदादाता को बिना कारण बताये निविदा/टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम को होगा।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय सेक्टर-7 गोमती नगर विस्तार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 टी0सी0/314/8/डी0एल0बी0/2020 दिनांक 01/01/2021 में उल्लिखित सभी शर्तो एवं नियमो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
7. निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होना अनिवार्य होगा, तथा निर्माण कार्य का आयकर व सेस एवं 2 प्रतिशत जीएसटी की धनराशि निकाय द्वारा जमा किया जाएगा।
8. निविदा स्वीकृतोपरान्त 05 दिन के अन्दर 110.00 रूपये का स्टाम्प पेपर पर ठेकेदार को अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
9. कार्य स्थल पर कार्य/परियोजना को कराये जाने से पूर्व सम्बन्धित ठेकेदार के द्वारा श्रम विभाग में पंजीयन कराना होगा व श्रम मानको का पालन करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी। श्रमिक सम्बन्धी किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी तथा कार्य स्थल पर कार्य कराये जाने के पूर्व व मध्य निर्माण कार्य/परियोजना पूर्ण हो जाने पर कार्यो की फोटोग्राफी करानी होगी तथा उक्त फोटोग्राफी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगी।
10. कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/उपजिलाधिकारी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी / जिलाधिकारी/लोक निर्माण विभाग के सक्षम प्राधिकारी को होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा बिलो का सत्यापन न कर दिया जाये।
11. समस्त विवादो का न्यायिक क्षेत्र कौशाम्बी होगा।
12. ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति/ मानवीय दुर्घटना की जिम्मेदारी ठेकेदार / फर्म की होगी। ठेकेदार कम्पनी अधिकृत विक्रेता भारत में किसी भी कारणवश ब्लैक लिस्टेड नही हुआ है का 100 रू. के स्टाम्प पेपर पर लिखित देना होगा।
13. कम्पनी/अधिकृत विक्रेता का कोई भी कागज FRAUD पाया गया तो कम्पनी/अधिकृत विक्रेता की EMD जब्त कर ली जायेगी और कम्पनी को ब्लैक लिस्टिड कर दिया जायेगा।
14. ई-टेण्डर/टेक्निकल बिड खुलने के उपरान्त समस्त अभिलेखों की जांच (शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के क्रम में) अवर अभियन्ता (तकनीकी जांच) द्वारा की जायेगी उसके पश्चात ही अग्रिम कार्यवाही होगी।
15. कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व डिस्प्ले बोर्ड जिसमें योजना का विवरण कार्य दायी संस्था कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि को सम्बन्धित फर्म को लगाना होगा।
16. निविदादताओ द्वारा जो भी निविदा डाली गयी है। उस कार्य का उनके लागत तक का अनुभव प्रमाण पत्र व कार्य के लागत तक या उससे अधिक का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दिया जायेगा।
17 . पर्यावरणीय क्लिरेन्स सम्बन्धित आपत्तियों फर्म को प्राप्त करना होगा।
18. शासनादेश सं0-11593/नौ-5-2021-142सा/2021 दिनांक 07 जनवरी 2022 के निर्देशो के अनुसार सिक्योरिटी परफार्मेस गारण्टी ली जाएगी।
19. निविदा से सम्बन्धित उक्त समस्त निर्णय लेने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम को होगा।
20. अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ के पत्र संख्या-1319/नौ-9-21-45 (ज)/21 दिनांक 30/06/2021 द्वारा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में निर्माण / विकास कार्यो के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Peocedure SOP) में निर्दिष्ट शर्तो, प्रतिबन्धों एवं दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
21. निविदादाता / फर्मदाता को आधार व पैन कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम-**
**कौशाम्बी**

# संक्षिप्त ख़बरें

## हजारीबाग की जनता को सावधान रहने की अपील - भ्रामक नेताओं से बचें - टोनी जैन



**हजारीबाग-** भारतीय जनता पार्टी के नेता और किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग के नागरिकों से अपील की है कि वे भ्रामक नेताओं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए जनता को गुमराह कर रहे हैं और बेईमानी से कमाया पैसा खर्च कर रहे हैं। जैन ने कहा कि जनता का वोट बहुत कीमती है और इसे भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को समर्थन देकर झारखंड में एक मजबूत सरकार बनाने में सहयोग देना चाहिए। टोनी जैन ने कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य और राज्य की सुरक्षा के लिए सही नेतृत्व चुनना जरूरी है।

## सदर विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का दमदार जनसंपर्क अभियान तेज, आसपा व भीम आर्मी ने मांगा ग्रामीणों का समर्थन



**हजारीबाग, झारखंड-** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के सदर विधानसभा प्रत्याशी संजय रविराज के पक्ष में शुक्रवार को भीम आर्मी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा कुमार, भीम आर्मी जिला सचिव दिलीप कुमार, आसपा के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट रोहित कुमार के साथ आसपा व भीम आर्मी के दर्जनों समर्थकों ने नवादा, सुलमी, रेनवागढा और लुपूग गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जबकि एडवोकेट कृष्णा कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी को विजयी बनाएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी सदैव लोगों की आवाज उठाती आई है और चुनाव जीतने के बाद भी जनता के मुद्दों पर पूरी निष्ठा से काम करेगी। जबकि ग्रामीण इलाकों में जनता का जोश और संजय रविराज के प्रति समर्थन से साफ जाहिर हो रहा है कि इस बार हजारीबाग में आजाद समाज पार्टी एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर कर सामने आ रही है।

## सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उनकी दुख में खड़ा रही समाजसेवी रेणु कुमारी



**हजारीबाग** -सदर प्रखंड के अंतर्गत सिंघानी पंचायत के रहने वाले बसंत कुमार महतो पिता स्वर्गीय प्रबिल महतो ने सड़क दुर्घटना में अपने जान गवा बैठे उनकी दो बेटियां पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है इसका घर में बसंत कुमार ही एक कमाने वाला व्यक्ति था जिनसे इनका परिवार चलता था जो की सड़क दुर्घटना में अपना जान गवा बैठा उसी को देखते हुए समाजसेवी रेणु कुमारी ने उन लोगों के साथ उनका दुख में खड़ा रहने का वादा किया और हर एक सुख दुख में साथ चलने की वादा की और समाज के प्रति अपना सेवा में हमेशा कार्य करने का वादा किया रेणु कुमारी सदर विधानसभा से विधायक उम्मीदवार के रूप में खड़ी थी अन्यथा उनको टिकट नहीं दिया गया उससे उनका किसी भी प्रकार का मनमुटाव नहीं रहा और वह हमेशा की तरह समाज के प्रति अपना तन मन धन लगाते हुए सबके दुखों में साथ रहती है और आने वाल भविष्य में भी रहेगी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल, तीन गंभीर रेफर

**बरकट्ठा** - बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। जिसमें तीन लोगों को रेफर किया गया है। गुरुवार 24 अक्टूबर की शाम व रात को हुई सड़क हादसे में ग्राम पेंसरा निवासी सूरज कुमार रविदास 14 वर्ष पिता गन्नू रविदास, ग्राम कपका निवासी सुमित्रा देवी 35 वर्ष पति दुलाल महतो, खूबलाल प्रसाद 42 वर्ष पिता जुगल महतो तथा ग्राम बारा छुट्टी इचाक निवासी गुड्डू कुमार सिंह 22 वर्ष पिता जागेश्वर सिंह घायल हो गये। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जबकि चिकित्सक ने सूरज कुमार, रविदास सुमित्रा देवी एवं खूबलाल प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।

# विधायक सह झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी ने अपने पक्ष मे चलाया जनसंपर्क अभियान

**● विधायक प्रो. मरांडी पर भरोसा करते हुए सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** महेशपुर के विधायक सह झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांड ने पाकुडिया प्रखंड के डोमनगड़िया, बड़ासिंहपुर, गणपुरा आदि पंचायतों मे अपने लिए कार्यकर्ताओं संग जनसम्पर्क अभियान चलाया। जनसम्पर्क अभियान चलाकर महेशपुर विधानसभा में अपने पक्ष में वोट देने के लिए ग्रामीणों से अपील किया। जनसंपर्क के क्रम में तीन पंचायत डोमनगड़िया में हारूण रशीद, नजरूल इस्लाम निगार अंसारी, बड़ासिहपुर में मुनीराम मरांडी, अली मुहम्मद, गणपुरा मे मुखिया सुशीला मरांडी के नेतृत्व मे विधायक के समक्ष बीजेपी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, महेशपुर विधायक के द्वारा क्षेत्र मे किया जा रहा विकास कार्य एवं मौजुदा झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा जनहित कार्य से प्रेरित होकर झामुमो का दामन थामा। शामिल होने वालों मे मुख्य रूप से प्रकाश यादव, प्रेम यादव, सुबोध भगत, नरेश यादव, कार्तिक लेट, बबलु सोरेन, प्रधान, रवि राय, कालीदास लोहार, मेरी टुडू, जुगीन बेसरा, कुमार सानु दास, मनेज लोहार, सारगेन किस्कू, मिठुन मिर्धा, सुशील किस्कू, टिंकू पाल, विष्णुपाल, सुलेमान मरांडी, गोपाल सोरेन, आयुब मियां, समीर मियां, सहित सैकड़ो अन्य थे। सभी को विधायक श्री मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा आज से आपसब झामुमो परिवार के सदस्य हैं। हर समय मैं आप लोगों के साथ खड़ा रहूंगा। आप सब अपने अपने पंचायत एवं बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए अपना शत प्रतिशत योगदान दें। यह चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई है और यह लड़ाई हमें हर हाल में जितनी है। झामुमो का आंदोलन का पुराना इतिहास रहा है। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को आगे भी बरकरार रखना है। आप सभी के सहयोग व मेहनत से अपने पिछले जीत के रिकश्वर्ड को तोड़ते हुए इस बार और अधिक मतों से जीता कर विधानसभा भेजने का आप सब काम करें । कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा ने किया। मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, देबीलाल हाँसदाक, मईनुद्दीन अंसारी, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, मंजर आलम, छोटू भगत, मंटू भगत, लालबाबू शेख, पंचायत अध्यक्ष / सचिव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस के सभी प्रत्याशियों का नामांकन पूर्ण, आज से चुनावी अभियान शुरू

**●बड़कागाँव से संजय मेहता समेत कुल 16 उम्मीदवार मैदान में**

स्वतंत्र प्रभात



**रांची-** झारखण्ड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) के सभी 16 प्रत्याशियों की ओर से नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। आज शनिवार से जेबीकेएसएस का चुनावी अभियान शुरू हो जाएगा। समिति की ओर से धनबाद, बड़कागाँव, कांके, हटिया, निरसा जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में शिक्षित एवं युवा उम्मीदवारों को उतारा गया है, जिस वजह से समाज का पढ़ा-लिखा एवं युवा वर्ग का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का विज़न- पढे लिखे लोगों का राजनीति में आना को लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। वहीं संजय मेहता ने भी शुक्रवार को अपना नामांकन पर्चा रामगढ़ के निर्वाचन कार्यालय में दाखिल कर दिया है। वे बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। नामांकन के पश्चात उन्होंने कहा कि बड़कागाँव उनकी कर्म भूमि है। क्षेत्र में उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। क्षेत्र की समस्याओं से वे अवगत हैं और लगातार विस्थापन, रैयातों के हक एवं अधिकार, स्थानीय लोगों को कंपनी की नौकरियों में आरक्षण, मुआवजा आदि जैसे मुद्दों पर अपनी लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव में परिवारवाद एवं वंशवाद का कब्जा है। दोनों ही बड़ी पार्टियों से एक ही परिवार के लोग राजनीतिक सुख का आनंद लेने में मशगूल हैं। जनता की समस्याओं को गौण कर दिया गया है। कथित बड़े नेता कंपनी से साँठ - गांठ कर सिर्फ अपनी जेब भरने एवं अपना राजनीतिक कद बढ़ाने में लगे हुए हैं। ऐसे में यहाँ की जनता ठगी सी महसूस कर रही है और नए चेहरे की तलाश में है। इसलिए जेबीकेएसएस को लोगों का भरपूर्ण समर्थन मिल रहा है। जनता परिवर्तन करने के लिए बेताब है।

## बरही डीह छठ घाट में छठ पूजा को लेकर बैठक संपन्न, राजसिंह चौहान अध्यक्ष व पिंटू ठाकुर बने कोषाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही डीह छठ घाट के प्रांगण में छठ पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी मुखिया समशेर आलम ने किया। छठ घाट में सफाई चलाने को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं इस दौरान शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्राचीन छठ घाट बरहीडीह के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से राजसिंह चौहान को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष विजय सिंह, पंसस जीतू ठाकुर, विनोद साव, संदीप केशरी, पंचम चंद्रवंशी, इंद्रदेव भुइयां, राजकुमार केशरी, सचिव राजवंशी सिंह, उपसचिव कृपाल राणा, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, संरक्षक मुखिया शमशेर आलम, केशवपति सिंह, रमेश ठाकुर, नागेश्वर प्रसाद केसरी, राजू राणा, लखन सिंह, कृपाल पासवान, मोती कुमार सिंह, अशोक सिंह, सीताराम सिंह, संजय साहू, रामचंद्र पांडेय, चेतलाल साव, भोली पासवान, सदस्य अमित कुमार सिंह, विक्की सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनुज सिंह, नंदन प्रसाद केसरी, पिंटू ठाकुर, किशन सिंह, मंटू सिंह, मुकेश सिंह, दीनू प्रजापति, महेश साव, राजकुमार सिंह, नागों ठाकुर, टिंकू आलम, विनय सिंह, चंद्रदेव साव, अलसल अली सहित कई लोग शामिल हैं। इस दौरान इंस्पेक्टर आभास कुमार ने दोनों समुदाय से सौहार्द बनाएं रखने की अपील की और कहा कि असामाजिक तत्व के लोगों पर पुलिस प्रशासन की नजर बनी हुई है, आम नागरिकों से सहयोग की अपील की। वहीं छठ पूजा समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। पूजा सफल बनाने को लेकर सभी से सहयोग की अपील की।

## बरही विधानसभा चुनाव में उमाशंकर अकेला का नया दांव, कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी से दाखिल किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही विधानसभा चुनाव में इस बार राजनीतिक माहौल में हलचल तब तेज हो गई जब मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने के बाद समाजवादी पार्टी का दामन थामते हुए नामांकन दाखिल कर दिया। उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और टिकट वितरण में पारदर्शिता नहीं अपनाई। उमाशंकर अकेला ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बरही निर्वाचन कार्यालय में समाजवादी पार्टी के झंडे के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र भरा। समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया और वे नारे लगाते हुए उमाशंकर का समर्थन कर रहे थे। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए उमाशंकर अकेला ने कहा कि कांग्रेस में अब केवल पैसे वालों की सुनवाई होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने टिकट वितरण में पैसे का खेल किया है और उन लोगों को प्राथमिकता दी जो आर्थिक रूप से समर्थ थे। उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर जनता और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में उनका पुराना जनसमर्थन है और इस चुनाव में जीत का भरोसा भी जताया। मुझे पता है कि बरही की जनता मेरे साथ है और वे इस बार भी अपना समर्थन प्रकट करेंगे उमाशंकर ने कहा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे उनके पिछले 45 वर्षों के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए अपना समर्थन दें ताकि क्षेत्र में विकास की गति को निरंतर बनाए रखा जा सके।

## तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति की मौत, दूसरे दिन शव निकाला गया

स्वतंत्र प्रभात

**बरकट्ठा** - बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर के ग्राम पाला में तालाब में डूब कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्राम पाला निवासी बासुदेव मांझी 52 पिता स्व चेता मांझी का शव तालाब से दूसरे दिन बाहर निकाला गया है। जानकारी हो कि बासुदेव मांझी 24 अक्टूबर की सुबह 7 बजे के करीब गांव के ही तालाब में नहाने गया था. जहां नहाने के दरम्यान गहरे पानी में चलें जाने से वह डूब गया। शाम तक घर वापस नहीं लौटने के बाद घर वालों ने खोजबीन शुरू किया। ग्रामीणों ने पूरे तालाब में झगर और टीव के सहयोग से रात तक काफी खोजबीन करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह लोगों ने बासुदेव मांझी के शव को तालाब में तैरता देख उसे बाहर निकाला। घटना कि सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष कुद्दूश अंसारी, झामुमो नेता बासुदेव महतो, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो घटना स्थल पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन

**●क्रांति किस्कु बनी मिस फ्रेशर, मिस्टर फ्रेशर का ताज आमिर फैसल को**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में शुक्रवार को सीएस एंड आईटी विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विभाग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बुके भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मौजूद प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व बताए और कहा कि जीवन को सफल जीवन में तब्दील करने का उत्तम मार्ग अनुशासन के रास्ते पर चलना है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि जीवन में सफलता का शॉर्टकट नहीं होता बल्कि लगातार सही दिशा में परिश्रम, समय का सदुपयोग और कुशल व्यवहार ही एक सफल और बेहतर इंसान बनाने के सहायक तत्व हैं। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खुशहाल जीवन के लिए शिक्षा के महत्व बताए। क्रांति किस्कु मिस फ्रेशर व आमिर फैसल मिस्टर फ्रेशर चुने गए।इस दौरान सीएस एंड आईटी विभाग के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच पर जब अल्ताफ एंड ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरू की तो कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। क्रांति, इंद्रजीत, मकसूद, अंशु व दिव्या के गायन को भी खूब सराहना मिली। वहीं राज सौरभ, कृष, ज्योति, जुनैद, अंजलि व स्वप्निल के मनमोहक नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, रविकांत, राहुल कुमार व प्रभात कुमार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन छात्र शिवम कुमार व फैजल रहमान ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन सीएस एंड आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक रविकांत कुमार ने किया।

## कांग्रेस एससी प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने बरही विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** कांग्रेस एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने मंगलवार को बरही विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर बरही की राजनीति में हलचल मचा दी है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के साथ मतभेद के चलते श्री पासवान ने यह कदम उठाया है। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और अपने इस निर्णय के पीछे की वजहों को विस्तार से साझा किया।श्री पासवान ने बताया कि उनका यह निर्णय कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ही लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी के उच्च स्तर पर यह मुद्दा उठाया था कि बरही विधानसभा से किसी स्थानीय व्यक्ति को ही पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए, जो जनता की समस्याओं को करीब से समझता हो और क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हो। यह निर्णय कांग्रेस में एक नई चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, जहां पार्टी नेतृत्व और क्षेत्रीय नेताओं के बीच संवादहीनता का मामला सामने देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के भीतर एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हुए, श्री पासवान का यह निर्णय पार्टी के लिए कई सवाल खड़े कर रहा है, विशेषकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर। श्री पासवान के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े होने से कांग्रेस के वोट बैंक पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उनके क्षेत्र में एक मजबूत जनाधार है।

## मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 विषयक की बैठक

**●अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के आधार पर निर्वाचक नियमावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तिथियों की एडीएम ने की घोषणा**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही :-** उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान विषयक बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि जो 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर, 2024 तक है, पुनरीक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है। जिसमें 29 अक्टूबर को विधानसभा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि नये नाम बढ़ाया/अपमार्जन/संशोधन दिनांक 09-10 नवम्बर, 23-24 नवम्बर को विशेष अभियान तिथियॉ, 06 जनवरी को विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सभी राजनीतिक दलों को आलेख्य प्रकाशन हो रही मतदाता सूची की एक-एक सेट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्देश्य यह है कि मान्यता प्राप्त दल द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त मतदेय स्थलों पर एक-एक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए विशेष अभियान तिथियों में सम्बन्धित मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारी के संरक्षण में मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुई त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग कर सकते है। जनपद में विधानसभावार 1256 बूथ लेवल आफिसरों की दूरभाष संख्यायुक्त सूची इस आशय से निःशुल्क उपलब्ध कराया गया कि उक्त मतदेय स्थलवार अपने-अपने दल के बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करके सूची निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

जनपद में जनगणना के आकणों के अनुसार जनसंख्या लिंगानुपात प्रति 1000 पुरूष के अनुपात 900 महिला है। जबकि मतदाता सूची में सापेक्षित 912 महिला मतदाता ही है। जेण्डर रेशियों में यह अन्तर्गत दर्शाता है कि अभी भी कुछ प्राप्त महिलाओं का नाम सूची में अंकित नही हुआ है। जनपद में नये आयु वर्ग 18-19 की जनसंख्या 76713 है। जबकि इस आयु वर्ग के मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संख्या 15721 है, जो दर्शाता है जेण्डर रेशियों एवं नये आयु वर्ग की जनसंख्या में काफी अन्तर है। अपर जिलाधिकारी ने समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील किया कि अधिक से अधिक पात्र पंजीकरण से छूटी हुई महिला मतदाताओं एवं नये आयु वर्ग 18-19 का पंजीकरण कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने पदाधिकारियों को अवगत कराया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची में निम्न निर्धारित प्रारूपों में दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। फार्म-6 जो व्यक्ति दिनांक 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर ली है और किसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत नही है, तो फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। फार्म-6 का किसी प्रवासी निर्वाचक नामावली में नाम सम्मलित किये जाने के लिए आवेदन। फार्म-7 जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गयी है या उन्होंने अपना निवास स्थान बदल दिये है, या किसी कारणों से अयोग्य हो गये है के नाम निकालने हेतु। फार्म-8 विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानान्तरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना किसी सुधार के ईपिक प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन चिन्हाकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों की सुधार हेतु फार्म-8 से आवेदन किया जा सकता है। उक्त अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति 24 वर्ष से अधिक है और अपना नाम मतदाता सूची में सम्मलित कराना चाहता है तो उनके द्वारा फार्म-8 का प्रयोग किया जायेगा। क्योकि इस आयुवर्ग के मतदाताओं का नाम पूर्व में ही किसी विधानसभा में निर्वाचन नामावली में होने की पूरी सम्मभावना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेविल एजेंट द्वारा एक बार में 10 और पूरी पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ अवधि में जमा किये जा सकते है।

01 जनवरी 2025 के आधार पर तैयार की गयी आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों को 29 अक्टूबर को आलेख्य प्रकाशन तिथि में निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा, में यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सम्मलित होने से छूट गया हो तो उसका नाम सम्मलित कराने तथा किसी की प्रविष्टी गलत विद्यमान है तो उसे फार्म भरकर अवश्य जमा कराये। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, सहायक रिटर्निंग आफिसर/उप जिलाधिकारी भदोही, तहसीलदार अजय सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, विकास सिंह, निर्वाचन स्टॉप उपस्थित रहे।

## बीडा मास्टर प्लान के खिलाफ किसानों ने धरना कर जिलाधिकारी के साथ की बैठक

**●किसानों सहित सभी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण व सभी के सहयोग व समन्वय से लागू होगा बीडा महायोजना 2041**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही :-**भदोही तहसील सभागार में बीडा के मास्टर प्लान के विरोध में किसानों ने धरना प्रदर्शन कर वहॉ पहॅुचे जिलाधिकारी विशाल सिंह को ज्ञापन दिया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आश्वस्त कराया गया कि सभी आपत्तियों के निस्तारण व सभी के सहयोग व सामजस्य से ही मास्टर प्लान लागू किया जायेगा। विदित हो कि बीडा के मास्टर प्लान जारी होने के बाद से ही लगातार आपत्तियॉ किसानों व अन्य जनमानस द्वारा दी जा रही थी। अब-तक लगभग 7100 से ज्यादा लोगों ने आपत्तियॉ दर्ज करायी है। किसानों का कहना है कि मास्टर प्लान के क्षेत्र में जाने वाली उनकी जमीनों से उन्हें नुकसान होगा। बीडा के मास्टर प्लान में भदोही एवं जौनपुर जनपद के अधिकांश गॉव सम्मलित होगे। भदोही बस्ती वासियों का कहना है कि भदोही शहर एवं आसपास का इलाका काफी सघन आबादी वाला क्षेत्र है। ऐसे में इस क्षेत्र में मास्टर प्लान न लागू करकर किसी खाली जमीन पर प्लान किया जाय।धरना पश्चात् किसानों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी विशाल सिंह व उप मुख्य कार्यपालक अनिता देवी द्वारा किसानों की बातों को गम्भीरता से सुनकर उन्हें आश्वस्त कराया गया कि आपकी सभी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण कर एवं सहयोग व सामजस्य से ही बीडा महायोजना 2041 तैयार की जायेगी। बैठक में उप जिलाधिकारी भदोही भानसिंह, श्याम मणि त्रिपाठी, तहसीलदार संजय कुमार सहित विभिन्न किसान संगठनो के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है





शीर्षक पढ़कर चौंकिए बिलकुल मत। मै आज आपसे ये फिल्मी गीत गाने या सुनने के लिए बिल्कुल कहने वाला नहीं हूँ। ये गीत तो मुझे बरबस याद आ गया जब मैंने सुना/पढ़ा कि देश के मुख्य न्यायाधीश ने 'मार्निंग वाक् 'यानि सुबह की सैर करना बंद कर दी है, क्योंकि दिल्ली की हवा अब जानलेवा हो चुकी है। मुझे जिस देश में गंगा बहती है गीत लिखने वाले कवि शैलेन्द्र की किस्मत पर गर्व है कि वे ये गीत लिखते समय आज हमारे साथ नहीं हैं,अन्यथा आज यदि यही गीत उन्हें लिखने को कहा जाता तो मुमकिन है कि वे कुछ और लिखते। बात दिल्ली की आवो-हवा की है लेकिन मुझे तो पूरे देश की आवो-हवा में जहर घुला महसूस होता है। पहले ये हवा कम से कम सांस लेने लायक तो थी, लेकिन अब दो ये दमघोंटू हो गयी है। मुख्य न्यायाधीश क्या खुद भगवान भी दिल्ली और देश की आवो-हवा में सांस नहीं ले सकते। हमारे यहां खासकर दिल्ली में प्रदूषण हवा का भी है और सियासी हवा का भी। इस प्रदूषण के लिए जिम्मेवार लोग भी हमारे अपने हैं इसलिए उनके खिलाफ न हम कुछ कर सकते हैं और न मुख्य न्यायाधीश। हमारे पास एक ही विकल्प है कि हम अपने घर में खुद को नजरबंद कर लें।

कुछ साल पहले मैं चीन गया था। वहां मैंने शंघाई और बीजिंग में भी कमोवेश यही हालात देखे थे जो आज हमारे देश की राजधानी दिल्ली में आज हैं। सीजेआई या दूसरे लोग तो अपने आपको अपने बंगलों में नजरबंद कर प्रदूषण से बच सकते हैं किन्तु वो आम आदमी कैसे अपना बचाव कर सकता है जो खुद दड़बेनुमा फ्लैटों या झुग्गियों में रहता है उसके पास तो रोज कुआ खोदने और रोज पानी पीने की मजबूरी है। उसकी जान तो उसकी हथेली पर रखी हुई। उसे हथेली लगाने वाला कौन है ? दिल्ली और देश की आवो-हवा खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत न विधायका के पास है न कार्यपालिका के पास और अब तो न्यायपालिका भी हथियार डाले हुए दिखाई दे रही है। सबके सब श्टुतमुर्गी मुद्रा में हैं। इससे जाहिर है की हमारे देश में इंसान की जिंदगी किसी कीड़े-मकोड़े की जिंदगी से ज्यादा अहम नहीं है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ किस्मत वाले हैं। उन्होंने अनौपचारिक बातचीत में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के चलते उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर जाना बंद कर दिया है। सीजेआई ने ये फैसला उनके डॉक्टर की सलाह के बाद किया है। आम आदमी को तो डाक्टर की सलाह भी मयस्सर नहीं है। आपको पता ही होगा कि दिल्ली का औसत एक्यूआई 340 पहुंच गया। सामान्य स्थिति में यह 50 के आसपास रहता है। 50 से ज्यादा एक्यूआई वाली हवा सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। 300 एक्यूआई वाली हवा बेहद खतरनाक होती है। इससे लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

जानलेवा आवो-हवा की वजह से दिल्ली के अस्पतालों में श्वास संबंधी मामलों में 30 से 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। श्वास रोग विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चे और बुजुर्ग प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। उन्होंने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने और धूल के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले एक हफ्ते से अधिक समय से 'खराब' श्रेणी में है। लेकिन कोई राजनीतिक दल,कोई सत्ता आम जनता को शुद्ध हवा मुहैया करने की गारंटी लेने या देने को राजीनहीं है। आप ने देखा ही होगा की दिल्ली में यमुना फसूकर डाल रही है। आप ये जानकर शायद चौंके कि भारत के दस सबसे बड़े शहरों में सात फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। एक विस्तृत रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में दसियों हजारों लोगों की जानें बचाने के लिए फौरन कदम उठाए जाने की जरूरत है। बड़े पैमाने पर हुए शोध के बाद वैज्ञानिकों ने कहा है कि दिल्ली समेत तमाम बड़े शहरों की जहरीली हवा लोगों के फेफड़ों को बुरी तरह प्रभावित कर रही है और आने वाले समय में स्वास्थ्य के लिए यह और बड़ा खतरा बन सकता है। देश कि अनेक संवेदनशील भारतीय वैज्ञानिकों के साथ मिलकर किए गए इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी में पीएम 2.5 माइक्रोपार्टिकल के स्तर का अध्ययन किया. यह पार्टिकल कैंसर के लिए जिम्मेदार माना गया है।

चर्चित लांसेट प्लेनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक 2008 से 2019 के बीच कम से कम 33 हजार लोगों की जान इसी पीएम 2.5 पार्टिकल के कारण गई। यह इस अवधि में इन दस शहरों में हुई कुल मौतों का 7.2 फीसदी है. वैज्ञानिकों ने इन शहरों में हुई लगभग 36 लाख मौतों का विश्लेषण किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक पीएम 2.5 पार्टिकल का प्रति घन मीटर 15 माइक्रोग्राम से ज्यादा का स्तर सेहत के लिए खतरनाक है. लेकिन भारत में यह स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रखा गया है जो डब्ल्यूएचओ की सिफारिश से चार गुना है। लेकिन भारत सरकार हो या दिल्ली सरकार या पंजाब या हरियाणा सरकार, सबके सब बेफिक्र हैं। उन्हें तो सिर्फ वोट चाहिए और सत्ता भी।

इस खतरनाक मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल या तो मौन हैं या फिर एक दूसरे के ऊपर आरोप -प्रत्यारोप लगाने में मशगूल है। समस्या का हल खोजने में किसी की दिलचस्पी नहीं है। सभी की दिलचस्पी चुनावों में है। गठबंधन करने में है। सीटें बांटने में है। जबकि मौतों के मामले में सबसे ज्यादा खतरनाक दिल्ली हो चुकी है यहां सालाना लगभग 12 हजार यानी 11.5 फीसदी लोगों की जान वायु प्रदूषण के कारण हुई। हम इस बात पर गर्व करें या शर्म की हमारी प्यारी दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। वैसे भी भारत को पिछले साल दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में से एक आंका गया था.

प्रदूषण के कारण पूरे देश में लोग मर रहे हैं।अहमदाबाद में 2,495, बेंगलुरू में 2,102, चेन्नई में 2,870, दिल्ली में 11,964, हैदराबाद में 1,597, कोलकाता में 4,678, मुंबई में 5,091, पुणे में 1,367, शिमला में 59 और वाराणसी में 831 लोगों की जान गयी। ग्वालियर जैसे मझोले शहर में प्रदूषण जानलेवा है लेकिन यहां 'महारजियत ' जिंदाबाद है। शहर की आवो-हवा को सुधारने की वजाय यहां के भाग्यविधाता भारतीय गणराज्य में 78 साल पहले विलीन हो चुके सिंधिया स्टेट के राजवंश के चिन्हों से शहर को चमकाने में लगे हुए हैं। फिर भी बकौल शैलेन्द्र हम गाते नहीं थकते की -

होठों पे सच्चाई रहती है,
जहाँ दिल में सफ़ाई रहती है,
हम उस देश के वासी हैं,
जिस देश में गंगा बहती है।।

हमारे देश में गंगा जरूर बाह रही है लेकिन उसका जल यानि गंगाजल भी जानलेवा है। गंगा अपने जीवन के लिए खुद संघर्ष कर रही है और गंगापुत्र को कुछ दिखाई या सुनाई नहीं दे रहा। हमारे भाग्यविधाता जनता की मानसिकता से वाकिफ ड्डूद्ध। उन्हें पता ही की हमारे देश की जनता तो अलग ही स्वभाव की है। वो गाते हुए नहीं थकती की-

मेहमां जो हमारा होता है,
वो जान से प्यारा होता है,
ज़्यादा की नहीं लालच हमको,
थोड़े में गुज़ारा होता है ।।

कवि शैलेन्द्र ने इंसान को पहचानने में पूरब वालों पर तंज कैसा था लेकिन उन्होंने भी माना था की पूरब वाले हर जान की कीमत जानते हैं ,लेकिन पश्चिम वालों के लिए जान की कोई कीमत है ही नहीं। किसी की जान यदि यहां 10 हजार रूपये है तो किसी की 10 लाख रूपय। कोई किस्मत वाला है तो उसके परिजनों को उसकी जान की कीमत एक करोड़ रूपये भी मिल सकती है, लेकिन 'जान की अमान 'कोई नहीं दे सकता। अब गेंद न सरकार के पीला में है और न अदलात के पाले मे। अब गेंद जनता के पीला में हा। जनता को खुद ही प्रदूषण के दैत्य के खिलाफ खड़ा होना होग। जो प्रदूषण फ़ैलाने वाले हैं उनकी गार्डन पकड़ना hog। अन्यथा शौक से मरिये, क्योंकि हम जिस देश के वासी हैं, उस देश में गंगा तो बह ही रही है।

**राकेश अचल**

# संपादकीय

## कांग्रेस को हटना ही था सपा को लड़ना ही था



अंततः उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में कांग्रेस ने पीछे हटकर समाजवादी पार्टी को समर्थन करने का फैसला कर लिया। कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश के उपचुनाव इतने महत्वपूर्ण नहीं हैं जितने कि महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव। महाराष्ट्र और झारखंड में कांग्रेस मजबूत है और उसके सहयोगी दल भी मजबूत हैं जब कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के ऊपर ही निर्भर है। और समाजवादी पार्टी भी कांग्रेस को नौ सीटों में से 3 या 4 सीट कैसे देदे जब कि 9 में से 4 तो उसी की छोड़ी हुई हैं जहां उसके विधायक थी। यह एक राजनीति का हिस्सा है जो प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए कह दिया कि हम केवल दो सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेंगे और सपा का समर्थन करेंगे। इसके बदले कांग्रेस ने सपा से बहुत कुछ ले लिया, महाराष्ट्र ले लिया। अब सपा महाराष्ट्र में अपने घोषित प्रत्याशियों को हटा लेगी और यदि इंडिया गठबंधन 2-3 सीट देता है तो उसे स्वीकार करेगी। तमाम राजनीतिक विश्लेषकों तथा वरिष्ठ पत्रकारों ने यह पहले ही घोषणा कर दी थी कि उत्तर प्रदेश में उपचुनाव में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को सीट नहीं देगी। इस पर सवाल यह उठने लगे थे कि क्या फिर यह गठबंधन टूट जाएगा तो उसका जबाब है नहीं गठबंधन नहीं टूटेगा क्योंकि इंडिया गठबंधन में जितने भी दल हैं वह सब मजबूत हैं और तय यह हुआ था कि जो जहां मजबूत है वो वहां मजबूती से चुनाव लड़ेगा। और अन्य सहयोगी दल उसका समर्थन करेंगे। महाराष्ट्र में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक जनसभा कर अपने पांच उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। दरअसल महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिव सेना उद्धव ठाकरे, एनसीपी शरद पवार मजबूत स्थिति में है और यदि समाजवादी पार्टी इस गठबंधन के इतर अपने उम्मीदवारों को खड़ा करती है तो उसके उम्मीदवार इंडिया गठबंधन को ही नुकसान पहुंचाएंगे। चूंकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा का गठबंधन है तो यह जिम्मेदारी राहुल गांधी को सौंपी गई थी कि वह सपा से बात करें कि अपने उम्मीदवारों को महाराष्ट्र में बिना गठबंधन के न उतारें।

पिछले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी यही हुआ था वहां भी समाजवादी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी लेकिन फिर बाद में कांग्रेस का समर्थन किया था। और फिर उत्तर प्रदेश में तो उपचुनाव हैं कांग्रेस चुनाव लड़े या न लड़े उसपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन यदि समाजवादी पार्टी इस उपचुनाव में जीती तो निश्चित है कि गठबंधन मजबूत होगा। उत्तर प्रदेश की बात करें तो उप चुनाव में यहां वैसे भी सीधे सीधे समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की टक्कर है। यह उपचुनाव भविष्य की राजनीति तय कर देंगे कि आगे 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में आखिर कौन सा दल सत्ता के करीब पहुंच सकता है। यदि हम बात करें बहुजन समाज पार्टी की तो अब बहुजन समाज पार्टी को नए सिरे से अपनी शुरुआत करनी होगी। क्यों कि बसपा की लगातार हार से उसका दलित वोट भी खिसका है। और वह सपा और भाजपा दोनों ओर शिफ्ट हुआ है। अभी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कफी बड़ी संख्या में दलितों ने समाजवादी पार्टी को वोट किया था। उसका कारण यह है कि सपा ने जो दलित उम्मीदवार खड़े किए उनपर दलितों ने भरोसा जताया है। इस उपचुनाव में भले ही बहुजन समाज पार्टी ने अपने आप को मजबूत करने के लिए और दलित वोटों को साधने के लिए मजबूत इरादों से मन बनाया है लेकिन उनके उम्मीदवारों को देखकर तो यही लगता है कि बसपा के पास अब जिताऊ नेता ही नहीं बचे हैं और नये नये नाम निकलकर सामने आ रहे हैं जो लगता ही नहीं है कि ये चुनाव जीतने के लिए खड़े किए गए हैं। बहुजन समाज पार्टी इस चुनाव में एक काम ही अच्छी तरह से कर पाएगी और वह है वोट काटने का काम। वैसे वर्तमान की राजनैतिक दशा में तो यह भी नहीं लग रहा है कि बहुजन समाज पार्टी किसी का नुक़सान भी कर सकती है। केवल दूसरे पे आरोप मढ़ देने से अपनी कमजोरियों को नहीं छिपाया जा सकता। मायावती का यह रिकार्ड रहा है कि ये जब भी गठबंधन करके चुनाव लड़ती हैं तो हार के बाद ये तुरंत दूसरी पार्टी पर आरोप लगाकर गठबंधन तोड़ देती हैं। खैर यदि क्षेत्रीय राजनीतिक को देखें तो भारतीय जनता पार्टी के मुक़ाबले में सपा ही दिखाई दे रही है। और इस उपचुनाव में भी सभी नौ सीटों पर भाजपा का सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों से होगा। अब इसमें कौन आगे निकलेगा यह तो परिणाम वाले दिन ही पता चल सकेगा।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# भारत और चीन का वार्तातन्त्र

**रूस के कजान शहर में ब्रिक्स (भारत, रूस, ब्राजील, चीन व दक्षिण अफ्रीका) देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना कि मौजूदा दौर युद्ध का नहीं बल्कि वार्तालाप व शान्ति का है**



रूस के कजान शहर में ब्रिक्स (भारत, रूस, ब्राजील, चीन व दक्षिण अफ्रीका) देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना कि मौजूदा दौर युद्ध का नहीं बल्कि वार्तालाप व शान्ति का है, बताता है कि भारत विभिन्न वैश्विक समस्याओं का हल केवल कूटनीतिक रास्तों से ही चाहता है। श्री मोदी ने इस क्षेत्र में आजाद भारत की सर्वविदित नीति को ही रेखांकित किया है और स्पष्ट किया है कि भारत युद्ध के जरिये हल ढूंढे जाने के पक्ष में कभी नहीं रहा है परन्तु हम देख रहे हैं कि दुनिया में एक तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में फलस्तीन व इजराइल लड़ाई में उलझे हुए हैं। श्री मोदी ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद और इसके वित्तीय पोषण का सभी देशों को एक स्वर व एक मत से विरोध करना चाहिए और किसी भी स्तर पर इस मामले में दोहरा मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। निश्चित रूप से आतंकवाद अब पूरी दुनिया के लिए एक चुनौती बन चुका है मगर अफसोस की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ अभी तक आतंकवाद की निश्चित परिभाषा नहीं गढ़ पाया है। मगर इस सम्मेलन के अवसर पर श्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी-जिनपिंग से अलग से बातचीत भी की और दोनों देशों के बीच की समस्याओं के बारे में विचार विनिमय भी किया।

सभी जानते हैं कि चीन ने साढ़े चार साल पहले पूर्वी लद्दाख के इलाके में भारतीय सीमाओं का अतिक्रमण किया था जिसे लेकर 20 जून, 2020 को इस सीमा पर चीनी फौजियों से भारतीय सैनिकों की हिंसक झड़प हुई थी और इसमें भारत के बीस सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसके बाद से चीन के साथ भारत के सम्बन्धों में भारी खटास पैदा हुई और कालान्तर में भारत को भी इस सीमा पर अपने 50 हजार फौजी तैनात करने पड़े। इसकी वजह यह थी कि चीन भारत से लगी नियन्त्रण रेखा की स्थिति बदलना चाहता था। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' तेवर अपनाते हुए चीन को सबक सिखाने के लिए आवश्यक रणनीति अपनाई और साथ ही दोनों देशों के फौजी कमांडरों के बीच बातचीत का दौर भी जारी रखा जिसके कारण साढ़े चार साल बाद चीन इस मोर्चे पर शान्ति व सौहार्द कायम करने के समझौते पर पिछले सप्ताह ही पहुंचा। इसके बाद ही कजान में दोनों देशों के शासन प्रमुखों के बीच ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर अलग से बातचीत हुई। इस बातचीत में चीनी राष्ट्रपति को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि वास्तविक नियन्त्रण रेखा पर शान्ति व भाइचारे का माहौल बनाना उनकी वरीयता है। इस बातचीत में दोनों देशों के नेताओं ने यह भी माना कि आपसी विवादों को बहुत सलीके के साथ आपसी वार्तालाप से निपटाया जाना चाहिए। चीन ने यह स्वीकार किया कि दोनों देशों के नेताओं की इस मुलाकात को पूरा विश्व बहुत ध्यान से देख रहा है। इसी से जाहिर है कि भारत की भूमिका वर्तमान विश्व राजनीति में बहुत अहम हो चुकी है।

दरअसल चीन के साथ सीमा विवाद भारत को विरासत में मिला है क्योंकि चीन अपने व भारत, तिब्बत के बीच खिंची अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा मैकमोहन लाइन को स्वीकार ही नहीं करता है। मगर 2003 में भारत द्वारा तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार कर लिये जाने के बाद स्थिति में गुणात्मक परिवर्तन आ चुका है। जिसे देखते हुए ही 2003 में ही दोनों देशों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि सीमा निर्धारित करने हेतु दोनों देशों के बीच एक उच्च स्तरीय वार्ता मंडल का गठन होगा। 2004 में डा. मनमोहन सिंह की सरकार इस मोर्चे पर आगे बढ़ी और उसने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के नेतृत्व में एक वार्ता दल का गठन किया और दूसरी तरफ चीन ने भी समकक्ष मन्त्री के नेतृत्व में वार्ता दल गठित किया। इन वार्ता दलों की डेढ़ दर्जन से अधिक बार बैठक हो चुकी है मगर नतीजा कुछ नहीं निकला है। सीमा निर्धारण के लिए गठित इन दलों के लिए भारत ने एक फार्मूला भी तैयार किया था कि जिस इलाके में जिस देश का शासन तन्त्र कायम है वह उसी का इलाका माना जायेगा। मगर हम जानते हैं कि भारत द्वारा तिब्बत को चीनी अंग स्वीकार कर लेने के बाद चीन ने सिक्किम को भारत का अंग स्वीकार कर लिया था परन्तु अरुणाचल प्रदेश (नेफा) पर अपना दावा ठोकना शुरू कर दिया था। इससे चीन की विस्तारवादी नीयत को समझा जा सकता है। चीन के बारे में यह भी प्रसिद्ध है कि वह सैनिक मानसिकता (मिलिट्री मांइडेड) वाला देश है। इसलिए उसे बातचीत की मेज तक लाना आसान काम नहीं है परन्तु भारत की विदेश नीति पं. जवाहर लाल नेहरू के समय से ही वार्ता और शान्ति की नीति रही है। अतः वार्ता के माध्यम से चीन के साथ अपने मतभेद समाप्त करना भी एक चुनौती से कम नहीं है।

चीन फिलहाल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन चुका है मगर वह भारत के सहयोग के बिना अपना रुतबा कायम नहीं रख सकता क्योंकि भारत उसका ऐसा पड़ोसी देश है जिस पर 1962 में अकारण ही उसने आक्रमण करके अपनी स्थिति को सन्देहास्पद बना लिया था वरना दुनिया की प्राचीनतम संस्कृतियों वाले इन दो देशों के बीच संघर्ष क्यों होता? जाहिर है कि चीन वर्तमान समय में भारत को दबाव में रखकर सहयोग चाहता है परन्तु भारत की नीति न तो अकड़ दिखाने की रही है और न ही किसी के दबाव में आने की। अतः भारत-चीन के बीच सीमा विवाद को हल करने के लिए जो वार्तातन्त्र गठित किया गया था उसके कार्य में तेजी आनी चाहिए। इस वार्ता तन्त्र को गति देना चीन की भी वरीयता होनी चाहिए तभी दोनों देशों की सीमाओं पर पूर्ण शान्ति व सौहार्द कायम होगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# सनातनी विचारधारा और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन

**( देश वैश्विक मार्गदर्शन के लिए सक्षम )**

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है परंतु हमें केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ा रहना होगा तब जाकर ही सनातनी संस्कृत विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति की स्वीकार्यता का संतुलन समुचित एवं यथोचित तरीके से हो पाएगा। भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत ने अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति, राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी, बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी, लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है, पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक क्यों न हो सफल हो सकती है।

**संजीव ठाकुर**

# संक्षिप्त ख़बरें

## पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ ने महिला को मार-पीट मुकदमा दर्ज

**सहजनवा/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेवड़ारतुला निवासिनी प्रतिभा सिंह पत्नी राजेश सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मनबढ़ युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 110, 115(2), 352, 351(3) मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेवड़ारतुला निवासिनी प्रतिभा सिंह पत्नी राजेश सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 अक्टूबर को मैं तरकुलहिया पोखरे के पास अपने खेत में खाद छींट रही थी तभी दिव्यांशु सिंह पुत्र दयानंद सिंह आकर पुरानी रंजिश को लेकर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारते पीटते हुए उठा कर पटक दिया जिससे मैं बेहोश हो कर जमीन पर गिर गई, जिससे मेरा दाहिना पैर फैक्चर हों गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि पीड़ित महिला प्रतिभा सिंह की तहरीर पर दिव्यांशु सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पशुओं में संतुलित पशुआहार का करे प्रयोग, डॉ बी एन त्रिपाठी



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला ब्लॉक के ग्राम सभा अबरुस मे शुक्रवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ ब्रदीनारायण त्रिपाठी ने लोगो को सम्बोधित करते हुए पशुओं के खान पान पर विस्तृत चर्चा किया। डॉ विनय कुमार मिश्रा पशु चिकित्साधिकारी नीबी दुबे ने पशुओं में होने वाली बीमारी व टीकाकरण के विषय पर विस्तृत जानकारी दिया। डॉ जियाउल सिद्दकी पशु चिकित्साधिकारी डाँडी ने विभागीय योजनाओं पर बिस्तर से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शेषनाथ रहे। इस शिविर में कुल 307 पशुओं की चिकित्सा की गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार अतुल कुमार आनंद प्रकाश यादव अतुल शाहआलम नरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हाल में युवक ने खुद को मारी गोली हुई मौत

**रूद्रपुर,देवरिया।** मदनपुर थाना क्षेत्र के नाराज युवक ने पिता की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया। जानकारी के अनुसार आयुष उर्फ छोटू सिंह पुत्र पंचम सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मोहरा थाना मदनपुर ने शुक्रवार की सुबह अपने ही पिता की लाइसेंसी राइफल लेकर खुद को कमरे में बंद कर गोली मार लिया। गोली की आवाज सुन परिजन कमरे की तरफ दौड़े जहां फाटक अंदर से बंद था। लोगों ने फाटक तोड़कर अंदर देखा तो आयुष लहूलुहान हालत में छटपटा रहा था।परिजन उसे जब तक उपचार के लिए ले जाते उसने दम तोड़ दिया। युवक का पिता सेना में जवान हैं।आयुष अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई पीयूष बाहर पढ़ाई करता है। गोली की आवाज सुन गांव के सैकड़ो लोग इकट्ठा हो गए। फिलहाल मौत का कारण क्या है अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया।इस मामले में मदनपुर थाना प्रभारी ने बताया मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया है।

## श्री गांधी विद्यालय में मानव शृंखला बना दिया शतप्रतिशत मतदान का संदेश

**मीरजापुर, कछवाँ।** आदर्श नगर पंचायत स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज खेल मैदान में शुक्रवार को मझवा विधानसभा के उप चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए श्री गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छात्रा छात्राओ ने द्वारा मानव शृंखला बनाई गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित ने किया। वहीं विघालय के छात्र छात्राओं ने विशाल मानव शृंखला का निर्माण किया। डीआईओएस ने छात्र-छात्राओं का उत्साह करते हुए बच्चों के साथ जुलूस के माध्यम से घर जाकर परिजनों एवं पास पड़ोस के लोगों को अधिक से अधिक मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

# बाजार में बेच रहे मिलावटी सामग्री, खाद्य विभाग के अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई

**● मिठाई और जूस में मिला रहे घातक सामग्री**

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** खजनी तहसील क्षेत्र में गर्मी के मौसम में दूषित व शरीर को नुकसान पहुंचाने वाली खाद्य सामग्री के बिकने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसके बाद भी खाद्य विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। खजनी तहसील में मिठाई की दुकानों पर दूषित खाद्य सामग्री के साथ सेक्रीम व खतरनाक रंग मिले बर्फ गोले, आइसक्रीम व मिलावटी जूस बिक रहे हैं। जो लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। खजनी तहसील में सभी जगह इस प्रकार की दूषित खाद्य सामग्री खुलेआम में बिक रही है। लेकिन खजनी तहसील में कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। शासन का लक्ष्य पूरा करने मे अधिकारी कभी-कभी दफ्तरों से बाहर निकलकर रस्म अदायगी कर देते हैं। जिसके तहत पूर्व में एक दो बार मिठाई की दुकानों पर नमूना भी लिए गए थे, पुरे तहसील क्षेत्र में मिठाई की दुकानों पर मिलावटी दूध व खोआ से बन रही मिठइयां और नाश्ता कॉर्नर पर बिना साफ-सफाई के लोगों की सेहत बिगड़ने वाली खाद्य वस्तुएं बनाई जा रही हैं। दूषित खानपान के कारण लोगों की सेहत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं बीच बाजार में घरेलू सिलेंडर लगाकर दुकानदार खाने की सामग्री तैयार करते हैं। दीपावली का त्यौहार आ गया है बाजारो मे मिलावटी सामग्री से बाजार सज गया है फूड इंस्पेक्टर कुम्भकर्णी निद्रा मे है। खजनी तहसील मे खजनी बाजार, उनवल, सतुआभार, भैसाबाजार, वढ़नी, सिकरीगंज, वेलघाट, मे यदि कोई नमूना लिया गया पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। क्योंकि जिन दुकानों पर सेंपल भरे गए थे, उनकी रिपोर्ट आज तक नहीं आई है। मालूम हो कि नगर में मिठाई व नाश्ता की सैकड़ा दुकानें हैं। साफ-स्वच्छ सामग्री बेचना दुकानदारों की नैतिकता पर ही निर्भर है। उक्त मामले पर मीडिया से असिस्टेंट कमिश्नर फ़ूड डॉ सुधीर सिंह ने बताया शिकायत खजनी में टीम जल्द जाएगी ,जांच किया जाएगा ।

## सूचना न देने पर धुरियापार के प्रधान एवं सचिव के वित्तीय अधिकार को रोका

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी सूचना को उपलब्ध न कराने के कारण विकास खंड उरुवा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत धुरियापार के ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगायी गयी। ग्राम पंचायत धुरियापार के निवासी राजेश जायसवाल ने 6/ 4/ 2024 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ग्राम पंचायत धुरियापार में माह मई 2021 से ग्राम पंचायत को सरकारी योजनाओं के तहत मिली धनराशि, ग्राम पंचायत के विकास कार्यो पर खर्च धनराशि, मनरेगा के मजदूरों द्वारा किया गया कार्य, कार्यवाही रजिस्टर की नकल व पारित प्रस्ताव की छाया प्रति तथा आवास एवं शौचालय के लाभार्थियों का विवरण सूचना जारी होने की तिथि तक जानकारी देने की मांग खंड विकास अधिकारी /जन सूचना अधिकारी विकासखंड उरुवा से की थी। विकासखंड उरुवा से सूचना न मिलने पर जिलाधिकारी गोरखपुर एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। इस विषय में विकासखंड उरुवा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार यादव ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश पर जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना न देने के कारण ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाई गयी है। ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना को उपलब्ध करा देने के बाद वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर लगी रोक हटा दी जाएगी।

## सी एच सी गोला पर ओपीडी में ऑनलाइन पर्चा कटना हुआ आरम्भ

**● आधार कार्ड ,मोबाइल नम्बर व मरीज का आभा आई डी होना जरूरी**

**आभा आई डी न होने पर अपने नजदीकी ए एन एम या सी एच ओ से करे सम्पर्क**

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** वन नेशन वन कार्ड के आधारको अपनाते हए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य बिभाग द्वारा आभा आई डी के माध्यम से ओ पी डी में पर्चा कटने का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को गोला तहसील मुख्यालय के बगल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर आभा आई डी ,आधारकार्ड व मोबाईल नम्बर से पहला ओ पी डी पर्चा जीविता चौधरी का आन लाइन प्राप्त हुआ। गौरतलब बात यह हैंकि ऑनलाइन पर्चा से पूरे देश के किसी भी अस्पताल में आभाआई डी से मरीज के रोगों का पूरा बिबरण प्राप्त किया जा सकता है।

अधीक्षक गोला डॉ अमरेन्द्र नाथ ठाकुर ने बताया है कि सभी लोग अपना आभा आई डी कार्ड बनवा लीजिए।जिन लोंगो का बन चुका है ठीक है।लेकिन जिनका नही बना है वह अपने नजदीकी ए एन एम व सी एच ओ से सम्पर्क कर आभा आई डी कार्ड प्राप्त कर लीजिए।

# नगर में हुए अतिक्रमण पर पुलिस का चला डंडा

स्वतंत्र प्रभात



**रुद्रपुर देवरिया।** उपनगर में आए दिन अतिक्रमण को लेकर जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है खास करके मेन मार्केट गोला वार्ड में सबसे ज्यादा अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है इस मार्ग पर इंटर कॉलेज ,पीजी कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,सब्जी मंडी सहित अन्य संस्थाएं हैं इस मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पटरियों पर भी अतिक्रमण कर दिया जाता है। जो जगह बचता है उसमें ठेला, खोमची वाले लगा करके अतिक्रमण कर देते हैं ।जिससे इस मार्ग पर भयंकर अतिक्रमण की समस्या बन जाती है । जिसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने का अभियान छेड़ दिया है। गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार पांडे, कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार उपाध्याय, उपनिरीक्षक शिवम तिवारी अपने पुलिस टीम के साथ उपनगर के मेन मार्केट में कोतवाली से लेकर के जामुन चौराहे तक नाली से बाहर पटरियों पर हुए अतिक्रमण को सख्ती के साथ हटवाया और हिदायत देते हुए कहा कि दोबारा नाली के बाहर पटरियों पर अतिक्रमण हुआ तो सारे सामान कोतवाली में ले जाकर जप्त कर कार्रवाई किया जाएगा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर के अभियान जारी रहेगा दोबारा दुकानदारों द्वारा अगर पटरिया पर अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं मुहैया- डीएम

**● जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की हुई बैठक**

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया ।** जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय की समीक्षा बैठक सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने-अपने पदेन दायित्वों का संवेदनशीलता के साथ निर्वाहन करते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए, साथ ही अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों के कार्यो पर सतत निगरानी बनाए रखे। जिलाधिकारी ने पीएचसी रामपुर कारखाना और भटनी के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अपने आर्यो में लापरवाही पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही गौरी बाजार ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ की लगातार 8 माह से अनुपस्थित होने के करण सेवा समाप्त करने की कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के आशा एवं एएनएम की समय-समय पर बैठक करते रहे एवं जिनकी कार्य की प्रगति ठीक नहीं है, कि रिपोर्ट से भी अवगत कराए। उन्होंने कहा जिन आशाओं का कार्य सही नही है, को नियमानुसार नोटिस देते हुए कार्यवाई की जाय। गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखे और सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी अपने केंद्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और निरन्तर साफ-सफाई कराते रहे। उन्होंने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति संजीदा रहने का कार्य करे और आवश्यकता अनुसार नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच/दवाएं भी दिलाए। उन्होंने आयुष्मान योजना के छूटे हुए लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा, एसीएम डॉ एसके चौधरी, एसीएमओ डॉ एचके सिन्हा, एसीएमओ डॉ अजय शाही, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम , डीसीपीएम राजेश गुप्ता, स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारीगण सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

# महराजगंज में 940 करोड़ की परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**●- विकास और विरासत का निरंतर समन्वय मिले इसके लिए लेहड़ा, चौक, सोनाड़ी मंदिर समेत पौराणिक और एतिहासिक धर्मस्थलों के विकास का कार्य किया जा रहा है- सीएम योगी आदित्यनाथ**



जनसभा को सम्बोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद के मीनी गोरक्षनगरी चौक बाजार में आयोजित कार्यक्रम में महराजगंज में 940 करोड़ की 505 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। चौक नगर पंचायत के कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि देने के साथ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब विकास का बोलबाला है। बिना भेदभाव के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। कल्याणकारी योजनाओं से लोग तरक्की की राह पर चल रहे हैं और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाना है और इसके लिए सरकारें काम कर रही हैं। इस सपने को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धनतेरस और दीपावली से ठीक पहले जनपद को 940 करोड़ 36 लाख रुपये का उपहार मिला है। उन्होंने कहा कि विकास और विरासत का निरंतर समन्वय मिले इसके लिए लेहड़ा, चौक, सोनाड़ी मंदिर समेत पौराणिक और एतिहासिक धर्मस्थलों के विकास का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है। हाईवे, स्कूल, मेडिकल कालेज, आइटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, बेसिक, पीएम श्री विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, रेलवे स्टेशन बनाने तथा उद्योग धंधे स्थापित करने के कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 940 करोड़ की परियोजना में स्टेडियम, क्रिकेट मैदान, फुटबाल आदि खेल सहित कई योजनाएं हैं। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 556 पटरी व्यापारियों को बैंक से कम ब्याज पर ऋण देकर इस योजना का लाभ दिया गया है। चौक में 3704 लोगों को आवास मिला। चार आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का भवन बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि जैसे एक ग्राम पंचायत में एक कंप्यूटर आपरेटर की तैनाती कर ग्राम सचिवालय में जन्म, मृत्यु प्रमाण सहित विभिन्न प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं ठीक उसी प्रकार नगर पंचायत पर भी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। गांव में सार्वजनिक शौचालय के संचालन के लिए एक महिला को जिम्मेदारी देकर रोजगार दिया गया। साथ ही बीसी सखी योजना के तहत गांव की 42 हजार बेटी, बहू बीसी सखी के रूप में उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही हैं। गांव में एक कन्वेशन सेंटर के अंतर्गत निर्मित भवन का यूजर चार्ज कम से कम रखते हुए एक व्यक्ति को रखरखाव के लिए रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सीएसआर फंड से दो विद्यालयों में स्मार्ट क्लब, फर्नीचर, लाइब्रेरी, खेल का मैदान आदि सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने चौक नगर पंचायत में बाबा गंभीरनाथ की प्रतिमा का भी अनावरण किया।



सीएम के जनसभा के दौरान मौजूद भीड़

इस अवसर पर महराजगंज के सांसद व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, चौक नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता देवी, जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक नवंबर से शुरू होगी धान खरीद, बनाये गए 102 क्रय केंद्र

**● एक लाख छह हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित**

**धान खरीद में छोटे किसानों को प्राथमिकता दें- जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद वर्ष 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि धान खरीद 1 नवंबर से शुरू होगी। इस वर्ष सामान्य प्रजाति के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 और ग्रेड ए प्रजाति का 2320 तय किया गया है। जनपद में एक लाख छह हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने के लिए 102 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस खरीद में छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। किसी भी अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने धान खरीद में प्रयोग होने वाले उपकरणों, जैसे इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छलना, नमी मापक यंत्र, पावर डस्टर, और पंखे आदि की उपलब्धता का सत्यापन तीन दिन में करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी क्रय केंद्रों की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से करने के लिए निर्देशित किया। जिले में खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 35, पीसीयू के 20, यूपीएसएस के 10, मंडी समिति के 3, और भारतीय खाद्य निगम के 2 केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्रों पर जूट के बोरे उपलब्ध कराए जाएं और किसी स्थिति में प्लास्टिक के बोरों का उपयोग न हो। डीएफएमओ ने जिलाधिकारी को सूचित किया कि वर्तमान में 2361 गांठ जूट के बोरे जनपद में उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल, और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता रहे।। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान का धान खरीदा जाए और क्रय के बाद 48 घंटे के भीतर पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाए।

**किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सुविधा**

जिलाधिकारी ने बताया कि क्रय केंद्र पर धान बेचने के लिए किसानों को 222.द्धष्ह्य.ह्वश्च.द्द्श1.द्वठ्ठ या मोबाइल एप 'यूपी किसान मित्र' पर पंजीकरण कराना होगा। किसान इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं, जिसके माध्यम से पंजीकरण, भूमि रकबे का सत्यापन, और भुगतान स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, किसानों की सहायता के लिए सरकार ने टोल-फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है, जिस पर वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। वर्तमान में जनपद में 498 किसान धान खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री अरुण कुमार राय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रुद्रपुर श्रुति शर्मा, एसडीएम सलेमपुर, दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, एएसडीएम अवधेश निगम, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी श्री सुलभ आनन्द सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक आयोजित

**● जनपद में मादक एवं नशीले पदार्थ के प्रयोग को रोकने के संबन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्य कक्ष में एनसीओआरडी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में मादक एवं नशीले पदार्थ के प्रयोग को रोकने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री को रोकने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आबकारी एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से झुग्गी झोपड़ी एवं समस्त संवेदनशील स्थानों पर जागरूकता अभियान भी संचालित करें और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि ऐसे समस्त कार्मिक जो किसी न किसी रूप से फील्ड कार्य से जुड़े हैं वे यदि किसी व्यक्ति को नशे के गिरफ्त में देखें तो उसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दें। जिलाधिकारी ने निदान पोर्टल का उपयोग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के विरुद्ध जन जागरूकता हेतु मुख्यतः विद्यालयों एवं कॉलेजों में कार्यक्रम संचालित किया जाए। विद्यालयों में नशा मुक्ति शपथ हस्ताक्षर अभियान नुक्कड़ नाटक निबंध प्रतियोगिता कविता आदि आयोजित कर जागरूकता फैलाई जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, जिला आबकारी अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक बन्धु की हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया ।** जिला सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यत~ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व नगर निगम से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्रों को अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागो को मामले के निस्तारण के लिये निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व सैनिकों से कहा कि कोई भी समस्या हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते है। मानद कैप्टन एस एन गुप्ता, अ0प्रा0 मानद कैप्टन जाय राम बिलास, हवलदार सत्यनारायण सिंह, सुबेदार सतीश कुमार, नायक रामकिशुन व अन्य पूर्व सैनिको ने भाग लिया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डा.) सुधाकर त्यागी, अ0प्रा0, कार्यालय के कर्मचारी ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ एवं सागर प्रसाद उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रतिष्ठानों पर कार्यरत पांच बाल श्रमिक कराये मुक्त

**मथुरा।** श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त एम.एल. पाल ने अवगत कराया कि शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के आदेशों के क्रम में मथुरा से कोसी तक हाइवे पर बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। विभाग द्वारा मारे गए छापे हाईवे पर स्थित प्रतिष्ठान स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर पांच किशोर गैर खतरनाक प्रक्रिया काम करते हुए पाए गए। जिस पर टीम के सदस्यों ने इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किए गए। इस कार्यवाही में श्रम विभाग की टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी नीलम, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से विरेंद्र, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि किशोरों से नियम विरुद्ध कार्य करने पर कानून में रुपया 10000 तक जुर्माने अथवा तीन माह तक की जेल अथवा दोनों सजा का प्राविधान है।

## हर घर जल पहुंचने के लिए जिले में बनाई जाएंगी 214 नई पानी की टंकी

**85 आंगनबाडी केन्द्रों को लर्निंग लैब के रूप में किया गया विकसित**

मथुरा। हर घर जल पहुंचाने के लिए जिले में 214 नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा। इनमें से 133 पाटी की टंकियों का निर्माण कार्य जारी है। जनपद भर में पानी की पाइप लाइन डाली जा रही हैं जिससे हर घर तक पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चौमुहां एवं मथुरा में विज्ञान लैबों का शुभारम्भ हुआ है। मिशन सुपोषण 100 के अन्तर्गत प्रथम चरण में माह जुलाई 2023 में 599 बच्चों को चिन्हित किया गया था, जिसमें 594 बच्चों को सुपोषित किया गया। द्वितीय चरण में माह जुलाई 2024 में 645 बच्चों को चयनित किया गया, जिसमें से कुल 642 बच्चों को कुपोषण मुक्त कराया गया है। जनपद में 85 आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया गया। जनपद में स्वयं सहायता समूह द्वारा ओडीओपी के अंतर्गत उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन ब्रज उदय के नाम से किया जा रहा है। उत्पादों की विक्री हेतु ताज महल के पूर्वी गेट पर अस्थाई दुकान, मण्डल के सभी प्रमुख होटलों व एंपोरियम, टीएफसी वृन्दावन तथा ई कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से विकी की जा रही है। जनपद में नमामि गंगा एवं ग्रामीण जलापूर्ति के अन्तर्गत जल जीवन मिशन हर घर जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य संपादित किये जा रहे हैं। योजना के अन्तर्गत 225 एमएलडी कच्चा जल अपर गंगा कैनाल पालरा बुलंदशहर से लिये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के लिए 214 टंकी बनाई जा रही हैं, जिसमें से 133 निर्माणाधीन हैं।

## जिलाधिकारी से समय माता मंदिर की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**ब्यूरो गोण्डा।** विकासखंड रूपईडीह के महादेव कला ग्राम पंचायत स्थित समय माता मंदिर की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर हटवाए जाने की मांग । ग्राम प्रधान अर्चना वर्मा तथा समय माता सेवा समिति के प्रबंधक विवेक मणि पाठक द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समय माता मंदिर पर बाउंड्री वॉल करवाए जाने हेतु अवैध निर्माण हटाए जाने की मांग की है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि समय माता मंदिर की अगल-बगल जमीन पर लोगों का अवैध कब्जा है जिसको प्रशासन द्वारा हटवा दिया जाए जिससे बाउंड्री वॉल कराया जा सके जिससे मंदिर आने जाने वालों ग्रामीण को दिक्कतों का सामना न करना पड़े समय माता सेवा समिति के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यह मंदिर सैकड़ो वर्ष पुराना है जिसका जीर्णोद्धार कराया जा सके जिसको लेकर सेवा समिति द्वारा जिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

## हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मोहमुद्दीन पुत्र मोरल्ली निवासी मडौरा थाना गोवर्धन, महमूद पुत्र मोरल्ली निवासी मडौरा थाना गोवर्धन तथा सत्तार पुत्र मीर खां निवासी मडौरा थाना गोवर्धन को शुक्रवार को आरोपितों के मकानों से गिरफ्तार किया गया।

# नशा मक्ति और मादक द्रव्यों के सेवन पर शिक्षा एवं जागरुकता विषय पर कार्यशाला

**● - नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त इकाई नेहरू युवा केंद्र/माय भारत सिद्धार्थनगर के तत्वाधान मे शुक्रवार को शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ मे एक कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के लोअर हाल में- "नशा मुक्ति और मादक द्रव्यों के सेवन पर शिक्षा और जागरूकता" विषय पर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-वंदना के साथ की गई द्य कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव, नशा मुक्ति उपचार केंद्र सिद्धार्थनगर से डॉक्टर चंद्र प्रकाश एवं अमित कुमार एवं शोहरतगढ़ एनवायरमेंटल सोसायटी से कलाकांत उपाध्याय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने किया द्य प्रो अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति का अर्थ है नशे की लत से छुटकारा पाना और एक स्वस्थ, खुशहाल जीवन की ओर बढ़ना। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। मादक पेय पदार्थ से मुक्ति शिक्षा एवं जागरूकता से ही संभव है। जिला युवा अधिकारी ने युवाओं में नशा संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा भारत का कर्णधार है, यदि युवा नशा जैसे विकार में



फंसता है तो भारत का विकास बाधित होगा। इसी कार्यक्रम में नशा मुक्ति कार्यशाला का प्रमाण पत्र भी 50 छात्र छात्राओं को वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 ए0 के0 सिंह ने किया एवं कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम किशोर सिंह थे। इस दौरान डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 विनोद कुमार सिंह, डॉ0 प्रवीण कुमार, अश्विनी, प्रतीक, विनोद तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अजय कुमार गुप्ता, सनूप कुमार आदि उपस्थिति रहे।

# असम के 24 जिले में असम प्रादेशिक योगी सम्मेलन की भूख हड़ताल कार्यक्रम

**● - धेमाजी में जिला आयुक्त के जरिये मुख्यमंत्री को भेजा 11 मांगो वाले ज्ञापन।**

स्वतंत्र प्रभात







**असम धेमाजी।** असम प्रदेश योगी सम्मेलन की धेमाजी जिला समिति, नाथ योगी महिला सम्मेलन, नाथ योगी स्वायत्त परिषद (सैटेलाइट) मांग समिति असम और नाथ योगी युवा परिषद के सहयोग में आज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 11 मांगो को लेकर धेमजी काचारी मैदान की आंगन में भूख हड़ताल कारिकर्म लिया। नाथ योगी (सेटेलाइट)स्वायत्त परिषदों के गठन और नाथ योगियों की आरक्षित वर्ग अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग के साथ कुल 11 मांगो को लेकर सम्मेलन इस भुख हड़ताल कारिकर्म हात में लिया है। कारिकर्म में हाथों में विभिन्न मांगों वाले प्ले कार्ड पदर्शन करते हुए दिखाई दिया।

जिला सम्मेलन की अध्यक्ष कुशल नाथ, सचिव सजल कुमार नाथ, नाथ योगी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दीपक नाथ, नाथ योगों उपग्रहिय स्वायत शासित परिषद मांग समिति के अध्यक्ष रशिक नाथ सचिव प्रणव नाथ ,नाथ योगी विकाश परिषद के जिला सदस्य संजय नाथ जिला समिति के अध्यक्ष सजल नाथ,संपादक प्रसन्न नाथ महिला सम्मेलन के अध्यक्षा पदुमि नाथ,सम्पादिका जयंति नाथ सहित जिले की गोगामुख से लेकर जोनाई तक बसे नाथ योगी समुदाय 250 से अधिक लोग कारिकर्म में शामिल हुए।

योगी सम्मेलन के जिला सचिव सजल कुमार नाथ और मांग समिति के अध्यक्ष रसिक नाथ ने संवाददाताओं को बताया कि असम के प्राचीन और स्वदेशी नाथ योगी समुदाय की 11 सूत्री मांगों को पुरी करने के लिए जिला आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को अनुष्ठान से एक ज्ञापन सौपा गया है। सरकार इन मांगो को महत्व देकर समुदाय के समस्या समाधन करे नहीं तो आनेवाले दिनों में सरकार के किलाफ़ गणतांत्रिक आंदोलन की कारिकर्म उठाने की बात की है।

# जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच के निदेशानुसार समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्ता गोपालगंज आशीष कुमार सिन्हा,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सादुल हसन, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राधाकांत, वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती वैजयंती कुमारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार की उपस्थिति में जनता दरबार में आए हुए प्रत्येक आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं को विधिवत सुना गया। अपर समाहर्ता द्वारा जनता दरबार में जमीन और रास्ता संबंधी विवाद/अतिक्रमण के आवेदनों के निस्तारण के लिए संबंधित अंचल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हजियापुर प्रखंड गोपालगंज निवासी दिव्यांग राजू मियां को को जमीन का पर्चा मिल जाने के बावजूद अभी तक दखल कब्जा नहीं होने के मामले में अंचल अधिकारी गोपालगंज मुन्ना कुमार को बुलाकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए जमीन कब्जा दिलाने का निर्देश दिया गया।

बीना देवी मौजा पूरब मीरगंज के करकटनूमा मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी हथुआ और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हथुआ को निर्देश दिया गया की व्यक्तिगत अभिरुचि लेते हुए नियम संगत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंग कुछ मामलों में अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन और जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदन भेज कर समस्या का नियम संगत निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिए गये। शेष सभी आवेदनों पर निर्देशित करते हुए लोक शिकायत निवारण कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती वैजयंती कुमारी को निर्देश दिया गया कि प्रधान सहायक को हस्तगत कराते हुए अनुपालन हेतु पंजी संधारित कराने एवं अनुपालन की निगरानी रखेंगे। वहीं जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार द्वारा पूरी टीम के माध्यम से जनता दरबार में आए हुए सभी आवेदकों का इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस तैयार कराया गया। मिलने वालों में सलमा खातून पगरा प्रखंड विजयीपुर, राजबली राम मिश्रौली प्रखंड कटेया, राजू यादव अमवा घाट भरपूरवा प्रखंड विजयीपुर, दूधनाथ साह पाखोपाली प्रखंड थावे, मंजू भारती सहडिगरी प्रखंड विजयीपुर, अनीता देवी भड्कुईया प्रखंड माझा, वीरेंद्र प्रसाद सेवा निवृत प्रधान सहायक मोहनपुर प्रखंड बरौली, सुधा देवी बड़हरा प्रखंड भोरे, मनीष कुमार सिंह खजुहट्टी प्रखंड बैकुंठपुर, राजकुमार बाजवा टोला प्रखंड कुचायकोट, धर्मात्मा शर्मा विनोद मटहीनिया प्रखंड कुचायकोट, रूपेश सिंह मंगोलपुर प्रखंड सिधवलिया, राजेश्वर महतो, सिकंदर महतो और बच्चा महतो जलालपुर प्रखंड सिधवलिया, रंजीत उपाध्याय देवापुर प्रखंड बरौली, भागमनी देवी कोईनी प्रखंड माझा, रामलाल राय माधोपुर तूरकहां प्रखंड बैकुंठपुर, ए एच सिद्दीकी गोपालगंज, राजबली राम आजमी नगर प्रखंड बैकुंठपुर, प्रशांत कुमार राजोखर नवादा प्रखंड गोपालगंज, बबन सिंह खुमारीपुर प्रखंड बैकुंठपुर आदि थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक शुरू

**● - 11 क्षेत्रों तथा 46 प्रांतों के 393 कार्यकर्ता प्रतिभाग कर रहे हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ शुक्रवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गऊ ग्राम, परखम, फरह के नवधा सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने बताया कि बैठक का समापन 26 अक्टूबर सायं 6:15 बजे होगा। साथ ही प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी लिया जाएगा। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की योजना सहित अभी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक के प्रथम दिन कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

तक किए गए कार्यों की समीक्षा और पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, 'स्व' आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को समाज में लेकर जाने पर चर्चा होगी। सभी कार्यकर्ता इसी गऊ ग्राम परिसर में निवास कर रहे हैं। बैठक में संघ रचना के सभी 11 क्षेत्रों तथा 46 प्रांतों के संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक सहित कुल 393 कार्यकर्ता प्रतिभाग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से केरल तथा पूर्वोत्तर के अरूणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा आदि प्रांतो से भी कार्यकर्ता उपस्थित हैं। बैठक में प्रांतो के विशेष कार्यों का तथा परिस्थितियों का निवेदन होगा। आगामी मार्च 2025 तक की विस्तृत योजना पर भी विचार विमर्श होगा। बैठक में संघ के पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत, माननीय सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले जी तथा सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, मुकुन्दा, अरूण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग ले रहे हैं।

# जनपद को मिले 22 ग्राम पंचायत अधिकारी

**● - मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने बांटे नियुक्ति पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के माध्यम से ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक के पदों पर चयनित हुए 600 अभ्यर्थियों को जहां लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। वहीं इस क्रम में जनपद मथुरा के लिए नियुक्त 18 ग्राम पंचायत अधिकारी एवं 4 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) आदि को कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा मथुरा की उपस्थिति में लक्ष्मीनारायण चौधरी मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश सरकार, पूरन प्रकाश विधायक बलदेव विधानसभा



ग्राम पंचायत अधिकारी, समाज कल्याण सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपते प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण।

क्षेत्र, राजेश चौधरी, विधायक मांट विधानसभा क्षेत्र, ठा. ओमप्रकाश सिंह, सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा नव नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों (समाज कल्याण को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये तथा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित जनसमूह को जानकारी प्रदान की गयी। नियुक्ति पत्र वितरण के समय किरन चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी मथुरा, नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई तथा कहा गया कि वह सभी कर्मचारी अपने क्षेत्र में जाकर के शासन की मंशा के अनुरूप एवं समाज के कल्याण एवं ग्राम पंचायतों के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

# बर्डपुर का ऐतिहासिक रामलीला मेला भरत मिलाप के साथ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर का दो दिवसीय ऐतिहासिक प्रसिद्ध रामलीला मेला भरत मिलाप के शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। अंग्रेजो के समय से ही बर्डपुर का यह मेला पूर्व विधायक एवं लोक तंत्र रक्षक सेनानी स्व. राम रेखा यादव के नेतृत्व में इस मेले का आयोजन होता था। उनके निधन के उपरांत वर्तमान समय में उनके पुत्र ओम प्रकाश यादव के व्यवस्थापन में इस मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में दूर दराज से दुकाने आती है।मेले में जिले के सहित नेपाल से भी भारी संख्या में लोग मेला देखने आते है। मेले का मुख्य आकर्शण ब्राइटी शो, सर्कस, जादू, झूले आदि खिलौने की दूकाने रहती है। साथ साथ तीन दिनों तक रामलीला का मंचन भी मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहता है। मेले के पहले दिन रामलीला मंचन में राम के चरित्र का वर्णन कलाकरों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। तत्पश्चात रावण का वध बुलडोजर से भगवान राम द्वारा किया जाता है, जो मेले का मुख्य आकर्शण का केंद्र है ।

मेले के दूसरी रात्रि गुरुवार की रात में भरत मिलाप का आयोजन किया गया । जिसमें पहली झांकी में भगवान रामचंद्र, सीता, लक्ष्मण हनुमान , दूसरी झांकी में भरत शत्रुघ्न, तीसरी झांकी में भगवान भोले शंकर, चौथी झांकी मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और शिवा की, पांचवी झांकी राधा कृष्ण की झांकी जिसमें गोपियों के साथ झूला झूल रहे थे, छठवीं झांकी में बेटी बचाओ बेटी



पढ़ाओ का संदेश देने वाला झांकी आकर्षण का केंद्र रहा है। जिसमें भारत माता के साथ महिला चिकित्सक, महिला आईपीएस, महिला आईएएस, के रूप में बच्चियां सन्देश दे रही थी। बेटिया भी किसी से कम नहीं, सातवी झांकी में महाराणाप्रताप की रही जो सन्देश दे रहे थे कि किसी भी परिस्थिति में किसी को भी झुकना नहीं चाहिए। इस दृश्य को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। झांकी परम्परागत तरीके से पूर्व विद्यायक स्व.राम रेखा यादव के आवास से निकाली गयी जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए रात में लगभग 1 बजे राम लीला मैदान में पहुँचा, जहाँ पर भरत मिलाप हुआ। लोगो को संबोधित करते हुये मेला कमेटी के व्यवस्थापक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि इस पारंपरिक में मेले को सफल बनाने में समाज के सभी वर्ग के लोगो का भरपूर सहयोग मिलता है। पूर्व की भांति भाई चारे का सन्देश देने वाला यह मेला भविष्य में भी आयोजित होता रहेगा। उन्होंने कहा क़ि हम भारतवाशी धन्य है जो श्रीराम के देश में पैदा हुए है। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार मोदनवाल,वेद प्रकाश यादव, महामंत्री जय प्रकाश गुप्ता, मैनेजमेंट सुमित यादव, उपाध्यक्ष राम प्रसाद चौरसिया, गिरधारी लाल, मंत्री अनिल कुमार उमर वैश्य, राम गोपाल, अर्जुन मद्धेशिया,सत्य प्रकाश मद्धेशिया, बलराज गुप्ता, कमलेश जायसवाल, रोहन यादव, अखिलेश जायसवाल,शाश्वत मिश्र,दीपक चौरसिया, आनंद मिश्र, सचिन उपाध्याय, आकाश मोदनवाल, हर्ष यादव सिकन्दर, मोनू, राज कुमार सहित रामलीला मेला समिति के पदाधिकारी सहित भारी संख्या मेला दार्शनिक उपस्थित रहे।

# आहोई अष्टमी: मध्यरात्रि को स्नान कर मांगी संतान की मनौती

**● - लाखों श्रद्धालु दंपतियों ने राधा कुंड में लगाई डुबकी**

स्वतंत्र प्रभात

**गोवर्धन।** अहोई अष्टमी की मध्यरात्रि को राधा कुंड में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। संतान प्राप्ति के विशेष स्नान में दूरदराज से आई लाखों मांओं ने शुभ मुहूर्त में राधा कुंड में स्नान करके अपने पुत्रों की मंगल कामना वृषभान नंदनी से की वहीं निरू संतान दम्पत्तियों ने पुत्र प्राप्त के लिए स्नान करके राधा जी से वरदान देने की प्रार्थना की। इस दौरान पूरी रात्रि भर कस्बे में राधारानी की जयकारे गूंजायमान होते रहे। अहोई अष्टमी के स्नान से पूर्व राधाकुंड के जल में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने श्री राधाकृपा कटाक्ष के 108 बार पाठ किए। उसके बाद जैसे ही घड़ी की सूई ने मध्य रात्रि के 12 बजाए राधाकुंड में श्री राधाजी के जयकारे लगाते हुए दम्पत्तियों ने डुबकी लगाई। उसके बाद पूजा अर्चना करके राधाजी से संतान की लंबी उम्र, सुख संपत्ति की प्रार्थना की, वहीं निरू संतान दम्पत्तियों ने संतान की कामना के लिए मनौती मांगी।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय राधाकुण्ड व आस पास के क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे। जहां जहां कमियां मिल रहीं थी वहां तैनात प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे। वहीं राधाकुंड की सीढ़ियों पर खड़े होकर दोनों अधिकारियों ने लाइन लगवाकर श्रद्धालुओं को स्नान के लिए जाने दिया। राधाकुंड नगर पंचायत द्वारा मेला क्षेत्र में सफाई पानी की व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी गई। खोया पाया केन्द्र निरंतर काम करता रहा। जिसके माध्यम से बिछड़ों को उनके परिजनों



राधा कुंड में स्नान के दौरान व्यवस्थाएं सम्हालते प्रशासनिक अधिकारी।

से मिलवाया। राधाकुंड पर अहोई अष्टमी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधा दर्जन स्वास्थ्य शिविर लगवाए गए। श्रद्धालुओं की सुविधार्थ पांच 108 नंबर की एंबुलेंस लगाई गई। रात्रि में इन शिविरों एवं मेला क्षेत्र में लगीं एंबुलेंस का निरीक्षण सीएमओ डा. एके वर्मा ने डा. भूदेव सिंह एवं डा. रोहताश के साथ किया और ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकीय टीम से पूछताछ की। पांच छह मरीजों 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

# नगर निगम के वार्ड 31 में दो सडकों के निर्माण को मिली मंजूरी

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन में बरसों से बदहाल वार्ड 31 के एक मुख्य सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। न केवल सुखदेव नगर वासियों के लिए बल्कि आसपास के इलाकों के लोगों, छात्र छात्राओं लिए लंबे समय से परेशानी का कारण बनीं दो सड़कों के पुनर्निर्माण की मंजूर होने पर वार्ड नं 31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यरूप से असगर कुरैशी, हाफिज हारिस कुरैशी, सानू खान, हाजी बिल्लू उस्मानी, डॉ अजीज उस्मानी, असगर शाह, चांद कुरैशी, अल्लानूर उस्मानी, रवि दिवाकर, मोहम्मद कुरैशी, बबलू उस्मानी, शौकत उस्मानी, इरफान कुरैशी, शहंशाह मलिक, यूसुफ शाह, सोहिल मलिक, युनुस शाह, साहिल मलिक, असलम हाजी, शहजाद खान, डॉ. हनीफ सिद्दीकी, मोहम्मद कुरैशी, प्यारे चौधरी, निजाम मुल्लाजी आदि उपस्थित थे।

## शिवम ठाकुर बने सामाजिक न्याय एवं बाल अधिकार संरक्षण परिषद सामाजिक न्याय एवं बाल संरक्षण के वाइस चेयरमैन।



**हरदोई बघौली** कस्बे के निवासी, राष्ट्रीय भगवा रक्षा वाहिनी संगठन के अध्यक्ष,भाजपा नेता युवाओं के जनप्रिय नेता शिवम ठाकुर को सामाजिक न्याय एवं बाल अधिकार संरक्षण परिषद का उत्तर प्रदेश वॉइस चेयरमैन , परिषद् के केंद्रीय चेयरमैन करुणेश पाण्डेय जी द्वारा नियुक्त किया गया। शिवम ठाकुर के नियुक्त होते ही उनके समर्थकों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। शिवम ठाकुर ने केंद्रीय चेयरमैन/ अध्यक्ष करुणेश पाण्डेय जी का बहुत बहुत धन्यवाद देते हुए सभी युवाओं के साथ हर तरह खड़े रहते हुए परिषद के समस्त कार्यो पर खरे उतरने का वादा किया।

